हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



वास्तुकला के देव और कलात्मक रचनाओं में सर्वश्रेष्ठ भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

**मनु भास्कर ने नीरज चौपड़ा के लिए किया पोस्ट, आशा करती हूं आपको और कामयाबी मिले...**

देश

**केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतीन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत : संजय राउत**



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 17 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 278 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 68,800 | ₹93,000 |



## आज का इतिहास

- 1950 : भारतीय राजनेता और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म हुआ।
- 2014 : भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत पहली बार दिल्ली में हुई।

## न्यूज बाइट्स

### सीएम अरविंद केजरीवाल आज दे सकते हैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफे की चर्चा के बीच सीएम केजरीवाल ने उप राज्यपाल से मंगलवार को मिलने का समय मांगा था। जिसपर एलजी कार्यालय की ओर से बताया गया कि उप राज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच मंगलवार शाम 4.30 बजे एलजी सचिवालय में बैठक होगी।

### नवोदय विद्यालयः कक्षा छठी में प्रवेश को अब 23 तक आवेदन

**पटना (नि.सं.)।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि में विस्तार किया गया है। अब अभ्यर्थी 23 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। 16 सितंबर आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित थी, जिनमें सात दिनों का विस्तार दिया गया है। इसके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी वर्तमान में कक्षा पांच में नियमित अध्ययनरत होना चाहिए। परीक्षा 18 जनवरी 2015 को आयोजित होगी।[र

### अवकाश

**विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर सोन वर्षा वाणी प्रेस एवं कार्यालय 17 सितम्बर 2024 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितम्बर 2024 को प्रकाशित होगा।**

*** प्रबंधक**

प्रधानमंत्री ने चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा

# 2030 तक 500 जीडब्ल्यू अक्षय ऊर्जा का लक्ष्य

- गुजरात 3 एमटीपीए हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य पर काम कर रहा है, जिससे यह राज्य हरित हाइड्रोजन क्रांति में सबसे आगे है।
- महात्मा मंदिर में आयोजित प्रदर्शनी में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, राज्य सरकारों और स्टार्ट-अप्स के योगदान को प्रदर्शित किया गया।



**एजेंसी | गांधीनगर (गुजरात)**

नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर जिले में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन (री-इन्वेस्ट) 2024 का उद्घाटन किया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में सरकार, उद्योग और वित्तीय क्षेत्रों के प्रभावशाली लोगों सहित 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन कुमार यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। उन्होंने 3 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के मिशन पर जोर दिया, जिससे गुजरात भारत में हरित हाइड्रोजन क्रांति में सबसे आगे आ गया। उन्होंने कहा कि आज, गुजरात राज्य हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में उभर रहा है।

री-इन्वेस्ट 2024 का मुख्य उद्देश्य 500 जीडब्ल्यू है, जो 2030 तक अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता का उल्लेखनीय विस्तार करने के भारत के रणनीतिक लक्ष्य को प्रदर्शित करता है। स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता में वैश्विक स्तर पर चौथे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है।इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में री-इन्वेस्ट 2024 आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रदर्शनी में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों, राज्य सरकारों और स्टार्ट-अप के योगदान को प्रदर्शित किया गया।

### अदाणी ग्रुप ने रिन्यूबल एनर्जी में 4.05 लाख करोड़ निवेश करने का किया वादा

अदाणी ग्रुप ने कहा कि उसने चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) 2024 के दौरान सौर, पवन और ग्रीन हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 4,05,800 करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया है। 'री-इन्वेस्ट 2024' में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को सौंपे गए शपथ पत्रों के अनुसार समूह की कंपनियों...अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) ने 2030 तक नवीकरणीय परियोजनाओं में निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 2030 तक 50 गीगावाट आरई क्षमता (वर्तमान में 11.2 गीगावाट परिचालन क्षमता) की प्रतिबद्धता जताई है। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज 10 गीगावाट का सौर विनिर्माण संयंत्र, पांच गीगावाट का पवन विनिर्माण, 10 गीगावाट का ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन और पांच गीगावाट का इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। इन निवेश से 71,100 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### वैश्विक भागीदारों की सक्रिय भागीदारी

री-इन्वेस्ट 2024 का मुख्य विषय 'मिशन 500 जीडब्ल्यू' है, जो 2030तक भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता के महत्वपूर्ण विस्तार की योजना को दर्शाता है। भारत, जो वैश्विक अक्षय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है, इस सम्मेलन के माध्यम से ऊर्जा संक्रमण में अपने वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करने का लक्ष्य रखता है। इस वर्ष के सम्मेलन में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भागीदारों में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी और नॉर्वे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे भारतीय राज्य भी इसमें भाग लेंगे। अमेरिका, यूके, बेल्जियम, यूरोपीय संघ, ओमान, यूएई, सिंगापुर और हांगकांग के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी इसमें शामिल होंगे, जिनमें से कुछ का नेतृत्व जर्मनी और डेनमार्क के मंत्री करेंगे।

नेटवर्किंग के अवसर प्रचुर मात्रा में होंगे, जिन्हें व्यवसाय-से-व्यवसाय (बी2बी), व्यवसाय-से-सरकार (बी2जी) और सरकार-से-सरकार (जी2जी) के बीच बातचीत के लिए समर्पित बी2बी डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा सुगम बनाया जाएगा। री-इन्वेस्ट का उद्घाटन संस्करण फरवरी 2015 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, इसके बाद अक्टूबर 2018 में दिल्ली एनसीआर में और नवंबर 2020 में एक वर्चुअल संस्करण आयोजित किया गया।

### गुजरात हरित ऊर्जा क्षेत्रों में अग्रणी : प्रह्लाद जोशी



केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा, भारत न केवल पांचवीं सबसे बड़ी बल्कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत स्वच्छ ऊर्जा के लिए काम कर रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, पीएम मोदी ने अक्षय ऊर्जा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके मार्गदर्शन में, गुजरात हरित ऊर्जा क्षेत्रों में अग्रणी के रूप में उभरा। भारत के प्रधान मंत्री बनने पर, उन्होंने एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए इसे एक वैश्विक मिशन बना दिया। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा, गुजरात अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा और राज्य की अक्षय ऊर्जा नीति और हरित हाइड्रोजन नीति राज्य सरकार की हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गुजरात में अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 50,000 मेगावाट से अधिक है, जिसमें अक्षय ऊर्जा राज्य की ऊर्जा क्षमता में 54 प्रतिशत का योगदान है। गुजरात सौर ऊर्जा स्थापना में देश में सबसे आगे है।

# बिजली कंपनी के अभियंताओं को दो दिन दफ्तर में रहना अनिवार्य

**निज संवाददाता | पटना**

बिजली कंपनी ने इंजीनियर सहित अन्य कर्मियों के लिए अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा है। उपभोक्ताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए कंपनी ने हर मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे से एक बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा है। सामान्य दिनों में भी कार्यालय से अनुपस्थित रहने पर वरीय अधिकारियों को अपने कनिष्ठों को जानकारी देनी होगी। कंपनी ने इन निर्देशों का हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। कंपनी ने जारी आदेश में कहा गया है कि प्रायः उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि फील्ड ड्यूटी में रहने के कारण क्षेत्रीय स्तर पर अधिकारी कार्यालय में नहीं मिलते हैं। इससे उपभोक्ताओं को समस्याओं का समाधान कराने में परेशानी होती है। कंपनी ने पत्र जारी कर कहा है कि कार्यालय अवधि सुबह 10 से शाम पांच बजे तक का है। ऐसे में अगर इंजीनियर या अन्य कर्मियों को फील्ड भ्रमण की मजबूरी हो तो वे कार्यालय वापस आने की जानकारी अपने कनिष्ठों को अनिवार्य रूप से दें। विशेष रूप से प्रशाखा स्तर से लेकर अंचल स्तर तक सभी पदाधिकारी, कर्मचारी प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे से एक बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में रहें।

कंपनी के कर्मी इस अवधि में तभी अनुपस्थित होंगे जब कोई आपात या आपदा की स्थिति आ जाए वरना उन्हें निश्चित रूप से कार्यालय में मौजूद रहना होगा। इस व्यवस्था की सूचना स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। इसके अलावा प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को लगने वाले कैम्प का भी प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है।

## राष्ट्रपति आज करेंगी जल-सप्ताह का उद्घाटन



**नयी दिल्ली(ए.)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय का यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 17 से 20 सितंबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम से समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए भागीदारी एवं सहयोग पर विचार किया जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय में सचिव देबश्री मुखर्जी ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि 8वें भारत जल सप्ताह- 2024 का विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के जल संसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ ही प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, गैर- सरकारी संगठनों और समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा विषय- स्थायी जल प्रबंधन प्राप्त करने के लिए सभी क्षेत्रों और स्तरों पर सहयोग की आवश्यकता होती है-जो एक बुनियादी सच्चाई को रेखांकित करता है।

हादसों में साजिश पर रेल मंत्री ने कहा

# एक-एक को पकड़कर करेंगे कानून के हवाले

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश की चर्चा के बीच सोमवार को रोष जताते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले एक एक अपराधी को पकड़ कर कानून के हवाले किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश होने को लेकर पहली बार ऐसी कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवालों के जवाब में कहा कि मैं उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी देता हूं। हम ऐसा करने वाले एक-एक को पकड़ेंगे, एक-एक के पीछे जाएंगे। किसी भी हालत में जो देश के दो करोड़ यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं, जिम्मेदारी के साथ उनकी सुरक्षा करेंगे। किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खेलने नहीं देंगे। हमें इतना चौकन्ना रहना है कि इस तरह के हर प्रयास को विफल कर सकें। उल्लेखनीय है कि इन दिनों रेलवे ट्रैक पर साजिश के तहत कई तरह की चीजें रखे जाने की रिपोर्टें आ रही हैं। इसे लेकर रेल मंत्री ने ऐसी साजिश रचने वालों को चेताया है।

श्री वैष्णव ने कहा आज से दस साल पहले देश में हर साल 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं लेकिन आज यह आंकड़ा घट कर 40 तक आ गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी दिन रात मेहनत करके ढांचागत बदलाव करने पर फोकस है जिससे कि दुर्घटनाओं की संख्या 40 से भी कम करें। आने वाले दिनों में हम और जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा को और सुनिश्चित करेंगे।

छठ पर घर जाने वाले यात्रियों को होने वाली दिक्कतों पर रेल मंत्री ने कहा कि जितनी भी ट्रेन चलाते हैं वो फुल हो जाती है। रेलवे की क्षमता बढ़ जाएगी। भारत हर साल स्विट्जरलैंड के रेल नेटवर्क के बराबर रेलवे ट्रैक जोड़ रहा है। करीब 7 हजार कोच हर साल बन रहे हैं। नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने पर बहुत फोकस है। आगामी 10 साल में रेलवे का आमूलचूल बदलाव हो जाएगा।

# सरस मेला कल से, 22 राज्यों के लगेंगे स्टॉल

- 130 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे, 22 राज्यों के उद्यमी होंगे शामिल




**निज संवाददाता | पटना**

पटना के ज्ञान भवन में लोक कला, संस्कृति, परंपरा, व्यंजन को बढ़ावा देने के लिए 18 सितंबर से 'बिहार सरस मेला' का आयोजन होगा। मेला 27 सितंबर तक चलेगी। उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार करेंगे। 130 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे। लोगों की एंट्री बिल्कुल फ्री रहेगी। बिहार के अलावा 22 से अधिक राज्यों के उद्यमी इसमें भाग लेंगे। उत्तराखंड, असम, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, केरल, झारखंड, मणिपुर, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश की महिला उद्यमी अपने-अपने व्यंजन और शिल्प को लेकर मेला में काउंटर लगाएंगी। मेला सुबह 10 बजे से 8 बजे तक चलेगी। साल 2018 से बिहार सरस मेला का आयोजन साल में दो बार किया जाता है। प्रथम संस्करण का आयोजन लघु सरस के रूप में सितंबर महीने में होता है। इसमें बिहार समिति से जुड़ी महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री होती है।जबकि, दूसरे संस्करण का आयोजन गांधी मैदान में होता है। यह आयोजन 15 दिनों का होता है, जिसमें लगभग सभी राज्य के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमी अपना प्रदर्शनी स्टॉल लगाती हैं।

## हर स्कूल के खाते में 50 हजार रुपये डालेगी बिहार सरकार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के हर सरकारी स्कूल के बैंक खाते में शिक्षा विभाग द्वारा 50-50 हजार रुपये की राशि जमा की जाएगी। इस राशि से स्कूलों में बल्ब, पंखें, बेंच-डेस्क, फर्श, शौचालय आदि की मरम्मत के काम किए जा सकेंगे। ताकि स्कूल में पढ़ने आने वाले बच्चों को किसी तरह की असुविधा न हो। इसके लिए सभी जिलों के डीएम को अपने-अपने क्षेत्र में स्कूलों के इस काम की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

जब तक लोग सभी कागज उपलब्ध नहीं कराएंगे, संतुष्ट नहीं हो जाऐंगें तब तक सर्वे जारी रहेगा

# जमीन सर्वे के लिए कोई डेडलाइन तय नहीं : उपमुख्यमंत्री

**निज संवाददाता | पटना**



जमीन सर्वे को लेकर लोगों में मची अफरातफरी के बीच राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। जमीन बंटवारे संबधित और अद्यतन कागजातों को लेकर अंचल कार्यालयों की दौड़ लगा रहे परेशान लोगों (रैयतों) के लिए यह राहत की खबर है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लोगों की संतुष्टि तक सरकार सर्वे जारी रखेगी। जब तक लोग अपने सभी तरह के कागजात उपलब्ध नहीं कराएंगे, सर्वे जारी रहेगा। पैनिक होने की जरूरत नहीं है। जमीन संबंधी कागजातों को सर्वे कार्यालयों में ऑनलाइन/ऑफलाइन जमा करने की कोई कट ऑफ डेट तय नहीं है। आगे भी तय नहीं होगी। सर्वे प्रदेश में जमीन विवाद खत्म करने के लिए किया जा रहा है। जमीन विवाद बढ़ाने के लिए नहीं। राज्य के लोग यह समझें, परेशान नहीं हों। दरअसल जमीन संबंधी पेचीदगियों के कारण पूरे राज्य में अभी कई तरह की फैली भ्रांतियों के कारण गांवों में तनाव है। जमीन सर्वे के हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। पहले चरण में 20 जिलों के 89 अंचलों के 4927 मौजों/गांवों में भूमि सर्वेक्षण का काम 4 साल से चल रहा है। अब राज्य के कुल 45749 मौजों में से 38211 मौजों में सर्वे शुरू हुआ है। सिर्फ शहरी, असर्वेक्षित, टोपोलैंड या विवादित 2611 मौजों में ही सर्वे बाद में होना है। बीते 3 जुलाई को जमीन सर्वे के लिए कांट्रैक्ट पर बहाल 9888 लोगों के नियोजन पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा था... मैं हाथ जोड़ता हूं। कहिए तो पैर भी छू लूं, किंतु जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो। जमीन किसकी है, यह तय नहीं है। हत्याएं होती हैं। हमने इन्हीं सब के खात्मे के लिए 2011 से सर्वे का काम शुरू कराया, ताकि तय हो जाए कि जमीन किसकी है। यह काम अब तक हो जाना चाहिए था।




## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व कर्मचारी आपरेटर का हुआ स्थानांतरण

**मानपुर।** रैयतों के कार्य में टालमटोल करना और बिचौलियों के माध्यम से नाजायज राशि का मांग करना राजस्व कर्मचारी और डाटा एंट्री आपरेटर को महंगा पड़ गया।शिकायत मिलते ही जिलाधिकारी द्वारा दोषी कर्मियों का तत्काल स्थानांतरण कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बारा गंधार,नौरंगा और भदेजा के राजस्व कर्मचारी मोनिका राणा का स्थानांतरण इमामगंज और ऑपरेटर धीरज कुमार का स्थानांतरण निमचक बथानी अंचल किया गया है। इस संबंध में एडीएम मनोज कुमार ने कहा की उक्त पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को आवेदन देकर कर्मचारी के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे। ग्रामीणों के आरोपों की जांच करवाई गई। जांच सही पाए जाने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### मानपुर में अधेड़ अज्ञात महिला का शव बरामद

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत गया -धनबाद और गया -नवादा रेल खंड के बीच स्थित गेरे गोलाई में रविवार सुबह 57वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुए। गोलाई में शव होने की सूचना जंगल में लगी आग के तरह फैल गई। बड़ी संख्या में आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी। जिसके बाद एसआई मिश्री प्रसाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान करवाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिलने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। एसआई ने कहा की प्रथमदृष्ट्या आत्म हत्या प्रतीत होता है। शव के नजदीक सलफास का खाली पैकेट और पानी का बोतल पड़ा था।आशंका जताया जा रहा है की घरेलू कलह से ऊब कर अधेड़ महिला सलफास की गोली खा कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। उन्होंने कहा की मृतक के गले में तुलसी का माला, हाथों में पीतल के दो चूड़ी है।महिला पीला ब्लाउज और आसमानी रंग की साड़ी पहनी है।जिसपर काला छाप है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा की शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में तस्वीर भेजा गया है। शव को 72 घंटो के लिए शीतगृह में रखवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही खुलासा सम्भव है।

### देसी कट्टा व गोली के साथ युवक गिरफ्तार

**बांकेबाजार।** स्थानीय पुलिस ने एक देसी कट्टा व दो गोली के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बांकेबाजार थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिंधुपुर गांव के नौकाडीह टोला पावर हाउस के पास से दुखन मांझी के 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बताया कि गिरफ्तार अपराधी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### पेंशनर समाज के अध्यक्ष का निधन, दी गई श्रद्धांजलि

**वजीरगंज।** बिहार पेंशनर समाज, वजीरगंज शाखा के अध्यक्ष राम नरेश सिंह के निधन पर रविवार को अस्पताल स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सभा में उपस्थित पेंशनर समाज के सदस्यों ने स्व. रामनरेश प्रसाद सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने पेंशनर समाज में दिए गए योगदान पर आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि इनके निधन से पेंशनर समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इनके योगदान को लोग हमेशा याद करेंगे।

### लोक जनशक्ति पार्टी रा. के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने शैलेश

**गया।** बिहार प्रदेश लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पशुराम पासवान ने जिले के अतरी प्रखंड के पुनारगांव निवासी शैलेश चौधरी को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। उन्होंने श्री चौधरी को पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा को लेकर यह जिम्मेवारी सौंपी हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने नवमनोनीत प्रदेश महासचिव को तन, मन से पार्टी की नीति एवं अपने नेता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। इधर पार्टी के प्रदेश सचिव पंकज सिंह ने शैलेश चौधरी को अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। दलित महादलित लोगों में इनकी एक अलग पहचान है, जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा। वही प्रदेश महासचिव बनने के बाद श्री चौधरी ने संगठन की मजबूती और पार्टी के विचार धारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इधर प्रदेश सचिव बिरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह मुन्ना चौधरी सहित अतरी विधानसभा के लोजपा कार्यकर्ताओं ने शैलेश चौधरी को प्रदेश महासचिव बनने पर बधाई दी है।

### विश्व गायत्री परिवार ने आयोजित किया महिला सम्मेलन

**गया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गया जी की ओर से एक दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में गायत्री परिवार की साधिका बहनें शामिल हुईं। सम्मेलन का उद्घाटन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम कुमारी, गायत्री शक्ति पीठ, गया जी के व्यवस्थापक संजय शर्मा, शांतिकुंज की वरिष्ठ कार्यकर्ता ललिता राणा, शोभा वर्णवाल व लखन प्रजापति जी ने दीप जलाकर कर किया। डॉ. राणा ने कहा कि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी की योजनाएं आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के तहत नारी जागरण, महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सामाजिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगी। और समाज में व्याप्त कुरीतियां भ्रम हत्या , दहेज प्रथा, डायन प्रथा आदि का उन्मूलन करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शांतिकुंज की प्रतिनिधि सविता कुमारी, बहन जागृति, डॉ. वीके विश्वकर्मा, मनोज सागर राणा, नीरज कुमार सिंह व गायत्री शक्तिपीठ, गया जी के तमाम कार्यकर्ता, मगध युवा प्रकोष्ठ, कन्या जागृति मंडल, बाल संस्कार शाला आदि शामिल हुए।

### पैगंबर साहब के मुए मुबारक (दाढ़ी के बाल) की होगी जियारत, निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**गया।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की 1453 वीं जयंती 16 सितंबर आज है। इस दिन फ़जर की नमाज से पहले मौलूद शरीफ व सलातो-सलाम होगी, फिर सभी के लिए दुआ की जाएगी। इसके बाद गुलामाने मुस्तफा कमेटी के बैनर तले मदीना मस्जिद से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकलेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए नवागढ़ी स्थित खानकाह में पहुंचेगी, जहां पैगंबर साहब के मुए मुबारक (दाढ़ी के बाल) की जियारत होगी। इसी दिन सूफियाना कव्वाली की महफिल सजेगी, साथ ही दिन भर भी लंगर चलेगा। बता दें कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जयंती को लेकर खानकाह में सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। हर दिन रात्रि में उनकी जीवनी पर मुकम्मल सीरत का बयान हो रहा है। रविवार की रात जलसा सिरतुन्नबी में खानकाह के सज्जादानशीं सैयद शाह शबाउद्दीन चिश्ती मोनमी ने पैगंबर साहब के फतह मक्का से जुड़ी बातें अकीदतमंदों के बीच कहीं, साथ ही बताया कि किस तरह उन्होंने वहां अमन, चैन कायम किया। दुआ के बाद निकलेगी जुलूस-ए-मोहम्मदी इधर जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर भी लगातार बैठकें हो रही है। गुलामाने मुस्तफा कमेटी के संयोजक सैयद अता फैसल ने बताया कि मोहम्मदी जुलूस इकबाल नगर स्थित मदीना मस्जिद से निकाला जाएगा। यहां छोटी से दुआ होगी, फिर जुलूस पंचायती अखाड़ा, दुःखहरणी मंदिर, जामा मस्जिद, सराय रोड, टावर चौक, कोतवाली, वजीर अली रोड, छत्ता मस्जिद, पीरमंसूर, कोईरीबारी, नादरागंज होते हु हुए नवागढ़ी स्थित खानकाह में पहुंचेगा, जहां जियारत के बाद जुलूस का समापन होगा। गया में ही शुरू हुई थी सीरत की मजलिस इस्लामिक स्कॉलर सैयद फुजैल ने बताया कि देश में पहली बार सीरत की मजलिस गया से शुरू हुई। इसके बाद धीरे-धीरे राज्य के अन्य कोनों में इसका प्रसार हुआ। उन्होंने बताया कि 1840 ई. में ख्वाजा-ए-बिहार हजरत सैयद शाह अता हुसैन फानी ने अरब व आजम का सफर किया। करीब पांच साल तक वे यहां मुकीम भी रहे। इसके बाद मुकम्मल सीरत रसूल के बयान की जरूरत को अवाम के लिए महसूस किया। हज से लौटने के बाद दानापुर खानकाह को माइग्रेट कर गया लाए, फिर रबीउल अव्वल के महीने की चांद रात से 12 रबीउल अव्वल शरीफ तक हर रात ईशा की नमाज के बाद वे स्वयं मुकम्मल सीरत का बयान फरमाते थे।

# नदी में लापता बच्चे का 13 किलोमीटर दूर मिला शव

## नालंदा में 500 मीटर की दूरी में हुआ 2 हादसा, दम्पत्ति की तलाश में SDRF की टीम

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के अस्थावां प्रखंड से होकर बहने वाली जिरायन नदी में रविवार को कर्मा पूजा के बाद चचेरे भाई के साथ मूर्ति विसर्जन करने गया किशोर नदी की तेज धार में लापता हो गया था। लापता होने के 30 घंटे बाद 13 किलोमीटर दूर जीरायन पुल के पास से शव बरामद किया गया है। मृतक किशोर अस्थावां निवासी मिथिलेश चौधरी का 15 वर्षीय पुत्र आदित्य राज है। लोगों ने बताया गया कि आदित्य राज प्रतिमा विसर्जन के उपरांत नदी के किनारे पर स्नान करने लगा। इसी बीच दोनों नदी की तेज धार में बहने लगा। यह देख आसपास के लोगों ने दारा को नदी से बाहर निकाल लिया। हालांकि इस बीच आदित्य नदी की तेज धार में लापता हो गया।

**गोताखोरों ने शव को निकालाः** लापता होने के होने के 30 घंटेब बाद ग्रामीणों को नदी में बहते शव पर नजर पड़ी। स्थानीय गोताखोरों द्वारा शव को नदी से बाहर निकाला गया। तत्काल इसकी सूचना मृतक के परिजनों और स्थानीय प्रशासन को दी गई।

**दम्पति की खोजबीन के लिए SDRF टीमः** जिरायन नदी में पहली घटनास्थल से 500 मीटर दूर रविवार को सारे थाना क्षेत्र के करकराईन गांव के पास दंपति भी पानी की तेज धार में बहकर लापता हो गए। जिनकी खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया है। सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम लापता दम्पति की खोजबीन में जुटी हुई है। करकराईन गांव निवासी विशेश्वर यादव शौच के दौरान पानी छूने नदी में गए थे। तभी उनका पैर फिसल गया और वह डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में उनकी पत्नी गौरी देवी भी नदी में कूद गई थी। जिसके बाद दोनों गहरे पानी में डूब गए और लापता हो गए। अस्थावां अंचलाधिकारी रविंद्र कुमार चौपाल ने बताया कि नदी की तेज धार में बहकर लापता हुए बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। दम्पत्ति की बारामदगी के लिए एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी हुई है। उम्मीद है की जल्द ही उन्हें भी बरामद कर लिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर अपनी नजर बनाई हुई है।

# गया-पटना के बीच चलेगी एक जोड़ी मेमू पैसेंजर

**निज संवाददाता। गया**



गया में पितृपक्ष मेला और आगामी पर्व-त्योहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे गया और पटना के बीच एक जोड़ी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03656/03655 का परिचालन करेगा। ताकि बड़ी संख्या में लंबे समय तक रेल यात्री मेमू पैसेंजर का लाभ उठा सकें। मेमू पैसेंजर स्पेशल गया और पटना से 16 सितंबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन चलेगी। पितृपक्ष मेला के दौरान विशेष रूप से इसका संचालन किया जा रहा है। ताकि पिंडदानी गया से पटना और पटना से गया तक का सफर आसानी से तय कर सकें। इस बात की जानकारी पीआरओ सरस्वती चन्द्र ने दी है।

♦ 16 नवंबर से 31 दिसंबर तक मिलेगी सुविधा, पर्व-त्योहार को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

**गया से रोज 06.15 बजे खुलेगी गाड़ीः** गाड़ी सं. 03656 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल 16 नवंबर से 31 दिसंबर तक गया से प्रतिदिन 06.15 बजे खुलकर 06.42 बजे बेला, 07.35 बजे जहानाबाद, 08.05 बजे तरेगना, 08.36 बजे पुनपुन सहित अन्य स्टेशन/हॉल्ट पर रुकते हुए 09.45 बजे पटना पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी सं. 03655 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल 16 नवंबर से 31 दिसंबर तक पटना से 10.30 बजे खुलकर 10.56 बजे पुनपुन, 11.27 बजे तरेगना, 11.58 बजे जहानाबाद, 12.46 बजे बेला सहित अन्य स्टेशन/हाल्ट पर रुकते हुए 13.40 बजे गया पहुंचेगी। ट्रेन का संचालन का समय गया से 6:15 और पटना से 10:30 बजे इसलिए रखा गया है कि गया से पटना जाने वालों की तादाद सुबह के समय अधिक होती है।

# जन समस्याओं के निदान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाया कैम्प

**निज संवाददाता। मानपुर**



विधान सभा चुनाव में काफी वक्त है। बावजूद इसके राजनीतिक दल अभी से ही रणनीति और कार्यक्रम बनाने में जुट गए है। इसी कड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुनकर नगरी पटवा टोली स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में जन समस्याओं के निदान के लिए कैम्प लगाया। शिविर का उद्घाटन करते हुए वजीरगंज विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ शशि शेखर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो खास कर महादलित गांव में सरकारी योजनाओं के क्रियावयन को लेकर काफी दिक्कत है।बड़ी संख्या में लोग वंचित हैं। उन्होंने कहा की कैम्प के माध्यम से नया राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, विधवा और वृद्धजन पेंशन का आवेदन लिया गया और ऑपरेटर के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह,सोनी कुमारी,चिंटू सिंह,अजीत कुमार सिंह,फलधारी पटवा,पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना पटवा,सूरज पटवा सहित अन्य उपस्थित थे।

# नालंदा में मुहाने नदी में डूबने से महिला की मौत, ऑटो नदी में गिरी, 3 महिलाएं घायल

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में मुहाने नदी में डूबने से एक महिला की सोमवार को मौत हो गई। मामला परबलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सतमुहवां पुल के पास की है। मृतका की पहचान परबलपुर थाना क्षेत्र के सीता बीघा गांव निवासी विशेश्वर गोप की पत्नी ललिता देवी(62) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि ललिता देवी को डॉक्टर के पास दिखाने के लिए परवलपुर बाजार आए थे। जहां ऑटो को सतमुहवां पुल के पास खड़ा कर दिया। डॉक्टर के यहां चले गए। इस बीच खड़ी ऑटो गिर कर मुहाने नदी में चला गया। ऑटो पर कुल 4 महिलाएं कंचन देवी, चंचला देवी, चंचु देवी और ललिता देवी सवार थी। जिन्हें नदी से बाहर निकाला गया। परवलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने ललिता देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। इसको उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, इस मामले में परवलपुर थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु DSP आसिफ आलम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# करंट लगने से युवक की मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में एक (20) वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब वह अपने खेत में खाद डाल रहा था। देर शाम परिजन शव को पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे।

मृतक की पहचान टुनटुन सिंह के पुत्र निरंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि निरंजन धान के खेत में खाद देने गया था। दुर्भाग्यवश, वहां पहले से ही एक 440 वोल्ट का बिजली का तार टूटकर गिरा हुआ था, जिसकी चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना का पता तब चला जब काफी देर तक निरंजन के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। उन्होंने खेत में पहुंचकर देखा कि निरंजन करंट की चपेट में आ गया है। तुरंत उसे महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पवापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मुआवजा देने की मांगः** घटना की सूचना मिलते ही पावापुरी ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए बिजली के ढांचे का नियमित रखरखाव और निरीक्षण आवश्यक है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

# बैताल में मनाया गया हिंदी दिवस



**निज संवाददाता। बांकेबाजार**

प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बैताल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के हिंदी शिक्षक दयानंद तिवारी के संचालन में हिंदी दिवस मनाने के पश्चात छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हिंदी अत्यंत सरल व मधुर भाषा है। भारत के सभी लोगों को हिंदी से आत्मीयता रखनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सीआरसी स्तर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मध्य विद्यालय, बैताल, मध्य विद्यालय, नवादा, मध्य विद्यालय, लेम्बोईया तथा मध्य विद्यालय, सगडीहा के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, नवादा के छात्र निशांत कुमार ने प्रथम, मध्य विद्यालय, बैताल की सुप्रिया कुमारी ने द्वितीय तथा मध्य विद्यालय, लेम्बोइया की राहत प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, लेम्बोइया की वीणा कुमारी प्रथम, मध्य विद्यालय, बैताल की अंशु कुमारी द्वितीय तथा विशाल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, नवादा के मनीष कुमार ने प्रथम, मध्य विद्यालय, बैताल की खुशी कुमारी ने द्वितीय एवं मध्य विद्यालय, लेम्बोइया की आईसा प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे के अक्टूबर 2024 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

**सं.: एस.4/एस/डीएपी/2024-25, दिनांक: 13.09.2024. मुख्य सामग्री प्रबंधक/प्रशासन,** पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा अक्टूबर-2024 महीने के लिए नीचे उल्लेखित ई-नीलामी कार्यक्रम आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. | डिपो/मंडल | क्षेत्राधिकार | तारीख | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेलूड़ डिपो | बेलूड़ डिपो, हावड़ा एवं आसनसोल मंडल | 08.10.2024 | 14.10.2024 | 21.10.2024 | 30.10.2024 |
| 2. | हालीशहर डिपो | हालीशहर डिपो एवं सियालदह मंडल | 07.10.2024 | 18.10.2024 | 23.10.2024 | 29.10.2024 |
| 3. | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो एवं मालदा मंडल | 04.10.2024 | 15.10.2024 | 22.10.2024 | 28.10.2024 |
| 4. | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 01.10.2024 | 08.10.2024 | 22.10.2024 | 28.10.2024 |
| 5. | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 07.10.2024 | 14.10.2024 | 23.10.2024 | 30.10.2024 |
| 6. | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 04.10.2024 | 09.10.2024 | 21.10.2024 | 29.10.2024 |
| 7. | मालदा मंडल | मालदा मंडल | 03.10.2024 | 15.10.2024 | 21.10.2024 | - |

(STORES-41/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.09.2024;** मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-147-24-25; कार्य का नामः** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/अलीपुर के अधीन घोलसापुर रेलवे कॉलोनी में 36 (छत्तीस) महीने के लिए स्वीमिंग पूल के पानी, डाइविंग पूल, बैलेंसिंग टैंक, फिल्टरेशन प्लांटों, ऑयरन रिमूवल प्लांटों के रखरखाव एवं संचालन के साथ फिटकरी, क्लोरिन ग्रेनुअल इत्यादि जैसे आवश्यक (सामग्रियों) रसायनों की आपूर्ति। **निविदा मूल्यः** रु. 91,47,216; **ईएमडीः** रु. 1,83,000; **कार्य समापन अवधिः** 36 महीने; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 09.10.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 09.10.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे है। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-190/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**आरएफक्यू सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3319-आरएफक्यू-आर, दिनांक 13.09.2024;** मंडल विद्युत प्रबंधक/जनरल, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा मैनुअल निविदा में यथा उल्लेखित निर्धारित प्रारूप में नीचे उल्लेखित कार्य के लिए समुचित अनुभव, क्षमता एवं अपेक्षित प्रतिष्ठान रखने वाले प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों से मैनुअल निविदा के माध्यम से योग्यता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) आमंत्रित किए जाते हैं: **कार्य का नामः** डानकुनी 132 केवी/25केवी, 1 फेज, 50 एचजेड टीएसएस तथा संबद्ध क्षेत्र में पीपीपी मॉडल के अधीन सीधे 25 केवी, 1 फेज, 50 एचजेड ट्रैक्शन ओएचई तक सौर ऊर्जा प्रवेश कराने के लिए 2000 केडब्ल्यूपी ग्रिड कनेक्टेड शेड टॉप/वाटर बॉडी सोलर फोटोवोल्टेइक पावर प्लांट की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने के साथ वारंटी, संचालन एवं रखरखाव। **कार्य की अनुमानित लागतः** पीपीपी प्रारूप, बोलीदाताओं द्वारा कोट की जानी चाहिए; **कार्य समापन अवधिः** जैसा कि आरएफक्यू में उल्लेखित है। **आरएफक्यू दस्तावेज की कीमतः** रु. 10,000/- (रुपये दस हजार) मात्र एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में (भारतीय स्टेट बैंक, बैंक खाता नं. 30605498212, आईएफएससी एसबीआईएन0000001; सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक खाता नं. 3006295815, आईएफएससी सीबीआईएन0280102) एनईएफटी/आरटीजीएस हस्तांतरण के जरिए के जरिए जमा की जानी चाहिए। **आरएफक्यू की विज्ञापन अवधिः** 23.09.2024 से 08.11.2024 तक (अपराह्न 2.00 बजे तक)। **निविदा पेटीः** निविदा पेटी सीनि. डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। **आरएफक्यू बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** 08.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** आरएफक्यू सीनि. डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे के कार्यालय में दिनांक 08.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे खोले जाएंगे। **वेबसाइट का विवरण जहां से आरएफक्यू डाउनलोड किया जा सकता है:** आरएफक्यू दस्तावेज वेबसाइट **http://www.er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। **पात्रता के मानदंडः** तकनीकी क्षमताः आरएफक्यू के अनुसार। वित्तीय क्षमताः आरएफक्यू के अनुसार। स्टार्टअपों के लिए पात्रता के मानदंड में छूटः स्टार्टअप फर्मों (औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मान्यताप्राप्त) को रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2012/सीई-1/सीटी/ओ/5, दिनांक 24.04.2019 तथा रेलवे बोर्ड के पत्रांक सं. 2012/सीई-1/सीटी/ओ/5, दिनांक 01.06.2020 अथवा नवीनतम संशोधन के अनुसार छूट/सुविधा प्रदान की जाएगी। **(1)** आरएफक्यू बिक्री अवधि के दौरान आरएफक्यू वेबसाइट **http://www.er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा तथा उसे डाउनलोड किया जा सकता है तथा प्रस्ताव जमा करने के लिए आरएफक्यू के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। आवेदक जो रेलवे की वेबसाइट से आरएफक्यू दस्तावेज डाउनलोड करते हैं उन्हें आवेदन पूर्व बैठक में शामिल होने वाले अपने प्रतिनिधियों के जरिए आरएफक्यू प्रक्रिया की लागत के रूप में ऊपर निर्दिष्ट रकम एफए एंड सीएओ/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा। **(2)** निर्धारित तारीख एवं समय के उपरांत प्राप्त आरएफक्यू तत्काल रद्द दिया जाएगा। इस कार्यालय में निर्धारित समय को अथवा उससे पहले सिर्फ हाथों-हाथ प्राप्त आरएफक्यू को संलग्न करने से पहले निविदा में डाल दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए आरएफक्यू में बदलाव तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। **(3)** आरएफक्यू मुहरबंद लिफाफे में होने चाहिए/जमा किया जाना चाहिए एवं उसके आवरण पर कार्य का नाम, आरएफक्यू सूचना सं., आवेदक का नाम एवं पता तथा आवेदन की नियत तारीख लिखा होना चाहिए। **(4)** इंटरनेट से डाउनलोड किए गए आरएफक्यू तथा कार्यालय में उपलब्ध मॉस्टर कॉपी के बीच किसी भी विवरण के मामले में चाहे किसी भी कारणवश डाउनलोडिंग की सुविधा में किसी भी तरह की विलम्बता/कठिनाई/अगम्यता के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा, मॉस्टर कॉपी मान्य होगी तथा निविदा के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **(5)** आरएफक्यू के बारे में सभी विवरण तथा अन्य ब्यौरा यानी अनुशंसापत्र, लाइसेंस इत्यादि निविदाओं की तकनीकी उपयुक्तता के साथ साथ वित्तीय उपयुक्तता के लिए अनुरोध के लिए सीनि डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डंग, हावड़ा-711101 के कार्यालय से सम्पर्क करें। **(HWH-291/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## न्यूज बाइट्स

### रजौली समेकित जांच चौकी पर शराब के नशे में 21 शराबी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)** । थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 21 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी के द्वारा किया जा रहा है। रविवार की रात्रि से लेकर सोमवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान में झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 21 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार सोमवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

### भलुआही में मकान पर गिरा पीपल का पेड़, पहुंचा नुकसान

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव में सोमवार को रुक रुककर हो रही बारिश एवं तेज हवा चलने के कारण दो मकान पर पीपल का पेड़ गिर पड़ा। जिससे गृह स्वामी को भारी नुक़सान पहुंचा है। हालांकि घटना में जानमाल को किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुंचा है। बताया जाता है कि सोमवार को बारिश एवं तेज हवा चलने के कारण भलुआही गांव में कवल राम पिता लुखड़ी राम तथा सर्जन राम पिता सिंघेश्वर राम के मकान अचानक ही पीपल का पेड़ गिर पड़ा। जिससे मकान को भारी नुक़सान पहुंचा है। गनीमत रही कि किसी की जान माल की क्षति नहीं हुई है। बताया जाता है कि मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने से गृहस्वामी को इस बरसात के मौसम में रहने की समस्या खड़ी हो गई है। गृह स्वामी ने पंचायत के मुखिया को इसकी सूचना देते हुए सहायता पहुंचाने की मांग की है।

### पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर निकाला गया भव्य जुलूस

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। इस्लाम के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर प्रखण्ड में ईद-मिलादुन्नबी का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने प्रखण्ड में मोहम्मदी जुलूस निकालकर खुदा से अमन-चैन की दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक-दूसरे को मिलादुन्नबी की बधाई दी। पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर प्रखण्ड में जोगाचक गांव से जुलूस निकाला गया। इस दौरान कौआकोल प्रखण्ड क्षेत्र एवं इसके आस-पास सरौनी, टिकोडीह, बिझो, सोखोदेवरा, पहाड़पुर सहित कई गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में शिरकत कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा हजरत मुहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलने की अपील की। जुलूस में सैकड़ों युवा, महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जुलूस जोगाचक से निकलकर कौआकोल बाजार होते हुए ब्लॉक मोड़ से बिझो गांव पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां समाज के धर्मगुरुओं ने लोगों को इस्लाम धर्म के बारे में बताया और अमन के साथ रहने की अपील की। इस मौके पर लोगों में शांति एवं आपसी मिल्लत बढ़ाने तथा बुराई को त्याग कर अच्छाई को अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। जुलूस में मोहम्मद आशिक अली, मुजफ्फर अंसारी, रफीक मियां, महमूद आलम वारसी, अख्तर, मोहम्मद शहनवाज आलम, नसीम, इकबाल, मनौवर हुसैन, मखदूम इस्लाम, कौशर, रेयाजुद्दीन, शमीम अख्तर आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। वहीं प्रखण्ड के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य गांवों में भी जयंती को लेकर उत्साह देखा गया।

### हाजीपुर मुख्यालय में हिंदी दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों ने भी मां सरस्वती के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सिंह ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं और अपने संदेश में कहा कि भारतीय संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया, और तब से हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने महात्मा गांधी के उस कथन का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'कोई भी देश तब तक सच्चे अर्थों में स्वतंत्र नहीं हो सकता जब तक वह अपनी भाषा में नहीं बोलता। श्री सिंह ने जोर दिया कि हिंदी न केवल भारत की स्वतंत्रता संग्राम की भाषा थी, बल्कि आज भी यह देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महाप्रबंधक ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी की लड़ाई किसी अन्य भाषा के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह भाषा भारतीय संस्कृति को एकजुट करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार में हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि इसे हर क्षेत्र में व्यापक रूप से अपनाया जा सके। मुख्य राजभाषा अधिकारी और प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि मुख्यालय में 2 सितंबर से 25 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न हिंदी कार्यशालाओं, निबंध लेखन, वाद-विवाद और हिंदी क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मंडलों में भी उत्साहपूर्वक हिंदी सप्ताह और पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' नामक राजभाषा बुलेटिन का विमोचन किया। हिंदी दिवस का मुख्य आकर्षण 'हिंदी के प्रचार-प्रसार में भारतीय रेल का योगदान' विषय पर एक विचार गोष्ठी रही। इस गोष्ठी में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. के. के. कृष्ण और डॉ. संजय पंकज ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. के. के. कृष्ण ने हिंदी के प्रति पूर्व मध्य रेल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी का प्रसार इस क्षेत्र में निरंतर हो रहा है और यह भाषा अब विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं, डॉ. संजय पंकज ने भारतीय रेल के हिंदी प्रचार में योगदान पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तेज हवा से कई पेड़ धराशायी, बिजली आपूर्ति बाधित

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की अहले सुबह से ही तेज हवा चलने के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गये। जिससे बिजली आपूर्त्ति बाधित हो गयी। नौहट्टा में खादी भंडार के पास एक बड़ा पेड़ उखड कर ग्यारह हजार वोल्ट के तार पर गिरा। जिसके कारण नीचे बाइक सवार सुगंधी बाल बाल बचा। हालांकि बाइक का शीशा टूट गया। चैखड़ा जाने वाला रास्ता पेड़ गिरने के कारण बंद हो गया। वहीं दारानगर कब्रिस्तान के पास ग्यारह हजार वोल्ट के तार पर भी पेड़ गिर गया।

# अंतर्राष्ट्रीय मगही चौपाल का 119वां सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

निज संवाददाता | नवादा



विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 119वां सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का विषय 'हिंदी के विकास में मगही के योगदान 'पर केंद्रित था, जिसमें हिंदी के विकास में मगही साहित्य की अनेक विधा की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले के जाने-माने साहित्यकार, पत्रकार, मगही मनीषी और 'मगही रत्न' राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सम्मेलन में मगही साहित्य के अन्य प्रमुख हस्तियों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लालमणि विक्रांत ने कहा कि हिन्दी विश्व भाषा बनने की राह पकड़ रही है। इसकी देवनागरी लिपि सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि है। मगध की संस्कृति और इसकी भाषा मगही सर्वे भवन्तु सुखिनः में विश्वास करती है। कार्यक्रम का संचालन, आगत अतिथियों का स्वागत और तकनीकी सहयोग प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण, अंतरराष्ट्रीय महासचिव, विश्व मगही परिषद् द्वारा किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश से तीन दर्जन से अधिक विश्व मगही परिषद् के कार्यकारिणी सदस्य और मगही प्रेमी उपस्थित रहे। सम्मेलन में भाग लेने वालों में मगही के प्रमुख कवि, कवियत्री, लोकगायक, समाजसेवी, साहित्यकार और पत्रकार शामिल थे। नवादा जिले से हिंदी और मगही के सुप्रसिध्द साहित्यकार आदरणीय मिथलेश कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मगही भाषा हिंदी के लिए सहयोगी भाषा है और इस विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए हिंदी और मगही के जाने माने साहित्यकार प्रोफेसर (डा०) शिवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि मगही हिंदी का विरोधी नहीं अपितु संपूरक है और हिंदी के विकास में मगही का अहम् योगदान है। मगही ने हिंदी के शब्द कोश में हजारों शब्दों की अभिवृद्धि की है जिसके प्रयोग से प्रभाविकता और रोचकता में वृद्धि के साथ ही क्षेत्र विस्तार में भी वृद्धि हुई है। गया जिले से पूनम कुमारी, उप -कुलसचिव मगध विश्वविद्यालय और जाने-माने पत्रकार सह अभिनेता डॉ. अमरनाथ पाठक, और डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफ़ेसर (हिंदी), क्वान्तोंग विदेशी भाषा विश्ववविद्यालय, चीन और डॉ राजीव रंजन एशियाई भाषा अध्ययन केंद्र, चचियांग यूए शीऊ विश्वविद्यालय शाओशिंग, चीन की विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ठ अतिथि डॉ पुष्पिता अवस्थी नीदरलैंड से जुड़कर घोषणा की कि विश्व मगही परिषद् नई दिल्ली का नीदरलैंड में भी कार्यालय व् विस्तार होगा और उन्होंने लोकभाषा को सहयोगी बताया। हिंदी के विकास के लिए उन्होंने विदेश में भी भी मगही भाषी लोगों की संख्या की गणना के लिए अनुसन्धान पर बल दिए छतीसगढ से समाजसेवी सह साहित्यकार भगीरथ वर्मा, शेखपुरा बरबीघा से साहित्यकार जयनंदन सिंह, पत्रकार और समाजसेवी अभय कुमार और चुनचुन पांडेय, दिल्ली से समाजसेवी और साहित्यकार राष्ट्रीय कवि डॉ. सत्येंद्र सत्यार्थी , भागलपुर से साहित्यकार, कवि और गीतकार राजकुमार ने अपने विचार रखे। लखीसराय से हिंदी और मगही साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र राज, संगीतकार रंजय पांडेय, अरवल जिला से महेंद्र प्रसाद देहाती ने हिंदी हे भारत के बिंदी, लोक भाषा सिंगार हे हिंदी हे सागर तो भैया, मगही सरिता धार हे कविता का वाचन किये। और लोकेश कुमार, नालंदा से साहित्यकार और हास्य कवि श्री जयराम देवसपुरी सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए। प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सम्मेलन में हिंदी के विकास में मगही के योगदान पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से मगही भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने के प्रयासों पर बल मिलेगा साथ ही भारत के बिंदी हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने में मदद मिलेगा। सम्मेलन के समापन पर प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने मगही भाषा के विकास के लिए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गोष्ठियां आयोजित की जाएँगी, ताकि मगही भाषा के विकास और संवर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विश्व मगही परिषद् के इस प्रयास से मगही भाषा को सम्मान दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मगही भाषा का संवैधानिक दर्जा प्राप्त करने का सपना जल्द ही साकार हो सके। प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने कहा की अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 121वां सम्मेलन यानि अगले रविवार को साहित्यकार तर्पण और कवि सम्मेलन कार्यक्रम होगा।

### विद्युत विभाग ने शिकायतों के निवारण हेतु लगाया विशेष शिविर

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज प्रशाखा मे विद्युत विपत्र सुधार एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से सम्बंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर मे मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने हेतु उपभोक्ता पहुंचे। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया, जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया तथा 7 कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा। उक्त शिविर मे उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर क सन्दर्भ मे प्रकाश डालते हुए बताया गया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी भी भ्रान्ति का शिकार न हो। स्मार्ट मीटर एवं नॉर्मल मीटर दोनों एक जैसा है। खबर लिखने तक विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत कुल 173 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे कैंप स्थल पर ही 72 आवेदनों का निष्पादन कर दी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज ने आगे बताया कि कुल प्राप्त आवेदनों मे प्रशाखा बिक्रमगंज मे 82, दिनारा मे 30, दावथ मे 10, सूर्यपुरा मे 47 एवं संझौली मे 4 आवेदन आये। विद्युत विपत्र सुधार कैंप मे खराब मीटर वाले उपभोक्ता के परिसर का मीटर भी बदला जा रहा है एवं इच्छुक उपभोक्ताओं द्वारा अपना बकाया राशि भी जमा किया गया।

# शोभा की वस्तु बनी नए स्ट्रीट लाइट

निज संवाददाता | दावथ (रोहतास)

पंचायत राज संस्था के शुरुआत यह सोचकर किया गया था कि शहर से लेकर ग्रामीण स्तर के लोग खुद सरकार बनाकर अपना विकास करेंगे। लेकिन दुर्भाग्यवश पंचायतों में सरकार जरुर बनी, लेकिन इसे बनाने वाले लोग विकास के कार्य से अनजान और मुकदर्शक बने रहते हैं। खासकर वैसे स्थान जहां की जनता कम पढ़ी-लिखी और भोली भाली हो, वहां तो विकास के नाम पर जैसे लुट मची हुई हो। वहां तो न कोई बोलने वाला रह जाता है और न टोकने वाला कि सरकारी मदद से किए गए काम की निर्धारित लागत क्या है?इसकी खराब गुणवत्ता को देखते हुए भी नजरंदाज कर दिया जाता है,यह सोचकर कि कौन लफड़ा में पड़े? दिन भर कमाने और खाने की फिराक में रहने वाले ऐसे लोग साहस भी नही जूटा पा रहे कि वे खराब कार्यों की शिकायत सरकारी कार्यालय में आवेदन देकर करें। क्योंकि इन कार्यालयों एवं दफ्तर के पदाधिकारी द्वारा लिखित आवेदन का मांग किया जाता है। पंचायत की राजनीति करने वाले नेता भी वोट की राजनीति के चक्कर में कुछ नहीं बोल पाते।ताजा मामला दावथ गांव से संबन्धित है जहां वार्ड संख्या 7 में नहर पूल के इस पार स्ट्रीट लाइट लगाया गया परन्तु बिगड़ा हुआ लाइट लगा दिया गया जो अभी तक जला नहीं। शराब धंधेबाजों का सिर्फ जोन माना जाता है। क्योंकि पूर्व में कई शराबी और शराब धन्धेबाज इस स्थान के इर्द-गिर्द पकड़े जाते रहे हैं। आखिर स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता इतने निचले स्तर की क्यों बात केवल एक जगह की है, लेकिन सभी जगह लगाए गए।

## टोल प्लाजा से देशी कट्टा के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | शिवसागर (रोहतास)

शिवसागर थाना अंतर्गत गस्ती दल ने गुप्त सूचना पर रविवार देर रात्रि मे दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राकेश गौसाई ने बताया कि गस्ती के दौरान दीपक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता रामाशंकर सिंह, विधि विरुद्ध बालक रविरंजन कुमार उम्र 15 वर्ष पिता रामाकांत सिंह दोनों ग्राम चिलबिली, थाना करगहर, जिला रोहतास के निवासी हैं। इन दोनो के पास से एक देसी कट्टा एवं काले रंग के पल्सर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 45 जे 2851 के साथ पकड़ा गया है, यह दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए कुदरा से डेहरी के तरफ जा रहे थे।

## चोरों के आतंक से नगरवासी परेशान

निज संवाददाता | नवादा

जिले में चोरी का धंधा मंदा होने के बजाय पूरे शबाब पर है। नगर में चोरों ने सुधा डेयरी की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नगर थाना क्षेत्र के गढ़ पर मोहल्ले में मदर डेयरी नामक दुकान में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब 13 हजार रुपये की नकदी के साथ महंगे आइटमों पर हाथ साफ कर दिया। इस वारदात से व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित दुकानदार शहर कलाली रोड निवासी शंभू सिंह ने बताया कि बीती रात उसकी दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। लकड़ीनुमा बनी दुकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर दुकान के अंदर घुसे और दुकान से करीब 13 हजार की नगदी के साथ महंगे आइटमों जैसे घी, पेड़ा आदि डिब्बे लेकर चलते बने हैं। सुबह दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो गेट के ताले टूटे हुए देख होश उड़ गए। जिले के चोर बेखौफ और पुलिस बेबस नजर आ रही है। चोर बेखौफ होकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जिले में पिछले दिनों चोरी की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे जिलेवासियों में रोष व्याप्त है। चोरों द्वारा जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों पर चोरी कर कहर बरपाया जा रहा है। शहर के पॉश इलाका माने जाने वाले इलाके में बेखौफ चोरों ने घटना को अंजाम दिया है, जिससे पुलिस की कार्यशैली और रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वहीं, जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने सुरक्षा का जिम्मा खुद उठा लिया है। निगरानी टीम बनाकर ग्रामीण इलाकों में चोरों को सबक सिखाने के लिए लाठी-डंडे से लैश होकर ग्रामीण इलाकों में गश्त करते दिख रहे हैं। गांव में प्रवेश कर रहे लोगों का आधार कार्ड चेक कर रहे हैं।

## जन सुराज के संविधान सभा सम्मेलन में नई राजनीतिक दिशा की चर्चा

निज संवाददाता | नवादा




रविवार को नवादा के आरएल होटल में जन सुराज के प्रवक्ता और त्रिसदस्यीय संविधान सभा के संयोजक सैयद मसीह उद्दीन की अध्यक्षता में जनसुराज संविधान सभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैयद मसीह उद्दीन ने घोषणा की कि जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जनसुराज अपनी राजनीतिक पार्टी का संविधान तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से जनता की सिफारिश पर आधारित होगा, जिससे राजनीति में जनता की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बिहार में हो रहे हैं 900 बैठकों का आयोजन सैयद मसीह उद्दीन ने जानकारी दी कि बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों के प्रखंडों, पंचायतों और गांवों के स्तर पर 900 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद किया जा रहा है, जिनमें बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान और मजदूर शामिल हैं। इन बैठकों का उद्देश्य पार्टी के संविधान में जनता की भावनाओं और सुझावों को शामिल करना है, ताकि यह संविधान वास्तव में जनता का हो। संविधान सभा के उद्देश्य पर चर्चा इस सम्मेलन का संचालन जनसुराज विचार मंच के जिला सारथी और वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार ने किया। उन्होंने जन सुराज की प्रस्तावना और प्रारूप पर उपस्थित लोगों की राय ली और कहा कि संविधान सभा के माध्यम से राजनीतिक दल का गठन करना एक अनूठा और क्रांतिकारी प्रयोग है। यह निश्चित तौर पर जनभावनाओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर संविधान सभा के सदस्य इन्द्रदेव कुशवाहा और उदय शंकर सिंह ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। समर्थन और सहभागिता सम्मेलन में नवादा के प्रसिद्ध समाजवादी नेता स्वर्गीय कामरेड सुरेश भट्ट की धर्मपत्नी, कामरेड सरस्वती भट्ट ने भी जनसुराज अभियान को अपना समर्थन दिया। इसके अलावा सम्मेलन में कई प्रमुख समाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें जनसुराज पदयात्री राजकुमार और प्रिंस कुमार, दलित नेता राजेन्द्र मांझी, सरला सिंहा, अनुज कुमार रावत, रानी पांडेय, जयशंकर झा, गोपाल कृष्ण, सुजय भान सिंह, उपेन्द्र रजक (मुखिया), संजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, रवि कुमार पासवान, सेवानिवृत शिक्षक मिथिलेश सिंह, जुबैर आलम, मो. कलाम, प्रतिभा भट्ट, ईश्वरी सिंहा (अधिवक्ता), टुनटुन पासवान, और ललन कुमार जैसे नाम शामिल थे। इन सभी ने जनसुराज को सशक्त बनाने की दिशा में अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन का समापन और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के अंत में इन्द्रदेव कुशवाहा ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सम्मेलन ने जनसुराज के संविधान निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जो बिहार की राजनीति में एक नई लहर पैदा कर सकता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का जन्म दिवस

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के साथ क्षेत्रों में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की जयंती पर जश्न ईद मिलाद -उन्- नबी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ख़ानक़ाह तकिया शरीफ से महल्ला कुण्डला, महसई, करबला नगर, डीह रजौली, पचम्बा, धुरगांव आदि गांव के नवयुवकों सम्मिलित होकर शांति पूर्वक जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला।दो दिन से लगातार हो रहे वर्षा ने बच्चों के हौसलों को कम नहीं किया। वो अपने हाथों में तिरंगा झण्डा एवं इस्लामी झण्डा और सरकार की आमद मरहबा गाते हुए रजौली बाज़ार, पुरानी बस स्टैंड, बजरंगवली चौक होते हुए हर्षोल्लास के साथ समापन किया। इस बीच मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना बेलाल हुसैन अशरफ़ी, इमाम दानिश रज़ा, मुफ़्ती मिस्बाहुल हसन, हाफिज शादाब जामेई ने हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर रजौली पुलिस- प्रशासन मुस्तैद दिखी साथ ही खानकाह तकिया शरीफ के इज़हार आलम, वकील ख़ान, इरफ़ान आलम, एहसान रज़ा, फ़िरोज़, वाहिद अंसारी, जहांगीर, अफ़रोज़, जावेद अख्तर, अरबाज़ ख़ान, साबिर ख़ान, शब्बीर, साबिर, मोहीब अंसारी, तसलीम अंसारी, ज़ीशान आदि उपस्थित होकर कहा की पैगंबर साहब के बताए रास्ता पर हम सभी को चलना चाहिए।

**वहीं नारदीगंज में भी** पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिन, ईद मिलादुन्नबी को परंपरागत तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर बाजार में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर बाजार से वापस होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। पेशे इमाम अशफाक रज़ा साहब ने बताया की आज के ही दिन इस्लाम के आखिरी पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म हुआ था और पहले मनुष्य आदम के बाद ईश्वरीय संदेशों को आम लोगों तक पहुंचाने का काम आखिरी पैगंबर मुहम्मद साहब पर खतम हुआ था।

जुलूस के दरम्यान लोगों को मुहम्मद साहब के पैगामो के बारे में बताया गया। गरीब और मजलूमों से मुहब्बत करना, जरूरतमंदों की मदद करना, मजदूरों को उसके पसीने सूखने से पहले पगार देना, एक ईश्वर में आस्था रखना आदि शिक्षाओं के बारे में बताया गया। जुलूस के पश्चात सभी लोगों में मीठी पुलाव और जलेबियां बांटी गई। इस दौरान हजीफ असफाक खान, शफकत खान, मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद सागर, मोहम्मद अल्तमस, मोहम्मद खुर्शीद, सोनू आलम, अमीर खान, बेलल आलम, साकिब आलम, महफुज आलम, तहसीन अंसारी, एकराम आलम, खुर्शीद आलम, आरिफ अंसारी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## सांसद का किया गया स्वागत और सामुदायिक भवन निर्माण की मांग

निज संवाददाता | नवादा



रविवार को नवादा जिले के हिसुआ में महादेव मोड़ के निकट महादलित समुदाय के लोगों ने सांसद विवेक ठाकुर का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें महादलित परिवार द्वारा एक स्मारपत्र भी सौंपा गया। सांसद ने स्मारपत्र का अवलोकन कर उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया। महादलित विकास मिशन के अध्यक्ष बनवारी राम ने जानकारी दी कि वे लगभग 400 महादलित अनुसूचित जाति परिवार के सदस्य हैं, जो महादेव मोड़ हिसुआ के स्थानीय निवासी हैं। हिसुआ नगर परिषद के वार्ड नं०- 20 (पूर्व में वार्ड नं०- 14) स्थित मौजा हिसुआ थाना नं०-69, खाता नं०- 890 प्लॉट नं०- 2645 रकवा 10 डिसमिल भूमि पर सामुदायिक भवन-सह-वर्कसेड निर्माण हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा 2007/ महा० मिशन के तहत अनुशंसा प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त, नगर पंचायत हिसुआ स्थित वार्ड नं०- 14 (वर्तमान वार्ड नं०- 20) में महादलित परिवार के लिए सामुदायिक भवन-सह-वर्कसेड निर्माण के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता, नवादा द्वारा 21 मार्च 2017 को अनुशंसा प्राप्त की गई है। हालांकि, निर्माण कार्य में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा उत्पन्न की गई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी हिसुआ ने 09 अगस्त 2022 को स्थल का निरीक्षण किया था। लेकिन अब तक न तो कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है और न ही कार्य शुरू किया गया है, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो गया है। इस पर सांसद विवेक ठाकुर को स्मारपत्र सौंपकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की गई।

स्वागत समारोह के दौरान महादलित समुदाय के लोगों ने ढोल-बाजे के साथ सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कृष्णा चौधरी उर्फ कीरो चौधरी, विनोद रविदास, चुरावन रविदास, बाल्मीकि रविदास, चंदन रविदास, विनोद चौधरी, सनीष चौधरी, छोटन रविदास, पिंटू चौधरी, और फूला दे समेत कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलकर्मियों के अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा

**आरा।** सोमवार को रेलवे के टीआरडी कार्यालय में गेट मीटिंग के क्रम में ईसीआर केयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि रेलकर्मियों के अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वही मनोज पांडेय ने कहा कि हमारे यूनियन ने विगत 100 सालों के इतिहास मे रेलकर्मियों के हक में अनेक कार्य किए है जिससे रेलकर्मियों के जीवन मे आमूल चूक परिवर्तन हुआ है। महंगाई भत्ते की बात हो या साप्ताहिक विश्राम का, चाहे रात्रि भत्ता, राष्ट्रीय अवकाश भत्ता, काम का घंटा हो या बोनस दिलवाने की बात हो। हमारे यूनियन ने सभी काम सरकार से लड़कर दिलवाया है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उक्त अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, शाखा मंत्री नीरज कुमार सिंह, आर के सिंह, संजय दुबे, पंकज कुमार, मुदित राय, संजय दुबे, बिरमानी मिश्रा के साथ अन्य रेलकर्मी उपस्थित थे।

### रंगदारी वसूली में दो लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**कोईलवर।** सकड्डी नासरीगंज सड़क पर भदवर टोला के समीप बालू लदे ट्रकों से रंगदारी वसूली के मामले में पुलिस ने बीती रात दो स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। कुल्हड़िया रेल ओवरब्रिज के दक्षिणी छोर पर ट्रक चालकों से वसूली के मामले में भदवर निवासी भूलन यादव के पुत्र संतोष कुमार व विनेश यादव के पुत्र कुंदन कुमार की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवकों द्वारा बालू लदे वाहनों से रंगदारी मांगे जाने की सूचना मिली थी। इसकी सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्विफ्ट कार के साथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक हजार नौ सौ नगद समेत कार बरामद किया है। पुलिस ने उक्त दोनों को रंगदारी वसूली का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### विधि व्यवस्था संधारण के लिए शहर में बनाए गए 28 ड्रॉप गेट

**आरा।** सोमवार को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर निकाले जाने वाली झांकियां /जुलूस के मार्गो में आरा के शहरी क्षेत्र में कई जगह पर बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट लगाया गया है अतः शहर वासियों से अनुरोध है कि आप ट्रेफिक एडवाइजरी को देखते हुए अपना दैनिक कार्य संपन्न करेंगे। इन जगहों पर बनाया गया ड्रॉप गेट/ बैरिकेडिंग। धरहरा बघवत पुर मुख्य सड़क के पास बैरिकेडिंग, वलीगंज शिव मंदिर के पास, रामगढ़िया मोड़ के उत्तर सड़क पर, अबरपुल चेता शाह मंदिर की गली के पास, बेगमपुर/मीरगंज मुख्य सड़क पर, भलुहीपुर मोड़ / मीरगंज जाने वाले रास्ते , सराय फाटक मोड़, अबरपुल मन्दिर के पास,अबरपुर मोड़ के दोनों तरफ गली, पड़ाव मोड़ के पास, आरण्य देवी मंदिर मोड़ के पास , डावर गली, जेल रोड़ मोड़ , शिवगंज सपना सिनेमा की तरफ जाने वाले मोड़ , बड़ी मठिया नवादा की तरफ जाने वाले मोड़ पर, बधवा गली मोड़, धर्मन चौक बिचली रोड़ उत्तर मुहान पर सिंडिकेट की ओर, बाबू बाजार रोड़ की तरफ जाने वाले मोड़ पर (काली मंदिर के पास), शीश महल चौक स्थित जैन धर्मशाला के पास (काली मंदिर के पास ), बड़ी मठिया डॉक्टर मनोज रंजन की तरफ जाने वाली गली, धर्मन चौक बिचली रोड़ उत्तर की तरफ जाने वाले मुहान पर, धर्मन चौक बिचली रोड़ उत्तर की तरफ गोपाली चौक की तरफ जाने वाले मुहान पर, बाबू बाजार मोड़, होटल ग्रांड के पास, बाबू बाजार में काली मंदिर की तरफ जाने वाले मोड़ आदि जगहों पर ड्रॉप गेट बनाया गया।

### गंगा नदी में डूबने से बच्ची की गई जान

**सिमरी।** दस वर्षीय बच्ची की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। वह शाम में लाल सिंह के डेरा गांव के समीप गंगा नदी में स्नान करने गई थी। उसी दौरान नहाने के क्रम में बच्ची का पैर फिसला और वह गहरे जल में समा गई। दल्ली के डेरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव की बेटी निराशा कुमारी थी। हालांकि उक्त घटना को देखकर नदी के तट पर मौजूद लोगों द्वारा बच्ची को बचाने कोशिश की गई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना पर तिलक राय के हाता ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे एवम उनके द्वारा गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकल गया। जिसके बाद शव को कागजी खानापूर्ति कर पोस्टमार्टम हेतु सदर हॉस्पिटल बक्सर भेज दिया गया।

### 12 बेंच में 2174 मामलों का निपटारा

**बक्सर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के तत्वाधान में शनिवार को वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसको लेकर 12 बेंच का गठन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आनंद नंदन सिंह , मनोज कुमार , बिजेंद्र कुमार, प्रेम चंद्र वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिंदेश्वरी पांडेय, सचिव जिला बार एसोसिएशन, नेहा दयाल, अवर न्यायाधीश-सह- सचिव, जिला प्राधिकार, बक्सर, और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। मंच का संचालन उपस्थित रिटेनर अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी ने किया गोपेश वंदना पैनल अधिवक्ता आरती राय ने गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाचार लिखे जाने तक राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वाद के 2174 मामले का निपटारा कराया गया।

### जनता दरबार में भूमि विवादों का हुआ निपटारा



**डुमरांव।** सरकार ने जमीन विवाद के निपटारे के लिए हर शनिवार को थाना परिसर में सीओ और थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया था। इस संबंध में शनिवार को सिमरी थाने में जमीन विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार लगाया गया। इसकी अध्यक्षता सीओ भगवती शंकर पांडेय ने की। इस दौरान जनता दरबार में जमीन विवाद से जुड़े 9 मामले आए। जिसमें तीन मामले का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। भगवती शंकर पांडे ने बताया कि जो अन्य तीन मामले है उसमें एक पक्ष ही दस्तावेज लेकर थाने पर उपस्थित हुए थे। अगला शनिवार को दूसरे पक्ष को भी बुलाया गया है। इसके लिए दूसरे पक्ष को नोटिस भी दिया जाएगा। सीओ ने बताया कि एक मामले के वादी प्रतिवादी के पक्षों के आवश्यक कागजात को देखा गया है। जिसमें पूरा कागजात नहीं रहने के कारण अगले शनिवार को मामले की सुनवाई की तिथि मुकर्रर की गई है। जबकि छोटे-छोटे मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया है। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर डुमरांव अंचल क्षेत्र के कोरानसराय थाना में राजस्व कर्मचारियों के द्वारा जनता दरबार लगाया गया था।

### उत्पाद अधीक्षक हुए निलंबित, मुजफ्फरपुर में होगा मुख्यालय

**बक्सर।** शराब तस्करों से सांठगांठ के मामले में उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय तिरहुत प्रमंडल के मुजफ्फरपुर में होगा। निलंबन अवधी के दौरान जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। बक्सर पुलिस ने अगस्त माह में दलसागर टोल प्लाजा के समीप से शराब के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उक्त मामले में वीर कुंवर सिंह पुल पर तैनात उत्पाद विभाग के दो होमगार्ड को भी शराब तस्करों से सांठगांठ के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त मामले में बक्सर पुलिस ने उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया था। पुलिस के मुताबिक उत्पाद अधीक्षक का शराब तस्करों से मोबाइल से लगातार वार्ता होने का साक्ष्य सामने आया था।

# बक्सर में ईद-ए-मिलाद पर जुलूस, चौराहों पर तैनात पुलिस

## जुलूस के साथ भारी संख्या में पुलिस, पहले से ही साफ सफाई का ख्याल

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का 571 जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर घर, मस्जिद, मदरसा और दरगाहों को सजाने के साथ ही जिले में विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस निकाल जा रहा है। जुलूस के दौरान एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्रा, नगर थानाध्यक्ष संजय सिन्हा, डुमरांव अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, सभी प्रखंडों में स्थानीय प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और विभिन्न थानाध्यक्ष जगह जगह चौक-चौराहों पर तैनात दिखे।

**जुलूस के साथ भारी संख्या में पुलिसः** इस मौके पर मुल्क में अमन, शांति व कौम की तरक्की के लिए खास दुआ की गई। कई जगह जुलूसों का स्वागत भी किया गया। जुलूसों में तिरंगा झंडा भी लहरा रहा था। जिसको लेकर भारी संख्या में पुलिस जुलूस के साथ चल रही थी। बक्सर नगर परिषद द्वारा जुलूस वाले रास्ते को रात में ही साफ सफाई कर ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया गया था।

**वाहनों को निकालने का प्रयास करती प्रशासनः** बता दें कि आयोजित जुलूस कार्यक्रम के दौरान सिमरी बाजार में यातायात पूरी तरह बाधित रहा। आम यात्रियों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। चौसा और बक्सर में पुलिस जुलूस को एक लेन में कर एक लेन से वाहनों को निकालने का प्रयास करती दिखाई दी। डॉ दिलशाद आलम ने बताया कि आज के दिन उन मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश मनाई जाती है, जिन्होंने पूरी दुनिया को शांति का पैगाम दिया था। बक्सर नगर के मुनीम चौक से लेकर दरिया शहीद बाबा की मजार तक हजारों की संख्या में मुसलमानों ने काफिला निकालकर शांति पैगाम देने का काम कर रहे है।

# कुंभ एक्सप्रेस से गिरकर यूपी निवासी की मौत

निज संवाददाता। आरा



दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर सिकरिया हॉल्ट के समीप आप लाइन पर रविवार को कुंभ एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक यूपी निवासी अधेड़ की मौत हो गई। मृतक उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिला के मिश्रपुर मकसूदन गांव निवासी स्व.राम बली मिश्रा का 55 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार मिश्रा है। वह पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित एक कंपनी में हेड दरबान के पद पर कई वर्ष कार्यरत थे। मृतक के चचेरे भाई गौरी शंकर मिश्रा ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के कोलकाता के दलहौजी स्थित बाबर लोरी कंपनी में हेड दरबार के पद पर कई वर्षों से कम करते थे। वह कुंभ एक्सप्रेस से वापस अपने घर आ रहे थे। आने के क्रम में जैसे ही ट्रेन सिकरिया हॉल्ट के समीप पहुंची उसी समय बोगी का गेट खुला था। वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़े। जिससे उनकी मौत हो गई। जब परिजन ने उनके मोबाइल पर फोन किया तो उनके बगल के सीट पर बैठे व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि वह अपने सीट पर काफी समय से नहीं आए है।

**मोबाइल लोकेशन पर घटनास्थल पर पर पहुंचे परिजनः** जब ट्रेन सुल्तानपुर पहुंची तो उन्होंने बोगी में घुसकर उन्हें काफी खोजा पर वह नहीं मिले। जिसके बाद परिजन ने उनके मोबाइल को ट्रेस किया तो मोबाइल का लोकेशन सिकरिया हॉल्ट के समीप बता रहा था। जिसके बाद परिजन सिकरिया हॉल्ट पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह ट्रैक के किनारे मृत अवस्था में पड़े थे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# कंटेनर और ई रिक्शा की टक्कर में महिला घायल, कंटेनर सहित चालक पुलिस के हिरासत में

निज संवाददाता। बक्सर



♦ थानाध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

बक्सर-पटना नेशनल हाइवे पर कंटेनर और ई रिक्शा की टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बताया गया कि महिला नया भोजपुर से भुट्टा खरीदकर वापस बक्सर लौट रही थी। इसी दौरान हाइवे पर यह घटना घटी। जिसमें ई रिक्शा चालक भी मामूली रूप से जख्मी हो गया है। जख्मी महिला को स्थानीय थानाध्यक्ष मनीष कुमार द्वारा तत्काल रूप से अस्पताल लेकर जाया गया। सामयिक उपचार से उसकी जान खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

**भुट्टा खरीदकर वापस आने के दौरान जोरदार टक्करः** मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बक्सर के रामरेखा घाट स्थित पानी टंकी निवासी अरविंद प्रसाद और उनकी पत्नी कोमल देवी ई रिक्शा पर नया भोजपुर से भुट्टा खरीदकर आ रहे थे। पति अरविंद प्रसाद ई रिक्शा चलाकर तो पत्नी कोमल देवी एमपी हाई स्कूल के समीप भुट्टा पका उसे बेचकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। रोज की तरह सोमवार की सुबह वो नया भोजपुर मंडी से ई रिक्शा पर भुट्टा खरीदकर बक्सर की तरफ जा रहे थे, तभी पुराना भोजपुर के समीप पहुंचते ही एक कंटेनर ने उनके ई रिक्शा में टक्कर मार दी। घटना में जहां चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया। वहीं, उसकी पत्नी को सिर में गहरी चोटें आई है। घटना के बाद जख्मियों ने पुलिस को फोन मिलाया। कुछ ही मिनटों में थानाध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। विशेष रूप से जख्मी महिला को अस्पताल पहुंचाया। घटना में ई रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कंटेनर को जब्त करते हुए उसे चालक सहित थाने ले गई है। घटना के बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि जख्मियों को समय से अस्पताल पहुंचाना उनका दायित्व है। पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या, ईंट-पत्थर से मारा पाटीदारों से संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

निज संवाददाता। आरा



♦ मर्डर कर शव को फेंक फरार आरोपी

भोजपुर में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया गया है। उसका शव बिहिया थाना क्षेत्र के बगही गांव के नट टोला स्थित चिमनी भट्टा के पास रविवार को बरामद किया गया है। मृतक के शरीर में बाएं बांह पर खरोंच के निशान और सिर का पिछले भाग फट गया है। इसके कारण परिजन द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर शव को फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है। शव के मिलने से गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर गांव निवासी स्व.बालेश्वर नट का बेटा सोनू नट(30) है। वह वर्तमान में बिहिया थाना क्षेत्र के बगही नट टोला में रहता था। वह पेशे से मवेशी खरीद बिक्री का काम करता था। इधर, मृतक के बड़े भाई संजय नट ने बताया कि वह पटना में रहते हैं। जबकि अन्य भाई कारनामेपुर गांव में रहते हैं। उसकी पट्टीदार में लग रही बहन से ही संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। वह शनिवार की दोपहर अपने गांव कारनामेपर से बगही नट टोला अपने घर आया था। जहां उसकी पट्टीदार में लग रही बहन और उसके बेटे द्वारा अपने अन्य लोगों के साथ मिलकर ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद सभी लोग वहां से फरार हो गए। इसके बाद वहां के स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं, दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई संजय नट ने उसकी पट्टीदार में लग रही बहन बड़ाको देवी, उसके बेटे जोगिंदर नट और उसके साथ रहे अन्य पर संपत्ति हड़पने के कारण उसकी ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# जासो कुल्हड़िया सड़क निर्माण के लिए मिली स्वीकृति

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय मिश्रा ने बताया है कि गोलंबर से जासो-नदांव-जगदीशपुर होते हुए डुमरांव साफखाना को जोड़ने वाली 17 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि डीएम अंशुल अग्रवाल की पहल पर विभाग को पत्र भेजा गया था। प्रशासनिक स्वीकृति और सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। वित्तीय स्वीकृति की प्रतीक्षा है। नवंबर या दिसंबर महीने तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

**निर्माण के दौरान इन बातों का खास ध्यानः** विजय मिश्रा ने बताया कि सड़क की चौड़ाई वर्तमान 3.75 मीटर से बढ़ाकर 5 मीटर की जाएगी। दोनों किनारों पर नालों का निर्माण होगा। सड़क पर पानी जमने की समस्या को दूर करने के लिए कई जगहों पर पुलिया बनाई जाएंगी। 70 प्रतिशत सड़क पर नाला निर्माण भी किया जाएगा। बता दें कि सड़क निर्माण से किसानों और व्यापारियों को टोल टैक्स में राहत मिलेगी।

# उपमुखिया को अपराधियों ने मारी गोली, घायल

निज संवाददाता। आरा




संदेश प्रखण्ड के खंडोल पंचायत के उपमुखिया दीपक कुमार केशरी को बाइक पर सवार अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया। घटना का अंजाम अपराधियों ने उस वक्त दिया जब उपमुखिया दीपक कुमार केशरी संदेश बाजार पर समान खरीदने के लिए बाइक से जा रहे थे। घायल उपमुखिया दीपक कुमार केशरी संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी वार्ड नंबर 14 के निवासी नाथु साव के पुत्र है। दीपक कुमार केशरी गांव - गांव घूम कर अनाज का खरीद-बिक्री करते है।

समान खरीद - बिक्री करने के लिए संदेश बाजार पर रविवार को सुबह जा रहे थे। उसी क्रम में फुलाड़ी गांव स्थित 1 नंबर स्टैंड के पास बाइक पर सवार हेमलेट पहने दो अज्ञात अपराधी उन्हें घेरकर उन पर फायरिंग करने लगे। एक गोली दीपक कुमार केशरी को पेट में दाहिने साइड लगी और वही पर खून से लथ- पथ होकर गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक लेकर भागने में सफल रहे। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना परिवार के लोगों को दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए आरा के एक निजी क्लिनिक में ले गए जहां घायल का इलाज चल रहा है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही संदेश थाना कि पुलिस मौके पर पहुंच पूरे घटनाक्रम की छानबीन शुरू कर दी है।

**जल्द होगी अपराधियों की गिरफ्तारीः** घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि एक उपमुखिया को किसी अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारी है। पुलिस घटना के कारण का पता लगाने और इसमें शामिल अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार करने की प्रयास में जुटी हुई है। परिवार के लोगों के तरफ से किसी भी प्रकार का कोई आवेदन अभी तक नही दिया गया है। घटनास्थल की जाँच फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा भी कराई गई तथा पुलिस द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान द्वारा भी साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

# चार पीढ़ियों से बड़े पैमाने पर भेड़ पालन, दूध और बच्चे बेचकर कमाते हैं मुनाफा

निज संवाददाता। आरा



♦ भोजपुर के इस गांव में 60 सालों से आय का साधन

भोजपुर जिले के छोटकी सासाराम गांव के इलाकों में भेड़ पालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए भेड़ पालन आय का प्रमुख साधन माना जाता है। ग्रामीण भेड़ के दूध और भेड़ के बच्चे को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा ले रहे हैं। हालांकि इन गरीब परिवारों के सामने कई चुनौतियां भी सामने आती है। घर के सभी परिवारों का भरण पोषण और सभी कार्य इन्हीं भेड़ों पर आश्रित होता है। इस गांव के एक परिवार ने भेड़ पालन और जीवन के बारे में बताया है।

**30 वर्षों से भेड़ पालन कर रहे शिव कैलाश पालः** भोजपुर जिले के छोटकी सासाराम गांव के रहने वाले शिव कैलाश पाल का कहानी कुछ ऐसी है। दो बेटे अमित पाल, गुड्डू पाल और एक बेटी प्रियंका पाल है। शिव कैलाश पाल की बेटी प्रियंका पाल की शादी हो चुकी है। लेकिन अभी दोनों बेटों की शादी नहीं हुई है। दोनों ही भेड़ चराते हैं। शिव कैलाश पाल के पास करीब 150 भेड़ है। लगभग 30 वर्षों से भेड़ पालन को ही शिव कैलाश पाल ने मुख्य भूमिका बना लिया है। इनके पट्टीदार दिनेश पाल के पास 70 भेड़ है। दिनेश पहले मालगुजरी करते थे लेकिन खेती से परिवार को चलाना मुश्किल होता था। इसलिए खेती छोड़कर भेड़ पालन में जुट गए। अभी भी पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं है, लेकिन इसके अलावा कुछ कर नहीं सकते है। इसलिए भेड़ पालन को ही अपना कर परिवार का भरण पोषण कर रहे है।

**चार पीढ़ियों भेड़ चराने का कामः** खेत में भेड़ चराने के दौरान शिव कैलाश पाल के पुत्र अमित पाल ने बताया कि परिवार बहुत गरीब है। घर में पांच से ज्यादा सदस्य हैं। भेड़ पालन करके ही सभी अपना गुजारा करते हैं। वह लगभग 50 - 60 सालों से भेड़ पालन कर रहे हैं। दादा जी ने भेड़ पालन करना शुरू किया था, उसके बाद पिता और अब वो भेड़ पालन कर रहे हैं। अमित गरीबी की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाए, लेकिन नाम लिख लेते है। पूरी रोजी रोटी इसी भेड़ के बदौलत है। अमित ने बताया कि भेड़ के दूध बेच कर थोड़ा बहुत पैसा आता है। क्योंकि भेड़ ज्यादा दूध नहीं देती है। पहले भेड़ के ऊन से गर्म स्वेटर बनते थे, लेकिन अब मार्केट में स्टाइलिश गर्म कपड़े आने की वजह से चार पांच सालों से भेड़ के ऊन बिकने बंद हो गए है। जिससे हमारी स्थिति और बदतर हो गई है। वहीं अब भेड़ पालकों को भेड़ों से प्रति वर्ष मेमने भी प्राप्त हो जाते हैं। जिसके खरीददार आते हैं और मेमने को बेचकर ही घर परिवार चल पाता है। वहीं एक मेमने को लगभग 3 हजार से लेकर 7 हजार तक में बेचे जाते है।

**भेड़ को बीमारी होने से कई बार सहना पड़ता है घाटाः** छोटकी सासाराम के रहने वाले एक गड़रिया सुहावन पाल ने बताया कि हमलोग दूध पी जाते है। क्योंकि भेड़ ज्यादा दूध नहीं देती है। उनके पास लगभग 100 भेड़ है। प्रतिदिन कई-कई घंटे भेड़ को चराते है। भेड़ के बच्चे को हैदराबाद के खरीददार आते है और ले जाते है। वहीं अगर किसी भेड़ को बीमारी हो गई तो उसमें घाटा सहना पड़ता है। इसमें भेड़ के पैरों में दिक्कतें आने लगती है। इस बीमारी में भेड़ लंगड़ कर चलने लगती है। सब कुछ काट कर यानी घर परिवार चलाने के बाद साल में महज 20 से 30 हजार रुपए ही बच पाता है। भेड़ के दूध को लेकर कहा जाता है कि बायोएक्टिव पदार्थों से भरपूर उत्पाद के रूप में, न्यूरोलॉजिकल और कैंसर रोगों के खिलाफ लड़ाई में शरीर का समर्थन करने के लिए एक चिकित्सा सहायता के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पाया गया है कि ओरोटिक एसिड फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 के चयापचय में सुधार करता है।

# संक्षिप्त समाचार

## भागलपुर में ट्रेन की चपेट में आया अधेड़, नशे में कर रहा था रेलवे ट्रैक पार



**भागलपुर**। भागलपुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। वह शराब के नशे में रेलवे ट्रैक के किनारे अपने घर की तरफ पैदल जा रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ है। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिस वक्त घटना हुआ, उस वक्त मृतक नशे में था। रेल ने काफी हॉर्न लगाया। उसके बावजूद वह रेलवे ट्रैक से नहीं साइड हुआ। इसके बाद रेल की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। मरने वाले की पहचान चौधरीडीह निवासी सिकंदर(35) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौधरीडीह के पास भागलपुर जंक्शन की तरफ से आ रहे ट्रेन की चपेट में आया था। इसके कारण उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना के बाद आनन-फानन में परिजन रेलवे अस्पताल पहुंचे। जहां पर उन्होंने शव की पहचान की। मृतक सिकंदर की पत्नी आशा देवी ने बताया कि पति सिकंदर नशे का आदी था। नशे के कारण वह काम भी कुछ नहीं करता था। घर परिवार और बच्चे के परवरिश के लिए उनको ही दूसरे के यहां मजदूरी कर भरण-पोषण करना पड़ता था। मजदूरी कर घर का सारा खर्च उठाती है। पति शराबी होने के कारण वह कोई काम नहीं करता था। आज भी नशे में रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान रेल की चपेट में गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## अंडरपास की मांग को लेकर टेंट लगाकर धरने पर बैठे किशनपुर के ग्रामीण, फोरलेन सड़क का काम भी रोका



**अकबरनगर**। निर्माणाधीन मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन पर किशनपुर गांव के समीप अंडरपास की मांग को लेकर रविवार से ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने फोरलेन का निर्माण कार्य को भी रोक दिया। धरना पर बैठे संजय मंडल, फंटूस मंडल, विकास कुमार, गुलाबी मंडल, रामदूत कुमार, अजय कुमार ने कहा कि किशनपुर गांव के लोगों की खेतीबाड़ी फोरलेन के दक्षिणी क्षेत्र में है। एनएच 80 से किशनपुर गांव होते हुए शाहकुंड प्रखंड के दरियापुर नवटोलिया तक 14 किमी लंबी सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन है। फोरलेन बनने से यह सड़क अवरुद्ध हो जाएगी। इससे भवनाथपुर, गौरीपुर, रन्नूचक, मकंदपुर छींटमकंदपुर, खैरेहिया, हरिनगर, किशनपुर गांव के किसानों को 5 किलोमीटर घूमकर खेती करने के लिए दियारा जाना पड़ेगा। इसलिए, यहां अंडरपास बनवाया जाए। जब तक अंडरपास निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलेगी, धरना जारी रहेगा। इसको लेकर सांसद, विधायक, डीएम को आवेदन दिया गया है। धरना में महिलाएं भी शामिल थीं। सूचना मिलने पर विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल धरना स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने अंडरपास के निर्माण के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। विधायक ने संबधित अधिकारी से भी बात की और समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिकारी ने मंगलवार को निर्माण कार्यस्थल पर जाकर मामले की जांच करने और समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है।

## उद्घाटन समारोह के लिए ट्रैफिक रूट बदले गए, डिक्सन मोड़ में 3.30 घंटे 30 बसें फंसी

**भागलपुर**। शहर में जाम की समस्या आम हो रही है। रोज हजारों लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा। समाधान नहीं होने से सिरदर्दी बढ़ती जा रही है। पुलिस-प्रशासन की ओर से भी जाम के निदान को लेकर ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। शहर में कोई मंत्री या वीआईपी आते हैं तो रूट का बदलाव कर दिखाया जाता है कि शहर जाम से मुक्त है, लेकिन जिन रूटों से वाहनों को गुजारा जाता है, वहां स्थिति और भी बदतर हो जाती है। रविवार को वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन को लेकर जाम की कुछ ऐसी ही



समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ा। स्टेशन, लोहिया पुल, डिक्सन मोड़, पटलबाबू रोड, खलीफाबाग, दवापट्टी, सुजागंज को पूरी तरह से साफ रखा गया। करीब साढ़े तीन घंटे इन जगहों पर रूट का बदलाव देखा गया। सुबह के लगभग 8 बजे से 11.30 बजे तक स्टेशन व अन्य रूटों पर बस, ऑटो, ई-रिक्शा सहित अन्य वाहनों पर रोक रहा। इस दौरान डिक्सन मोड़ स्थित बस स्टैंड से पूर्णिया, कटिहार, बांका, दुमका, देवघर, गोड्डा, धोरैया, सहरसा आदि रूटों की लगभग 30 बसें साढ़े तीन घंटे तक बंद रही।

## डेंगू की एक मरीज और मिली, छह संभावित हुए भर्ती

**मुंगेर**। सदर अस्पताल में रविवार को एलाइजा जांच रिपोर्ट में जमालपुर की एक महिला मरीज पॉजिटिव पायी गयी है, जो जमालपुर निवासी 20 वर्षीय मनीषा परवीन है। हालांकि रविवार को एलाइजा पॉजिटिव मिली महिला मरीज को जांच के बाद उसके परिजन अस्पताल से लेकर चले गये थे। जिसका इलाज संभवत शहर के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में रविवार को अब तक एक दिन में सर्वाधिक डेंगू के संभावित 6 मरीजों को भर्ती किया गया है। जिसमें हेरूदियारा निवासी संजय यादव की 14 वर्षीय पुत्री रोशनी कुमारी, मकससपुर निवासी विक्रम मोदी की 22 वर्षीय पत्नी मनीषा कुमारी, हलीमपुर निवासी राम कुमार की 28 वर्षीय पत्नी रेशम कुमारी, लखीसराय जिले के मेदनीचौकी निवासी चितरंजन महतो की 25 वर्षीय पत्नी गुड्डी कुमारी, कजरा निवासी 75 वर्षीय धनेश्वर साह तथा खगड़िया जिले के बलहा बाजार निवासी रणवीर यादव के 21 वर्षीय पुत्र पिनकेश कुमार को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद भर्ती किया गया। आज शाम तक आएगी छह संभावित मरीज की एलाइजा जांच रिपोर्ट सभी मरीज के सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेज दिये गए हैं। जिसकी रिपोर्ट सोमवार की शाम तक आएगी। इधर 6 नये संभावित मरीज के अतिरिक्त पूर्व में वार्ड में एलाइजा जांच में डेंगू पॉजिटिव मरीज शिवकुंड निवासी 19 वर्षीय सचिन कुमार सहित संभावित मरीज जमालपुर निवासी 30 वर्षीय अजीत पवार, अभयपुर निवासी 56 वर्षीय मृत्युंजय कुमार तथा हवेली खड़गपुर के राजगंज निवासी नीतीश कुमार का इलाज वार्ड में चल रहा है। इस संबंध में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमन कुमार ने बताया की रविवार को जमालपुर की मनीषा परवीन को एलाइजा जांच में पॉजिटिव पायी गयी है। जबकि मकससपुर निवासी रीना शर्मा का एलाइजा रिपोर्ट निगेटिव आया है।

# नदी का कटाव जारी, गंगा में समाए घर, आंगनबाड़ी केंद्र, 25 से अधिक घरों पर मंडरा रहा खतरा

निज संवाददाता | भागलपुर

♦ लोग मकान खाली कर पलायन को मजबूर

भागलपुर स्थित कहलगांव प्रखंड के पुरानी मसाढ़ू में गंगा के कटाव का कहर जारी है। पिछले करीब 15 दिन से रुक-रुककर हो रहे कटाव की रफ्तार रविवार की सुबह अचानक तेज हो गई। इस दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का भवन, एक मकान और एक बिजली का पोल गंगा नदी में समा गया। वहीं, नदी के किनारे पर स्थित 25 से ज्यादा घरों पर भी अब कटाव का खतरा मंडराने लगा है।

**चेतावनी लेवल से ऊपर पहुंचा गंगा का पानी:** कहलगांव में एक बार फिर गंगा के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो गई है। केंद्रीय जल आयोग के अधिकारी के अनुसार, यहां प्रति दो घंटे में गंगा एक सेंटीमीटर बढ़ रही है। रविवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 30.76 मीटर था, जो चेतावनी लेवल से 67 सेंटी मीटर ऊपर है। गंगा का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। इससे लोग सहमे हुए हैं।

**पलक झपकते नदी में विलीन हो जा रहे घर और जमीन:** गंगा नदी भागलपुर के कई हिस्सों में तबाही मचा रही है। कटाव इस कदर हो रहा है कि पलक झपकते गंगा नदी में घर और जमीन विलीन हो जा रहे हैं। पीड़ित घूरन मंडल, ज्ञानी मंडल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कटाव की रफ्तार इतनी तेज है कि बंबू रोल डालने के साथ ही नदी की धार में बह जा रहा है। कटाव की रफ्तार देखते हुए इन घरों के लोग अपने मकान के जरूरी सामान सहित दरवाजे, खिड़की आदि जरूरी सामान निकाल कर पलायन की तैयारी में जुट गए हैं।





**100 फीट पीसीसी सड़क कटकर नदी में समा गई थी:** ग्रामीण का आरोप है कि पिछले तीन दिन से कटावरोधी कार्य नहीं हो रहा है। जल संसाधन विभाग की ओर से जैसे-तैसे कार्य को निपटाया जा रहा है। बता दें कि 12 दिन पहले 100 फीट पीसीसी सड़क कटकर नदी में समा गई थी। इससे पहले नल-जल योजना की जल मीनार भी कटाव की भेंट चढ़ गई थी।

**तौफिल और अंठावन दियारा में भी कटाव:** इधर, कहलगांव प्रखंड के बटेश्वर स्थान, तौफिल, अंठावन और रानी दियारा गांव में गंगा का कटाव जारी है। रविवार को तेज हवा चलने से कटाव की रफ्तार भी बढ़ गई। दर्जनों किसानों की दो एकड़ जमीन गंगा में समा गई। सबसे ज्यादा कटाव तौफिल दियारा के महंत बाबा स्थान के पास हुई। मुखिया प्रतिनिधि संजय मंडल और पंचायत समिति सदस्य गंगाधर राज ने बताया कि महेश मंडल की 10 कट्ठा, चंदन मंडल की पांच कट्ठा और बबलू चौधरी की 10 कट्ठा जमीन के अलावा अन्य किसानों की दो-चार कट्ठा करके करीब 2 एकड़ जमीन कटाव की भेंट चढ़ गई।

**300 से अधिक घर नदी में समा जाएंगे:** इधर, मुखिया अभिषेक कुमार ने बताया कि अगर कटाव इसी तरह से होता रहा तो 300 से अधिक घर नदी में समा जाएंगे। पुरानी मसाढ़ू में पश्चिम से पूर्व की ओर करीब आधा किलोमीटर तक कटाव हो रहा है।

## भागलपुर में पूजा पंडाल का निर्माण शुरू
# 24 से अधिक पंडालों में इस बार मां दुर्गा विराजेंगी

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में दुर्गा पूजा शुरू होने में महज कुछ दिन ही शेष है। इसको लेकर भागलपुर में पूजा पंडाल का निर्माण भी शुरू हो चुका है। भागलपुर जिले में लगभग 2 दर्जन पूजा पंडालों में इस बार मां दुर्गा विराजेगी। इस बीच भागलपुर से पूजा पंडाल बनाने कुछ खास तस्वीर सामने आई है। यहां विशेष समुदाय के लोग दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। कारीगर मुरादाबाद, बंगाल से आकर मुस्लिम कारीगर पंडाल का निर्माण कर रहे हैं।

**दुर्गा पूजा पंडाल बनाने में खुशी मिलती:** पंडाल निर्माण कर रहे मुरादाबाद से आए कारीगर मुन्ना शेख ने कहा कि हम मुस्लिम है, लेकिन जब भी हमें भागलपुर से दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए बुलाया जाता है तो हम अपनी टीम के साथ भागलपुर में आकर पूजा पंडाल का निर्माण करते हैं। जिस तरह से निर्माण का ऑर्डर मिलता है। उसी तरह हम लोग पंडाल का निर्माण करते हैं। दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करने में हमें भी बहुत खुशी मिलती है।

मंटू शेख ने कहा कि पिछले 13 साल से हम लोग भागलपुर में दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। निर्माण कर रहे कारीगर आजम रहमान ने बताया कि इस तरह का पंडाल निर्माण करने में लगभग हम लोगों को 15 दिन का समय लगता है। हम लोगों को पंडाल निर्माण करने में बांस, कपड़ा, थर्मोकोल का जरूरत पड़ता है जो कि यहां पर हमें समिति के द्वारा उपलब्ध करा दिया जाता है।

# वंदे भारत के खुलते ही लोकल ट्रेन के लिए प्लेटफॉर्म पर दिखी जबरदस्त भीड़, पटरियों पर उतरे लोग

निज संवाददाता | भागलपुर



बिहार को आज 3 और वंदे भारत ट्रेन मिली है। इनमें से एक भागलपुर से हावड़ा के बीच चलेगी। वहीं, 15 सितंबर को इस ट्रेन की शुरुआत हुई। इस ट्रेन के भागलपुर जंक्शन से चलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के लिए लोग पटरी से लेकर प्लेटफॉर्म तक पर खड़े हो गए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। भागलपुर में एक तरफ जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, डीआरएम, सांसद मौजूद थे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। वहीं दूसरी तरफ इस ट्रेन के जाते ही लोकल ट्रेन पर चढ़ने के लिए जबरदस्त भीड़ दिखी। जान जोखिम में डालकर यात्री एक प्लेटफॉर्म से रेल पटरी को पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते दिखे। जब लोकल ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची, तो यात्रियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जहां एक पटरी पर लोगों एक कतार से खड़े दिख रहे हैं। साथ ही प्लेटफॉर्म पर भी पटरी से बिल्कुल सट कर खड़े हैं। वहीं, जैसे ही ट्रेन आई और रुकी, लोगों के बीच चढ़ने की होड़ लग गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था नदारद दिखी। यह तस्वीर उस वक्त की है, जब कुछ ही देर पहले इस प्लेटफॉर्म संख्या 6 से वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ हुआ।उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जब भागलपुर-साहिबगंज धुलियान पैसेंजर प्लेटफॉर्म पर प्रवेश कर रही थी। इस दौरान एक भी RPF या GRP के जवान नजर नहीं आए। सुरक्षा के इंतजाम बिल्कुल नदारद थे। पटरी पर इस तरह की भीड़ थी की मानों किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। धुलियान पैसेंजर में यात्री भेड़ बकरी की तरह चढ़ते और यात्रा करते नजर आए। यात्रियों में इसको लेकर काफी रोष देखा जा रहा है। यात्रियों ने कहा कि हमे वंदे भारत नहीं चाहिए। लोकल ट्रेन चाहिए और इसी तरह हर दिन स्थिति रहती है, लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही जरूरत है कि सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। ताकि इस तरह की तस्वीर सामने न आए।

# भागलपुर में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का लगाया आरोप

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में नवविवाहिता की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मारपीट के कारण नवविवाहिता की मौत हुई। है। इसको लेकर थाना में मामला दर्ज कराया है। वहीं, पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें की नवविवाहित ने लव मैरिज की थी। मामला जिला के घोघा थाना क्षेत्र का है। यहां की जानीडीह गांव निवासी सन्नीशेखर उर्फ छोटू की पत्नी चांदनी देवी की मौत इलाज के दौरान हो गई। चांदनी की मौत के बाद स्वजनों ने अत्यधिक मारपीट की वजह से हुई मौत का आरोप लगाते हुए घोघा थाना में मामला दर्ज कराया। स्वजनों के आरोप के आधार पर मौत के कारणों का स्पष्टीकरण के लिए पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कर पोस्टमॉर्टम करवा दिया। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद पुलिस ने



देर शाम शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतिका के परिजनों ने बताया कि जब से चांदनी की शादी हुई है। चांदनी का पति और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर हमेशा मारपीट और प्रताड़ित करते थे। अभी कह रहे हैं इलाज के दौरान मौत हुई है। लेकिन हमलोगों को लगता है कि इसकी हत्या कर दी गई है। वहीं, मृतिका के पति सन्नी शेखर ने बताया कि हम दोनों की शादी लव मैरिज हुई थी, मेरी पत्नी 6 माह की गर्भवती थी। प्राइवेट क्लीनिक में इलाज करवा रहे थे। शरीर में पानी कम होने

♦ FIR दर्ज, लव मैरिज की थी

की वजह से समय से पहले डिलीवरी करवा दिया गया। डिलीवरी नॉर्मल हुई थी और उसने बच्चे को भी जन्म दिया। बच्चा अस्वस्थ होने के कारण उसे बेबी केयर में रखे थे। वह भी डेथ हो गया। उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद हम लोगों ने इसे भर्ती करवाया। इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि चांदनी के परिवार वालों ने थाने के समक्ष से लिखा पड़ी करवा कर घोघा स्थित ओलापुर शिव मंदिर में 23 दिसंबर 2022 को हम दोनों की शादी कराई गई। चांदनी के परिवार वाले सभी थे। मैं अकेला मंदिर पहुंचा था। हम दोनों की मुलाकात शादी के 2 साल पहले हुई थी। मेरी पत्नी चांदनी दीदी की चचेरी ननद लगती थी। उसी ने बताया पहले प्रपोज किया था। आज उसके परिजन आरोप लगा रहे हैं, मुझे कोई गम नहीं है। पोस्टमॉर्टम के बाद सब क्लियर हो जाएगा कि आखिर मेरी पत्नी की मौत कैसे हुई है।

# सुरक्षा के बीच हजरत पैगम्बर साहेब का जन्मदिवस मना

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के विभिन्न इलाकों में सोमवार को हजरत पैगम्बर साहेब का जन्म-दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर शहर और ग्रामीण इलाके से मुस्लिम समुदाय ने जुलूस निकाला। जुलूस में गाजा-बाजा, घोड़ा पर सवार और मोटरसाइकिल और छोटी वाहन पर सवार होकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने झंडा और निशान लेकर शहर भ्रमण किया। सुल्तानगंज से निकल कर ये जुलूस कोलगामा पहुंचा। वहां से वाहन पर सवार होकर अब्जुगंज, दिलगौरी होते हुए बड़ी शाही मस्जिद पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। इस मौके पर जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत पैगम्बर साहेब का जन्मदिवस पर नारे तकदीर अल्लाह हो अकबर का नारा लगाते हुए एक दूसरे को मुबारक बाद दिया। इसे लेकर थानाध्यक्ष प्रियरंजन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी जुलूस में एक एक सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को नियुक्त करते हुए शांतिपूर्ण जुलूस का समापन करने में सहयोग करते हुए देखे गए। इस दौरान तिलकपुर मुखिया अमित कुमार, कोलगामा मस्जिद के सेकेट्री, एंव मो.सोनु, राजद नेता मो. मेराज, मो मंजूर, राजद के नगर अध्यक्ष अफरोज आलम ने हजरत पैगम्बर साहेब के जन्मदिवस पर सुलतानगंज के प्रशासनिक पदाधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों को मुबारक बाद देते हुए शांति व सोहार्द पुर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील किए। साथ ही थानाध्यक्ष प्रियरंजन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था अच्छी होने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धन्यवाद देते हुए। मुबारक बाद दिए।

# जच्चा-बच्चा की मौत पर अस्पताल में हंगामा

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर के मायागंज के स्त्री और प्रसव विभाग में जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। अकबरनगर बिसनपुर निवासी श्री राम मंडल की पत्नी रेखा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां प्रसव के बाद दोनों की मौत हो गई। मौत के बाद जब परिजनों ने हंगामा किया। अस्पताल प्रशासन ने बरारी थाने की पुलिस बुला ली। परिजनों का आरोपी है कि नर्सों का व्यवहार बेहद खराब था। नर्स ने हमलोगों से ठीक से बात नहीं की और कुछ भी पूछने पर सही जवाब नहीं दिया। जब दोनों की मौत हो गई तो हमलोगों के बार-बार पूछने पर भी कारण नहीं बताया। हर बात के लिए वे लोग चिकित्सक से बात करने बोल रही थी, चिकित्सक भी हमलोगों को सही जानकारी नहीं दे रहे थे।



**मरीज के पिता से दो हजार रुपए की ठगी:** दूसरी तरफ झारखंड गोड्डा के दिलखुश नाम के मरीज के पिता रणवीर मंडल से दो हजार रुपए की ठगी सीटी स्कैन जांच के नाम पर हो गई। ठग खुद को अस्पताल का स्टाफ बताकर रुपए लेकर भाग गया। इसके बाद परिजनों ने मौखिक शिकायत सुरक्षा गार्ड से लेकर इमरजेंसी कंट्रोल रूम में भी की, लेकिन लिखित शिकायत नहीं की, इस वजह से यहां के जिम्मेदारों ने भी इसकी खोजबीन नहीं की। अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने कहा कि अस्पताल में सुझाव पेटी लगवाने का निर्देश दिया है।

# 30 बेड वाला बहुमंजिला भवन पड़ा है बेकार 6 बेड वाले पुराने मकान में मरीजों का इलाज

निज संवाददाता | मुंगेर

जिले के टेटिया बंबर प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर उसे सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का दर्जा दे दिया गया है। इसके लिए बीते जून महीने में ही 7.69 करोड़ की लागत से यहां 30 बेडों वाला बहुमंजिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाकर तैयार हो गया। बिहार चिकित्सा सेवा एवं अवसंरचना निगम यानी बीएमएसआईसीएल ने 2 महीने पूर्व ही इसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर भी कर दिया गया है। बावजूद आज भी सीएचसी टेटिया बंबर का संचालन 6 बेड वाले पुराने भवन में ही हो रहा है। पुराने भवन में न मरीजों को ठीक से भर्ती करने की जगह और न ही प्रसव व बंध्याकरण कराये जाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण करोड़ों खर्च के



बावजूद मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंसार अहमद का कहना है कि उन्हें भवन हैंडओवर ही नहीं हुआ है। बेड की कमी के कारण अधिकांश मरीजों को बेहतर चिकित्सा के लिए सीएचसी हवेली खड़गपुर या सदर अस्पताल मुंगेर जाना पड़ता है। पर्याप्त जगह नहीं रहने के कारण यहां एक्स-रे कक्ष तक की सुविधा नहीं है। इतना ही नहीं प्रत्येक महीने के एएनसी जांच के लिए जगह के अभाव के कारण जगन्नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर स्थित कला मंच पर शिविर लगाया जाता है। जिससे महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। 2 जुलाई को केवल एक दिन नए भवन में इलाज सीएचसी टेटिया बंबर में इलाज के दौरान हो रही परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से ही 30 बेडों वाला बहुमंजिला केंद्र बनाकर तैयार कर दिया गया है। जहां एक्स-रे, इसीजी, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी सहित अन्य विभाग के लिए अलग-अलग कमरा बनाया गया है।

यह भवन इसी साल जून के महीने में ही बनकर तैयार हो चुका है। बीते 2 जुलाई को इस भवन में एक दिन चिकित्सा सेवा भी आरंभ हुई। लेकिन दूसरे ही दिन से पुनः पुराने भवन में सीएचसी का संचालन होने लगा। जिसके बाद अब तक स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी ने इस नए भवन में सीएचसी को शिफ्ट करवाने की कोई पहल ही नहीं की है। नतीजतन पुराने भवन में मरीजों को ओपीडी, इंडोर, प्रसव, एएनसी जांच सहित अन्य चिकित्सकीय सेवाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री ने कहा था- जुलाई तक पूरा हो जमीन सर्वे

### उपमुख्यमंत्री बोले- कोई डेडलाइन नहीं; जब तक लोग दस्तावेज से संतुष्ट नहीं होंगे, जारी रहेगा



**पटना, एजेंसी।** जमीन सर्वे को लेकर लोगों में मची अफरातफरी के बीच राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जमीन सर्वे को लेकर कोई डेडलाइन नहीं है। लोगों की संतुष्टि तक सरकार सर्वे जारी रखेगी। जब तक लोग अपने सभी तरह के डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध नहीं कराएंगे, सर्वे जारी रहेगा। पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री के इस बयान के बाद जमीन बंटवारे और अपडेट डॉक्यूमेंट्स लेकर अंचल कार्यालयों (ष्ट्ह ऑफिस) दौड़ रहे लोगों (रैयतों) के लिए यह राहत वाली खबर है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई तक पूरा किया जाए।

इससे पहले 3 जुलाई को सीएम नीतीश कुमार ने कहा था कि जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो। दरअसल जमीन संबंधी दस्तावेज में कई पेचीदगी आ रही है। जिसके कारण पूरे राज्य में कई तरह की अफवाह भी है, जैसे पेपर कंप्लीट नहीं होगा तो जमीन सरकार की हो जाएगी। सर्वे को लेकर लोगों में तनाव है। अब डिप्टी सीएम की इस घोषणा के बाद राहत मिलेगी। राज्य के कुल 45 हजार 749 मौजों में से 38 हजार 211 मौजों में सर्वे शुरू हुआ है। सिर्फ शहरी, असर्वेक्षित (जिसका सर्वे न हुआ हो) 2611 मौजों में ही सर्वे बाद में होना है।

### मुख्यमंत्री ने कहा था-सर्वे जुलाई 2025 तक पूरा करें

बीते 3 जुलाई को जमीन सर्वे के लिए कांट्रैक्ट पर बहाल 9888 लोगों के नियोजन पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा था, %मैं हाथ जोड़ता हूं। कहिए तो पैर भी छू लूं, लेकिन जमीन सर्वे का काम जुलाई 2025 के पहले जरूर पूरा किया जाए। यह काम विधानसभा चुनाव के पहले हर हाल में हो।

इसके चलते जमीन के डॉक्यूमेट और अपडेट लगान रसीद के लिए अंचल कार्यालयों में लोगों का भारी दबाव है। बड़े पैमाने पर आपसी बंटवारा नहीं होने से मामला और पेचीदा हो गया है। आए दिन किसी न किसी जिले से विवाद की सूचनाएं सरकार के पास पहुंच रही हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग लोगों की समस्याओं को तत्काल और तेजी से निपटाने में सफल नहीं हो पा रहा है।

### जमीन पर ऐसे सर्वे का काम पूरा होगा

चार चरणों- किस्तवार, खानापुरी, सुनवाई और लगान बंदोबस्ती में सर्वे का काम पूरा होता है। सबसे पहले किस्तवार (गांव की बाउंड्री और उसके अंतर्गत खेत का नक्शा निर्माण) होता है। फिर खानापुरी (प्लॉट का मालिक तय करना) करके खानापुरी पर्चा (खेत का कागज यानि कच्चा खतियान) तैयार होता है। ये दोनों काम जमीन पर पूरा करने के बाद संबंधित गांव और खेत का खेसरा पंजी (खेत का आंकड़ा) तैयार कर खेत का नक्शा और खेत का कागज (खानापुरी पर्चा) संबंधित जमीन मालिक को दिया जाता है। इन दोनों डॉक्यूमेंट्स के आधार पर रैयत (जमीन मालिक) को सर्वेक्षण कार्य की जानकारी प्राप्त होती है।

तब वो उन डॉक्यूमेट्स में किसी भी गलत प्रविष्टि के खिलाफ दावा/आपत्ति दायर करते हैं। जांच के बाद खतियान का अंतिम रूप से प्रकाशन होता है और इस तरह संबंधित गांव (मौजों) के सर्वे का काम पूरा हो जाता है।

### 90 साल बाद बिहार में साल 2011 में एक्ट बनाकर जमीन सर्वे हो रहा

90 साल के बाद बिहार में जमीन सर्वेक्षण के लिए साल 2011 एक्ट और साल 2012 में नियमावली बनाकर विशेष जमीन सर्वेक्षण हो रहा है। बिहार में पहला जमीन सर्वेक्षण साल 1890 के बाद शुरू हुआ था, जो 1920 यानी 30 सालों तक चला था। उस समय सर्वेक्षण में पहली बार ग्रामवार जमीन के पैमाना आधारित नक्शा और खतियान (अधिकार-अभिलेख) बनाया गया।

उस सर्वे को कैडेस्ट्रल या साविक सर्वे के नाम से जाना गया। आजादी के बाद 1952 में पुनरीक्षित (रिविजनल) सर्वे शुरू किया गया, जिसका आधार और पूरी कार्य प्रणाली कैडेस्ट्रल सर्वे के समान ही थी। फिर जमीन की संरचना और स्वामित्व में हुए बड़े बदलाव को देखते हुए आधुनिक तकनीकी आधारित जमीन सर्वेक्षण के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम 2011 और नियमावली 2012 बनाई गई। इसके बाद एक्ट में 2012 और 2017 में तथा नियमावली में 2019 में संशोधन हुआ। फिर कोर्ट के निर्देश पर टेक्निकल गाइडलाइन बनाई गई और बिहार में जमीन सर्वेक्षण शुरू हुआ। इसके तहत पूरे सूबे का डिजिटाइज्ड मैप तैयार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार देर रात की है। दरअसल दारुल उलूम के पास एनएच-327ई पर एक तेज रफ्तार ट्रक और मिनी ट्रक के बीच टक्कर हो गई। घटना के बाद स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बहादुरगंज थाना को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना ग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव परासर ने कहा कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इसके साथ ही एक गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान अबू नसर के रूप में की गई है। वह अररिया जिले के ताराबारी का रहने वाला है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सरैया में ऑटो पलटने से पांच जख्मी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जैतपुर थाना क्षेत्र के मुजा चौक के समीप ऑटो पलटने से पारू थाना क्षेत्र की ग्यासपुर निवासी हीना खातून, जाह्नवी, चिंता देवी, मो. अयान और ऑटो चालक रवींद्र जख्मी हो गया। घायलों को जैतपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी यात्री घर जा रहे थे। उसी दौरान अचानक सड़क पर एक व्यक्ति आ गया, जिसको बचाने में चालक ऑटो से नियंत्रण खो दिया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि ऑटो को जब्त कर लिया गया है।

### डोडा तस्करी मामले में दो वांटेड अभियुक्त गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार थाने के तिलैया-डुमरावां रोड में नौहर मोड़ से 13 सितंबरशुक्रवार को गिरफ्तार किए गए डोडा तस्कर असगर खान की निशानदेही पर बांकेबाजार पुलिस ने दो और वांटेड को रविवार की दोपहर इमामगंज के सलैया बाजार से गिरफ्तार कर लिया। बांकेबाजार थाना कांड संख्या 110/24 के के मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों इमामगंज के कोठी थाने के तेलवारी गांव के सुभाष गिरी उर्फ बाबा और सुहैल थाने के सलैया गांव के सुरेंद्र साव उर्फ सेल्फी शामिल है। थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि शुक्रवार को नौहर मोड़ के पास से एक स्कॉर्पियो से 108 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा जप्त की गई थी। उसके साथ एक तस्कर असगर खान गिरफ्तार किया गया था। उसी की निशानदेही पर दोनों को सलैया बाजार से गिरफ्तार किया गया है। दोनों से आने में पूछताछ की जा रही है।

### व्यवसायी के निधन पर जताया शोक

**दरभंगा, एजेंसी।** कछुआ पंचायत के कछुआ चकौती निवासी स्व. केदार नाथ ठाकुर के चौथे पुत्र परिवहन व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप ठाकुर (70) के निधन से शोक की लहर दौड़ गई। उनके भाई संजीव कुमार ठाकुर ने बताया कि चक्रेश्वरीस्थान के पास उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सांसद अशोक कुमार यादव, जाले के विधायक जीबेश कुमार, डॉ. विजय भारद्वाज, मुखिया वीणा झा, पूर्व मुखिया सुनील कुमार मिश्र पूर्व सरपंच रत्नेश्वर मिश्र ने शोक व्यक्त किया है।

# इमामगंज में भी खुलेगा टेक्नोलॉजी सेंटर, 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार : जीतनराम मांझी



**गया, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इमामगंज के गांधी मैदान में गरीब संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जे गरज हे ऊ बरस न हे। बिहार के गया जिले में रोजगार की कमी है। यहां रोजगार चाहिओ। हम तो समूचे भारत में रोजगार के लिए काम कर वे करवो। अभी गया के डोभी में बीस एकड़ में टेक्नोलॉजी सेंटर खुलइत हव। वहीं एक टेक्नोलॉजी सेंटर इमामगंज में भी बीस एकड़ में एक साल में खुल जायेगा। जिसमें दस हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए मैं बिहार सरकार के जमीन का भी पता लगा लिए हैं। इमामगंज सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। यहां के युवाओं को रोजगार लेने के लिए यहां पर एक अनुसूचित कोटी का हब बनेगा। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव कौशलेंद्र कुमार सिंह के मांग पर शेरघाटी से डुमरिया तक स्टेट हाइवे 69 को फोर लेन बनाने के लिए भी आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि इमामगंज के पकरी गुरिया चुआवार नदी पर 18 करोड़ की लागत से और जूरी नावाडीह फुलवरिया नदी पर साढ़े अठारह करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होगा। इसकी स्वीकृति मिल गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि गया से डाल्टेनगंज तक नई रेलवे लाइन का भी निर्माण चार सौ 26 करोड़ की लागत से होगा। इसकी भी स्वीकृति मिल गई हैं। इसके अलावे रानीगंज से पानियां होते हुए शेरघाटी तक 15 किलोमीटर सड़क का भी निर्माण होगा। इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी हैं। वहीं कोठी से सलैया तक की रोड का भी चौड़ीकरण किया जायेगा। इसके बाद अंत में कहा कि अगले चुनाव में हम पार्टी के को भी उम्मीदवार आयेंगे सब कुछ भूल के कड़ाही ये छाप पर ठपा ठप वोट दे दी है।

बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और अनुसूचित-जनजाति कल्याण मंत्री ने कहा कि इमामगंज वासियों की पीड़ा को मैं समझता हूं। वह मेरा पीड़ा है। इमामगंज को ऐसा मॉडल बनायेगें की उसे लोग देखते रह जायेगें। उन्होंने कहा कि इमामगंज में एक बड़ा हॉस्पिटल खोलेंगे। जिससे यहां के लोगों को गया, पटना इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। वहीं यहां के बेटा बेटियों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई इमामगंज में हो। इसके लिए यहां पर एक यूनिवर्सिटी की स्थापना कराएंगे। इमामगंज के दो हम पार्टी के नेता है। एक केंद्र में मंत्री है और एक बिहार में कोई भी विकास का काम नहीं रुकेगा। इस गरीब संकल्प सभा को बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी पार्टी के संगठन सचिव कौशलेंद्र कुमार सिंह, पिछड़ा संघ अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, पार्वती देवी, रूबी देवी, रामप्रीत भारती सांसद प्रतिनिधि टूटू खान, आदि लोगों ने संबोधित किया।

### सड़क जाम कर आवागमन अवरुद्ध करना पड़ा महंगा, 15 नामजद समेत 50 अज्ञात पर केस

**छपरा, एजेंसी।** वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य अज्ञात लोगों की हो रही पहचान छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर महमदा के पास मज़दूर की मौत के बाद हाइवे को किया गया था जाम गड़खा, एक संवाददाता। छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर गड़खा थाना क्षेत्र के महमदा जहरी बाबा के पास बीते दिनों ट्रक के कुचलने से मज़दूर की हुई मौत के बाद छपरा-मुजफ्फरपुर हाइवे को घटनास्थल के पास जाम करना कुछ लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने इस मामले में पीटीसी अजय कुमार प्रजापति के बयान पर 15 नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वीडियो फुटेज के आधार पर इसमें शामिल अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। इन सभी पर रोड जाम कर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने, पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने, एंबुलेंस को रोक कर मरीज के जीवन को संकट में डालने और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के तहत मुक़दमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में पीटीसी ने कहा है कि वह दिवा गश्ती पर थे तभी महमदा जहरी बाबा स्थान के पास एनएच 722 पर एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत होने की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस बल और वाहन के साथ वहां पहुंचे तो देखा कि करीब 100 से 150 लोग हाइवे को अवरुद्ध किये हुए थे और सड़क पर किसी भी वाहन का आवागमन नहीं होने नही दे रहे थे। यही नहीं पुलिस पार्टी को देखकर रोड जाम कर रही भीड़ आक्रोशित हो गई और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने लगी। साथ ही भीड़ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगी तब उन्होंने इसकी सूचना थानाध्यक्ष और वरीय पदाधिकारियों को दी। जब थानाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उनके आते ही रोड जाम कर रहे उपद्रवी उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगे और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। इस दौरान गड़खा से छपरा मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस को भी उपद्रवियों द्वारा जाने से रोक दिया गया। जब उन लोगों को समझाने की कोशिश की गई तो उस भीड़ में से नामजद आरोपितों और अज्ञात लोगों द्वारा पुलिस के साथ हाथापाई की गई।



**स्वच्छता सर्वे 2024:**

## खाली प्लॉटों में कचरा फेंकेंगे तो निगम एक बार साफ करेगा फिर पड़ोसियों को करनी होगी सफाई

**पटना, एजेंसी।** शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए पटना नगर निगम का नया एक्शन प्लान तैयार हुआ है। अब किसी भी खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने सर्वे कराया है। सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर के 128 ऐसे खाली प्लॉट हैं, जहां आसपास के लोग कचरा फेंक रहे हैं। जियो फोटो के साथ उस जगह की पहचान की गई है। इसके बाद नगर निगम ने यहां सफाई व्यवस्था के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। इसके तहत कचरा फेंकने वाले जगहों पर जाकर वहां के आसपास के पड़ोसियों से शपथ-पत्र भरवाया जाएगा। इस शपथ-पत्र में खाली प्लॉट में कचरा नहीं फेंकने पर सहमति ली जाएगी। इसके बाद निगम प्रशासन एक बार उस प्लॉट से कचरा साफ करा देगा। यदि इसके बाद फिर से उस प्लॉट में कचरा फेंका गया, तो वहां के लोगों से ही उस जगह की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए रहवासियों का श्रमदान लिया जाएगा। इसके बाद भी लोग नहीं मानेंगे, तो निगम प्रशासन जुर्माना भी लगाएगा। इस नई व्यवस्था को निगम प्रशासन 17 सितंबर से लागू करने जा रहा है।

### दो अक्टूबर को पहले और बाद का फोटो जारी होगा

कचरा फेंके जाने वाले प्लॉट को साफ करने से पहले उसकी वास्तविक फोटो ली जाएगी। पहचान किए गए ऐसे प्लॉटों की पूर्ण सफाई दो अक्टूबर तक करने का लक्ष्य है। गंदगी से भरे प्लॉट को साफ करने के बाद उसकी दूसरी तस्वीर ली जाएगी। इसके बार इसे जारी किया जाएगा। सर्वे के दौरान यह पाया गया है कि खाली प्लॉट में किसी भी समय वहां के पड़ोसी कचरा फेंक रहे हैं।

### बाजार समिति में चलेगा विशेष अभियान

शहर में बाजार समिति और आसपास का एक ऐसा वार्ड है, जहां एक ही वार्ड में डेढ़ लाख से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां काफी सघन आबादी है। निगम प्रशासन ने यहां वार्ड क्रमांक-47 में नए सिरे से साफ-सफाई करने का निर्णय लिया है। चूंकि बाजार समिति में व्यापारिक गतिविधियां होती हैं, इसलिए यहां बेहतर सफाई जरूरी है। इसके बाद मजहरूल हक स्टेडियम और इसके आसपास के क्षेत्रों की भी सफाई होगी। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर का कहना है कि प्राइवेट जमीन व प्लॉट पर वहां के पड़ोसी किसी भी समय कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। इस संबंधित जगहों का सर्वे कराकर इसकी पहचान कर ली गई है। इसकी सफाई नगर निगम एक बार करेगा, फिर उसके बाद वहां के लोगों से श्रमदान कराकर सफाई कराई जाएगी।

# 5000 पुलिस कर्मी, 100 से ज्यादा सीसीटीवी और 15 वॉच टावर, पितृपक्ष मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष मेला महासंगम-2024 की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। गया में 17 सितंबर को पितृपक्ष मेला का विधिवत शुरुआत होगा। इसके पहले पिंडदानियों के लिए ठहरने से लेकर खाने-पीने, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, ट्रैफिक और सुरक्षा की मुकम्मल तैयारी की गई है। पिंडदानियों के भीड़ को देखते हुए विष्णुपद मंदिर एरिया और आसपास के पिंड वेदियों को हाई सिक्युरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए है। पांच हजार पुलिस कर्मियों के कंधे पर पितृपक्ष मेला की सुरक्षा होगी। पिछले साल की तुलना में पिंडदानियों की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। इस वजह से इस बार सुविधाएं भी बढ़ाई गई। मेला क्षेत्र को 17 सुपर जोन और 42 जोन 324 सेक्टर में में सुरक्षा होगी। 100 से ज्यादा सीसीटीवी लगाए गए हैं। 15 वाच टावर से निगरानी होगी। चिन्हित सभी प्वाइंटों पर पुलिस पदाधिकारी और जवान मुस्तैद रहेंगे। मेला क्षेत्र विष्णुपद मंदिर एरिया, रेलवे स्टेशन और प्रेतशिला का एरिया में पुलिस की विशेष नजर है। सुरक्षा के लिए सभी सरोवरों और देवघाट में एसडीआरएफ, गोताखोर, लाइव जैकेट और नाव के साथ तैनात रहेंगे।

**सेवा भावना से ड्यूटी करने का दिया गया निर्देश :** एसएसपी आशीष भारती ने कहा पितृपक्ष मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गया पुलिस प्रतिबद्ध है। यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से सुदृढ़ करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई गई है। मेला क्षेत्र और पिंड वेदियों पर पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सुरक्षा के साथ सेवा भावना से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

**विष्णुपद मेला क्षेत्र में खुला अस्थाई थाना :** विष्णुपद मंदिर एरिया में पिंडदानियों के सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए अस्थाई थाना खोला दिया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार को इस थाना का प्रभारी बनाया गया है। अस्थायी थाना में 10 सब इंस्पेक्टर तथा 25 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। ये राउंड द क्लॉक पूरे मंदिर और उसके नजदीक पिंड वेदियों का गश्ती करेंगे। हर गतिविधि पर विशेष नजर रखने का आदेश दिया गया है। इस थाना में वायरलेस सेट, बैगेज स्कैनर, फायर फाईटर सिस्टम, पैदल गश्ती दल रहेंगे। इसके साथ ही क्यूक रिस्पांस टीम जवानों को भी रिजर्व रखा गया है।



इसके अतिरिक्त भी सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं की इंट्री गेटपर एक सब इंस्पेक्टर के साथ सुरक्षा कर्मी हैंड मेटल डिडेक्टर से तैनात होंगे।

# करकटगढ़ जलप्रपात में फंसे 11 लोगों को किया गया रेस्क्यू

### कैमूर में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने सभी को बचाया, पिकनिक मनाने गए थे



**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर के चैनपुर पहाड़ी इलाके में स्थित करकटगढ़ जलप्रपात में फंसे 11 लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और लोकल प्रशासन की टीम ने सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया है। जिला अधिकारी सावन कुमार ने कहा कि सभी लोगों को चैनपुर थाना लाया गया है। यहां से उनको परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मालूम हो कि यह सभी लोग पानी के तेज धार के कारण फंस गए थे।

जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक लोग रविवार को पिकनिक मनाने के लिए गए हुए थे। इस बीच कर्मनाशा नदी में पानी की धार अचानक तेज हो गई। धार को बढ़ता देख कुछ युवा उत्तर प्रदेश की तरफ भाग गए और कुछ वहीं बीच जलधार के ऊंचे टापू पर मौजूद पेड़ पर चढ़ गए। उन्हीं के कुछ साथी ने नीचे आकर इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दिया। जिला प्रशासन के अधिकारी फौरन स्थानीय गोताखोर के साथ वहां पहुंचे और स्थिति को जानने में लग गए। इस दौरान डीएम, एसपी, एसडीएम, डीएसपी, डीएफओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू के काम को शुरू कराया। हालांकि पानी की धार इतनी तेज थी की गोताखोर उन सभी को निकालने में नाकाम रहे।

### बांध में पानी को कराया गया बंद

इसके बाद कैमूर प्रशासन ने उत्तर प्रदेश प्रशासन से संपर्क करके पानी को बांध में छोड़ने से बंद कराया। इससे पानी का फ्लो तो कम हो गया, लेकिन बारिश तेज होने के कारण स्थिति वही बनी रही। धार कम नहीं होने के कारण पूरी रात सभी लड़के फंसे रह गए। वहीं देर रात इसकी सूचना एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को दी गई।

**40 की संख्या में पहुंची एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू :** सोमवार को 40 की संख्या में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने फिर रेस्क्यू का काम शुरू किया। लोगों के अनुसार वहां पर फंसे सभी लड़के रोहतास जिले के कोचस के रहने वाले है। भभुआ एसडीएम विजय कुमार और डीएसपी शिव शंकर कुमार ने कहा कि रविवार को पिकनिक मनाने के लिए सभी लोग आए थे। पानी का बहाव अचानक बढ़ गया, इससे 11 की संख्या में लोग फंस गए है। फिलहाल सभी लोग सुरक्षित है। सूचना मिलते ही गोताखोर के माध्यम से उन सभी को बाहर निकालने का प्रयास किया गया था। पानी की धार तेज होने के कारण उनको निकालना संभव नहीं हो सका। बारिश भी काफी तेज हो रही थी। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की कुल 40 लोगों की टीम पहुंची थी।

### महिला को बेहोश कर सोने व हीरे के गहने ले उड़े चोर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना के आदर्श नगर मोहल्ले में महिला को बेहोश कर अपराधियों ने डेढ़ लाख रुपए नकद और सोने व हीरे के गहने चोरी कर ली। करीब 10 लाख रुपये के गहने की चोरी हुई है। गृहस्वामी शोभा कुमारी ने घटना की एफआईआर अहियापुर थाना में दर्ज कराई है। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी में चार अपराधी दिखे हैं। पुलिस उनकी पहचान का प्रयास कर रही है। इलाके से दो संदिग्ध को उठा कर पूछताछ की जा रही है। शोभा कुमारी ने बताया कि घटना बीते 14 सितंबर की अहले सुबह 3:30 बजे की है। पुलिस को बताया है कि वह घर में अकेली सोई हुई थी। इसी दौरान चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर दूसरे कमरे में घुसे। उसे कमरे से लॉकर तोड़ने की आवाज मिली तो वह उठकर रूम में गई। देखा कि गमछा से मुंह बांधे हुए करीब 25 साल का युवक अलमीरा से सामान चोरी कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### करमा डाल का किया गया विसर्जन

**चाईबासा, एजेंसी।** उरांव समुदाय का महान त्यौहार भादो एकादशी करमा पूजा चाईबासा तथा आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया।पारंपारिक नृत्य, संगीत और श्रद्धा के साथ करमा डाल का विसर्जन किया गया।इस अवसर पर शहर के सभी सातों अखाड़ा के लोग नाचते-गाते अपने-अपने अखाड़ा से करमा डाल का विसर्जन रो-रो नदी में किये।शनिवार रात में सभी श्रद्धालुओ ने सुख, शांति व समृद्धि मांगी।इस दौरान करमा पर्व की कहानी सुनी।रातभर नाच-गाना का दौर चला।पूरे रात करमा गीत गाया गया।सभी सातों अखाड़ा को फूल पत्तियों और बिजली बत्ती से सजाया गया था।बारिश के बावजूद पर्व मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया।रविवार को करमा डाल के विसर्जन के साथ दो दिवसीय करमा पर्व सम्पन्न हुआ।

### नदी के बढ़ते जलस्तर पर मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को दिए निर्देश

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों को सुरक्षित रखने की चिंता मंत्री बन्ना गुप्ता ने व्यक्त करते हुए उपायुक्त को विशेष निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्य करने को कहा हैं।उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा हैं कि लगातार तीन दिन से हो रहें बारिश के कारण स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा हैं और खतरे के निशान के करीब हैं।नदी तट पर रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि सतर्क रहें।मंत्री ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि मामले में सतर्कता बरतते हुए ऐसे पीड़ितों को चिह्नित करते हुए सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का उपाय करें।साथ ही उनके दवाइयों, रहने और खाने का भी इंतजाम सुनिश्चित करें और राहत एवं बचाव कार्य चलाये।उन्होंने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की हैं एवं नदी में नहीं जाने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों से भी क्षेत्र में भ्रमण कर पीड़ित परिवार का सहयोग करने का आह्वान किया है।

### गैंग रेप में केस मैनेज कराने के नाम पर पैसे लेने का आरोपी नहीं पहुंचा सामाजिक बैठक में

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी के टेसराटांड़ स्कूल मैदान में सोनोत संथाल समाज की सामाजिक बैठक में पैसे लेने आरोपी नहीं पहुंचा. समाज ने मामले को केंद्रीय कमेटी को सौंप दिया है.पूर्वी टुंडी प्रखंड की रुपन पंचायत के टेसराटांड स्कूल मैदान में सोनोत संथाल समाज ने रविवार को गैंग रेप के मामले का सामाजिक स्तर पर निराकरण को लेकर बैठक बुलायी, लेकिन में बैठक में केस को मैनेज कराने के नाम पर पैसे लेने का आरोपी पिपराटांड़ निवासी श्रीलाल सोरेन नहीं पहुंचा. इस दौरान बैठक के नेतृत्वकर्ता संदीप हांसदा ने कहा कि रुपन पंचायत की एक किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के आरोपियों के केस को मैनेज करने के मुख्य आरोपी श्रीलाल सोरेन बैठक में नहीं उपस्थित हुआ. उन्होंने कहा कि सामाजिक बैठक में आरोपी का नहीं उपस्थित होना समाज का तिरस्कार है. मामले को सोनोत संथाल समाज की केंद्रीय कमेटी को सौंपा जायेगा. केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी.विदित हो कि आदिवासी किशोरी से गैंगरेप मामले के आरोपियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है. श्रीलाल सोरेन द्वारा केस को मैनेज करने के नाम पर आरोपियों के परिजनों से पैसे लेने का आरोप साबित हुआ था, जिसके बाद उसे डालसा पीएलवी के पद से निलंबित कर दिया गया था. बैठक में बाबूराम माझी, लखीकांत सोरेन, मनोज मरांडी, बोदीनाथ बेसरा, होपना मुर्मू आदि थे।

### धनबाद में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित:भगतडीह ने नागेश्वर मंदिर परिसर में बना गोफ

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इसी बीच गर्मी से राहत जरूर मिली है।वहीं दूसरी ओर कोलियरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की धड़कन को भी बारिश ने और बढ़ा दी है।इसकी वजह है भू-धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र का होना।इसकी बानगी देखने को मिली झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगतडीह में।जहां नागेश्वर मंदिर प्रांगण में आज करीब सौ फीट का गोफ बन गया।यहां गणेश प्रतिमा विर्सजन के लिए लाए गए साउंड बॉक्स उस गोफ में समा गए।गोफ बनने के साथ ही तेजी से गैस का रिसाव शुरू हो गया।

# झारखंड के सात से अधिक जिलों में भारी वर्षा का अनुमान, ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची, एजेंसी।** मौसम विभाग ने भारी वर्षा को लेकर रांची के लिए सोमवार को आरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जारी चेतावनी में बताया है कि सोमवार को भी राजधानी में अच्छी बारिश होने की संभावना है। राज्य के उत्तर पश्चिम जिलों के पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में भारी वर्षा होने की संभावना है, इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि निकटवर्ती मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 15 और 16 सितंबर को 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की गति से तेज हवा भी बहने की भी संभावना जताई गई है। जिस कारण तापमान में भारी गिरावट हुई है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तटीय बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से झारखंड में मौसम का मिजाज बदला है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के निम्न दबाव में तब्दील होकर पश्चिम उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

तटीय पश्चिम बंगाल से उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहे सिस्टम के कारण झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मौसमी गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात होने की भी प्रबल संभावना है। राजधानी में रविवार को दिनभर रिमझिम फुहारें होती रहीं। जिसके कारण तापमान अधिकतम तापमान में 4.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट रिकार्ड की गई है।



राजधानी में रूक-रूककर हो रही वर्षा ने आमजनों की थोड़ी परेशानी जरूर बढ़ा दी। निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, तो कहीं-कहीं जलजमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हुई।पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के लगभग सभी क्षेत्रों में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि कहीं-कहीं भारी वर्षा हुई है। पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता देखी गई।

मौसम विभाग की माने तो 17 सितंबर तक बारिश से राहत मिलने की संभावना है। 16 सितंबर को भी राज्य के अधिकांश हिस्से में बादल छाये रहेंगे और कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

राजधानी में रविवार को दोपहर बाद रूक-रूक कर हल्की वर्षा होती रही। सरकारी कार्यालयों व स्कूलों की छुट्टी होने के कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहा। शहर की मुख्य सड़कों पर आवागमन कर रहे वाहनों के हेडलाइट जल उठे।

इस बीच कुछ पुलिसकर्मी एयरपोर्ट रोड में मंदिर परिसर में खड़े नजर आए। बिरसा चौक से एचईसी की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे ब्रिज के समीप करम महोत्सव को लेकर कई महिलाएं नागपुरी गीत पर वर्षा के बीच झूमती रहीं। कई लोग टी स्टॉल पर चाय की चुस्की लेते नजर आए।

मुख्य मार्गों पर बने छोटे-बड़े गड्ढे पानी से भर चुके थे। इस कारण वाहन चालकों को सड़कों पर आवागमन करने में काफी परेशानी हुई। खासकर स्टेशन रोड में पटेल चौक व कांटाटोली से कोकर चौक की ओर जाने वाले वाहन चालकों को वर्षा के दौरान काफी परेशानी हुई।

**24 घंटे में रांची के बुढ़मू में 112 मिमी बारिश :** रांची समेत राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अच्छी बारिश हुई। रांची में 14.2 मिमी बारिश हुई, जबकि बुढ़मू में 112.2 मिमी बारिश हुई। राज्य में गढ़वा में 152.8 मिमी बारिश हुई। मेदिनीनगर में 110.6, पूर्वी सिंहभूम में 105, लातेहार में 85, धनबाद 79.6, गिरिडीह 73.4 और हजारीबाग में 66.8 मिमी बारिश हुई।

**रांची में सामान्य से अधिक बारिश :** मौजूदा समय में बारिश के कारण मानसून की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य की तुलना में रांची का मानसून बेहतर है। रांची में एक जून से 15 सितंबर तक 984.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 39.6 मिमी से 5अधिक है। रांची और आसपास समेत पलामू प्रमंडल के जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। जबकि, रांची और राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**बारिश से बुजुर्ग की मौत, राजधानी फंसी : ब**लातेहार के महुआडांड़ में बूढ़ा नदी पार करने के दौरान डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं लातेहार के बरवाडीह स्टेशन यार्ड की लाइन पर हाई टेंशन तार पर पेड़ गिरने से राजधानी समेत कई ट्रेनों का परिचलन करीब डेढ़ घंटे बाधित रहा। रांची में नुकसान की सूचना नहीं है।

### विकास फोरम के स्थापना दिवस में बोले कुलपति-मनासामाजिक संस्थाओं का दायित्व व महत्व बढ़ा

**गोविंदपुर, एजेंसी।** वर्तमान दौर में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व व महत्व बढ़ा है. दलगत राजनीति से हटकर सामाजिक संस्थाएं बेहतर काम कर रहीं. यह कहना है बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह का. वह शनिवार को सामाजिक संस्था विकास फोरम के 29 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने पिछले 29 वर्षो से बगैर किसी सरकारी सहायता सहायता के सामाजिक कार्यों में लगे रहने के लिए विकास फोरम के पदाधिकारियों व सदस्यों की सराहना की. इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद के प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा राय व यूरोलॉजिस्ट डॉ गौरव प्रकाश तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह व फोरम के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सदस्य सुरेश कुमार चौधरी को सम्मानित किया गया. मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी, संचालन कृष्ण प्रसाद गिरि व विकास कुमार सिन्हा, स्वागत भाषण व सचिवीय प्रतिवेदन एसएन लाल त्यागी, वार्षिक पत्रिका विकास पथ का लोकार्पण संगीतानाथ व कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने किया. मुख्य वक्ता पूर्व आइएएस व कवि श्री राम दुबे ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ के विश्वास, संरक्षक डॉ संगीता कर्ण व पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह ने संस्था के कार्यों की सराहना की. मौके पर शिक्षक नेता नीलकंठ मंडल, संजय कुमार, राजकुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद मिर्धा, शंकर रविदास, प्रो एसएस गिरि, विनोद आनंद, जयप्रकाश मिश्रा, अशोक मंडल, रति रंजन गिरि, उज्जवल मंडल, रामाकांत सिंह, नुसरत प्रवीण, बैजनाथ राम, निर्मल सिंह, विमल शर्मा, किसन महाराज आदि मौजूद थे.

## चासनाला में रिकवरी एजेंट को दिनदहाड़े गोली मारकर आठ लाख रुपये की लूट

**धनबाद, एजेंसी।** चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास रविवार को सिंदरी निवासी रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा (32) को अपराधियों ने गोली मार कर आठ लाख रुपये लूट लिये.सिंदरी-झरिया मार्ग पर चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास रविवार को पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे सिंदरी निवासी रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा (32) को अपराधियों ने गोली मार कर आठ लाख रुपये लूट लिये. स्थानीय दुकानदारों ने घायल एजेंट को उठा कर चासनाला सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. मुकुल को एक गोली लगी है. एसएनएमएमसीएच के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे दुर्गापुर रेफर कर दिया. मुकुल मिश्रा की हालत गंभीर बतायी जा रही है. इधर, सूचना पाकर सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र राउत, पाथरडीह व अन्य थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने घटना की जांच के लिए एसआइटी गठित की है. टीम घटनास्थल का दौरा की और आसपास में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाली. पाथरडीह थानेदार पवन चंद्र पाठक ने बताया कि घायल मुकुल मिश्रा के फर्दबयान पर अज्ञात अपराधियों पर कांड संख्या-16/24 दर्ज किया गया है. अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है. जल्द मामले का उद्भेदन होगा.



एक निजी कंपनी का रिकवरी एजेंट मुकुल मिश्रा रविवार की सुबह धनबाद, बलियापुर व अन्य जगहों से पैसे की वसूली कर अपनी स्कूटी जेएच 10सीइ 8684 से धनबाद से झरिया होकर घर सिंदरी लौट रहा था. इसी दौरान चासनाला बी टाइप कॉलोनी गेट के पास दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया. अपराधी उसके पास से रुपये से भरा बैग छीनने लगे. एजेंट ने विरोध किया, तो अपराधियों ने उसे गोली मार दी. इसके बाद वह रोड पर गिर गया. इसके बाद अपराधी पैसों से भरा बैग लूट कर सिंदरी की ओर फरार हो गये. घटना के चासनाला में अफरा-तफरी मच गयी.

## झारखंड के गरीबों को नहीं चाहिए मोदी का आवास, पीएम के तोहफों पर भड़के इरफान अंसारी, कहा- चुनाव आते ही खुली नींद

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड के गरीबों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आवास नहीं चाहिए। पांच साल बाद उनकी नींद खुली है। चुनाव को देखकर वे यहां आए हैं।

इरफान अंसारी ने कहा कि पिछले पांच सालों से हमारा विभाग लगातार केंद्र सरकार से आवास की मांग करता रहा, लेकिन हमारी एक भी बात नहीं सुनी गई।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना आरंभ की। अब चुनाव नजदीक है तो प्रधानमंत्री को गरीबों की याद आ रही है। उनका असली मकसद गरीबों को आवास देना नहीं, बल्कि उन्हें ठग कर उनका वोट लेना है।

अंसारी ने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबों के नाम पर साजिश रच रही है और जल्दीबाजी में घोषणाएं कर रही है। गरीबों के प्रति उनके मन में कोई दया या संवेदना नहीं है। जिन राज्यों में उनकी सरकारें थी, सिर्फ वहां उन्होंने आवास देने का काम किया।

मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने हमेशा झारखंड के गरीबों और आदिवासियों के हितों के लिए केंद्र सरकार से सहयोग की मांग की है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड के लोगों के लिए आवास की मांग की गई। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र से सहायता की अपील की, लेकिन केंद्र सरकार ने झारखंड की उपेक्षा करते हुए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने झारखंड के प्रति दोहरी नीति अपनाई है और हमारे राज्य को सभी महत्वपूर्ण योजनाओं से बाहर कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गरीबों और वंचितों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू कर राहत दी है। राज्य के गरीब लोग इसका लाभ उठा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अचानक झारखंड की याद आ गई है। वे बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हमेशा झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और पीएम मोदी को गरीब, आदिवासी और मूलवासी लोगों से कोई मतलब नहीं है। वे सिर्फ हमारे राज्य के जल, जंगल और जमीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। भाजपा की सच्चाई लोग पूरी तरह समझ चुके हैं।

## झारखंड के स्कूलों में बच्चों के बनेंगे नए आधार कार्ड

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कैंप लगाकर बच्चों का नया आधार कार्ड बनेगा। वहीं, जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बना हुआ है, उनका अपग्रेड (अद्यतीकरण) किया जाएगा। पांच साल से कम उम्र के बच्चों का नया आधार रजिस्ट्रेशन होगा। पांच साल से अधिक उम्र के वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं बना है, उनका भी नया रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इनके अलावा पांच से सात वर्ष के और 15-17 वर्ष के वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड बन चुका है, उनका आधार में अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेशन किया जाएगा। इसमें बच्चों की आंखों के साथ-साथ अंगुलियों की बायोमीट्रिक ली जाएगी और आधार में उसे अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए सभी सरकारी स्कूलों में कैंप लगेगा।

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से स्कूलों में आयोजित होने वाले कैंप से एक सप्ताह पहले इसकी सूचना दी जाएगी। कैंप लगाने से पहले स्कूलों के प्रभारी प्रधानाध्यापक से बच्चों की वास्तविकता की जानकारी ली जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि कितने बच्चों का आधार कार्ड उपलब्ध नहीं, कितने बच्चों का आधार यू-डाइस प्लस में सत्यापित नहीं हुआ है। हर स्कूल में लगने वाले कैंप की सूचना संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दी जाएगी। वे ही हर दिन इसकी मॉनिटरिंग करेंगे और इसकी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजेंगे। प्रधानाध्यापक भी स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को कैंप से संबंधित सूचना पूर्व में ही देंगे।



**आधार ऑपरेटर करेंगे अपग्रेडेशन :** नए आधार कार्ड के रजिस्ट्रेशन और पुराने कार्ड के अपग्रेडेशन के लिए आधार ऑपरेटर स्कूल आएंगे। कैंप से एक सप्ताह पहले आधार ऑपरेटर का नाम और उनका मोबाइल नंबर दिया जाएगा। आधार ऑपरेटर अपने परिचय पत्र के साथ स्कूल में जाएंगे। उन्हें उपयोग होने वाले स्टेशनरी स्कूलों द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

स्कूलों के कैंप में बैनर लगाया जाएगा। इसमें बच्चों का निःशुल्क-मुफ्त आधार निर्माण और अद्यतीकरण लिखा होगा। कैंप में जीरो से पांच वर्ष तक और पांच वर्ष से अधिक के बच्चों का नया आधार पंजीकरण का काम निःशुल्क किया जाएगा। वहीं पांच से सात वर्ष और 15 से 17 वर्ष के बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेशन भी निःशुल्क किया जाएगा। कैंप का आयोजन सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। सार्वजनिक अवकाश के दिन कैंप संचालित नहीं होंगे, लेकिन आवश्यक अनुमति के बाद अवकाश के दिन भी कैंप संचालित किया जा सकेगा।

### झारखंड में सरना धर्म कोड को लेकर गरमायी राजनीति, कांग्रेस ने पीएम मोदी को लिया आड़े हाथ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर दौरे पर झारखंड की जनता की ओर से सवाल पूछे हैं. पूछा कि आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू करने की कब तक घोषणा करेंगे? पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर क्या किया गया? झारखंड की चुनी सरकार को अपदस्थ करने के लिए व्याकुल भाजपा क्या कथित तौर पर अपमानित हुए चंपाई सोरेन को एनडीए का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करेगी?

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड को 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने का आदेश कब दिया जायेगा. श्री गुप्ता ने कहा कि झारखंड की जनता के ये सवाल इसलिए जायज हैं, क्योंकि आज सारे प्रोटोकॉल तोड़कर आपने इस सड़क से यात्रा की है. उन्होंने कहा कि झारखंड बीजेपी हमारी सरकार पर लॉ एंड आर्डर खराब होने और नक्सली एवं आतंकवादी गतिविधियों के होने का दुष्प्रचार करती हैं. आज आपने बिना किसी पूर्व निर्धारित सूचना एवं तैयारी के 130 किमी तक सड़क मार्ग से यात्रा की और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पुनः उसी सड़क से वापस आये. ऐसे में आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या कहीं भी सुरक्षा में कमी दिखी?

पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन पर कहा कि आदिवासियों को विश्वास था कि शायद नरेंद्र मोदी परिवर्तन रैली में सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री कोई घोषणा नहीं की.

# पुलिस के चंगुल में फंसा गिरिडीह का खूंखार नक्सली, एक लाख रुपये का था इनाम

### पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है।सूत्रों की मानें तो लक्ष्मण नक्सली गतिविधि में सक्रिय था।वह अपने गांव पहुंचा था

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह की पुलिस टीम ने एक लाख के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को गिरफ्तार किया है। वह पीरटांड़ प्रखंड के लेढ़वाटांड़ गांव का है। पुलिस उसे गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है।

हालांकि, इस बारे में अधिकारी जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। बताया जाता है कि एसपी डा. विमल कुमार को इस संबंध में सूचना मिली थी। फिर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ 154 वीं बटालियन ने सघन अभियान चलाकर उसे लेढ़वाटांड़ से पकड़ा। उसके पास से हथियार भी मिले।

पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो लक्ष्मण नक्सली गतिविधि में सक्रिय था। वह अपने गांव पहुंचा था। वह 10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो के साथ रहता था।

उस पर नक्सली घटनाओं में संलिप्तता को लेकर गिरिडीह के कई थानों में केस हैं। लेवी वसूलने, सरकारी भवनों को क्षति पहुंचाने, निर्माण में लगी मशीनों को क्षतिग्रस्त करने समेत अन्य आरोप हैं। पुलिस अभी उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। बताया जा रहा है कि पूछताछ पूरी होने के बाद ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

वहीं एक अलग घटना में सिंदरी (धनबाद) में पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला बी टाइप ऑफिसर्स कॉलोनी के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर रविवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने दुस्साहसिक घटना वारदात हुई।यहां दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने रविवार की सुबह साढ़े 10 बजे स्कूटी से जा रहे सिंदरी निवासी कलेक्शन एजेंट मुकुल मिश्रा को गोली मारकर करीब नौ लाख रुपये लूट लिए। मुकुल फ्लिपकार्ट कंपनी में कलेक्शन मैनेजमेंट स्टाफ के रूप में कार्यरत है। वह 27 वर्ष का है।



स्थानीय लोगों ने घायल मुकुल को चासनाला सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया, जहां से भी उसे दुर्गापुर मिशन अस्पताल भेज दिया।

सिंदरी के व्यवसायी विकेश प्रसाद ने बताया कि उनके पास फ्लिपकार्ट की राशि कलेक्शन की फ्रेंचाइजी है। मुकुल मिश्रा उनका कलेक्शन एजेंट है।

मुकुल रविवार की सुबह धनबाद, बलियापुर, गोविंदपुर, भूली समेत छह जगहों से लगभग आठ लाख 94 हजार रुपये लेकर सिंदरी के एटीएम में जमा करने जा रहा था, तभी चासनाला के पास अपराधियों ने उसपर हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया।

मुकुल विकेश के साथ पिछले चार माह से काम कर रहा था। मुकुल सिंदरी की ओर जा रहा था। चासनाला सेल के बी टाइप गेट के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उसे रोक लिया व रुपये से भरा काले रंग का बैग छीनने लगे।

इस दौरान अपराधियों ने उसे गाली देते हुए जान मारने की धमकी दी, लेकिन मुकुल ने बैग नहीं दिया। इस बीच मुकुल अपनी स्कूटी झरिया की ओर घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा।

सादे रंग की टीशर्ट व हाफ पैंट पहने एक अपराधी ने पिस्टल निकालकर मुकुल की बाईं ओर पीठ पर गोली मार दी। इससे वह नीचे जा गिरा। तब अपराधियों ने मुकुल का बैग ले लिया और सिंदरी की ओर भाग गए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## सुंदर-शांत शिमला में रोष

शिमला देश के सुंदर-शांत-शालीन शहरों में शुमार है, पर आजकल वहां की हवा में जो तनाव व्याप्त है, वह न केवल दुखद, बल्कि शर्मनाक भी है। शिमला में बुधवार को तनाव फैल गया, जब एक कथित अवैध मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोग पुलिस से ही भिड़ गए। महिलाओं को भी बड़ी संख्या में धर्मस्थल विशेष के खिलाफ नारे लगाते देखा गया, यह सही संकेत नहीं है। प्रदर्शन चिंता की बात नहीं है, लेकिन पुलिस से भिड़ जाना गंभीर बात है। क्या ऐसे प्रदर्शन से बचा जा सकता था? क्या पुलिस या प्रशासन पहले से सजग नहीं था? क्या प्रदर्शन की तीव्रता का अंदाजा नहीं लगाया गया था? शिमला में जो हुआ है, उसने पुलिस को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया हो, तो आश्चर्य नहीं। कोशिश होनी चाहिए कि ऐसे प्रदर्शन की नौबत ही न आने पाए। पुलिस को पानी की बौछार और हल्के बल प्रयोग का सहारा लेना पड़ा है, पर ऐसी जरूरत आगे नहीं पड़नी चाहिए। बसे बड़ा सवाल यह है कि अगर किसी मस्जिद में अवैध निर्माण हो रहा था, तो क्या इसे रोकने की जिम्मेदारी भीड़ की है? आखिर किसी धार्मिक समूह को ऐसी जरूरत क्यों महसूस हुई? बहुसंख्यक वर्ग के समूहों ने जब विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, तभी प्रशासन को सचेत हो जाना चाहिए था। भीड़ को न केवल जुटने दिया गया, बल्कि उसे आगे बढ़कर प्रदर्शन भी करने दिया गया। प्रशासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह सांप्रदायिक तनाव को बढ़ने से रोकने के हरसंभव उपाय करे। प्रशासन कतई यह एहसास न होने दे कि उसकी सहानुभूति किसी वर्ग विशेष के साथ है। अगर प्रशासन पक्षपात करता न दिखे, तो ऐसे प्रदर्शन का कोई औचित्य ही नहीं रह जाएगा। कहीं न कहीं प्रशासन की उदासीनता ने प्रदर्शनकारियों को मौका दिया है। अगर अवैध निर्माण है, तो उसके खिलाफ स्थानीय प्रशासन को स्वयं ही कार्रवाई करनी चाहिए और अगर निर्माण अवैध नहीं है, तो विरोधी पक्ष को आश्वस्त करना प्रशासन का ही काम है। शिमला जैसे पर्यटन के बड़े केंद्र में किसी भी प्रकार का सांप्रदायिकता प्रदर्शन बहुत अफसोस की बात है। सभी शिमला वासियों को यह सोचना चाहिए कि ऐसे प्रदर्शन से इस शहर के प्रति आकर्षण में कमी आएगी। शिमला में भी अगर सांप्रदायिकता की जमीन तैयार होती है, तो यह खतरे की घंटी है। अपने देश में ज्यादातर पर्यटन केंद्र आबादी का बोझ झेलने के साथ ही अपने मूल प्रारूप को भी बदलते चले जा रहे हैं। नए-नए धर्मस्थलों के विकास-विस्तार की तेज होती परिपाटी चिंता बढ़ाती है।

## बुजुर्गों को बल

भारत युवाओं का देश है, पर बुजुर्गों की संख्या भी समय के साथ बढ़ती चली जाएगी। ऐसे में, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का जो फैसला किया है, वह बहुत सुखद और स्वागत योग्य है। सबसे खास बात यह है कि इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को मिलेगा। पहले सरकार यह मानकर चल रही थी कि जो बुजुर्ग आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वो अपना चिकित्सा खर्च आसानी से उठा सकते हैं। अब यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि इस योजना का लाभ 70 वर्षीय होते ही हर भारतीयों को मिलने लगेगा। आयुष्मान योजना को दुनिया में सबसे बड़ी चिकित्सा बीमा योजना माना जाता है और उसमें हुआ यह विस्तार भारत के बेहतर होते भविष्य का ही एक संकेत है। भारत में बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रबंध बहुत जरूरी है और समय के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाते जाना अनिवार्य है। अगर किसी भी बुजुर्ग को अब पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए परेशान न होना पड़े, तो यह हमारे समाज के लिए बहुत अच्छी बात होगी। योजना से असंख्य बुजुर्गों को नई जिंदगी मिलेगी और उनकी उम्र भी बढ़ेगी। अपने देश के करीब छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक अब सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में आ रहे हैं, तो यह प्रमाण है कि आज अपने देश की सरकार आर्थिक रूप से सक्षम है। लोग भारी मात्रा में टैक्स चुका रहे हैं, तो उसका लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन तक लौटना ही चाहिए। एक लोक कल्याणकारी सरकार का यही सही स्वरूप है। सरकार का एक अनुमान है कि इस योजना से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों तक लाभ पहुंचेगा। ऐसे अनेक आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि इलाज के भारी खर्च की वजह से बड़ी संख्या में लोग गरीब हो जाते हैं। ध्यान रहे, आज आयुष्मान योजना की वजह से 12 करोड़ से ज्यादा परिवार लाभ के दायरे में हैं। शायद एक दिन ऐसा आएगा कि एकदम अमीर या सक्षम लोगों के अलावा सभी आम लोग ऐसी ही किसी योजना के दायरे में आ जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः विमर्श के विषय

**(प्रवीण गुगनानी)**

*कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनावो में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी। किसानों का बिजली बिल आधा ही लिया जाएगा। सौ हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण करके कश्मीरी संस्कृति को सुरक्षित किया जाएगा। भाजपा प्रत्येक कश्मीरी महिला को अट्ठारह हज़ार रुपये प्रतिवर्ष व प्रति वर्ष दो गैस सिलेंडर भी नि:शुल्क देगी।*

डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। कभी किसी जमाने की बात याद है न! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था एक्सपेट जम्मू एण्ड कश्मीर जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं। 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं। कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है ये दोहरा चरित्र क्यों है! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक बम टाय है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हज़ार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हज़ार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हज़ार नौकरियों हेतु भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हज़ार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं जिसमें लगभग सात हज़ार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर एक आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई-नई योजनाएँ प्रारंभ हो रहीं हैं। एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़कर देश भर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देश भर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है।

# हड़ताल पर क्यों डटे कुछ डॉक्टर

**(प्रभाकर मणि तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार)**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 9 अगस्त को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना को एक महीना से ज्यादा बीत गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले इस मामले में न्याय की मांग कर रहे अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन और काम बंद के कारण उपजा गतिरोध टूटने के बजाय लगातार तेज हो रहा है। इस आंदोलन के कारण अब तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है और 70 हजार से भी ज्यादा को समुचित इलाज नहीं मिल सका है। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में यह दावा किया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में यह बात दोहराई है। सोमवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी जूनियर डॉक्टरों से मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने को कहा था, लेकिन आंदोलनकारी डॉक्टरों ने साफ कर दिया है कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने और इस मामले में न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तय समय सीमा के भीतर काम पर लौटने वालों के खिलाफ राज्य सरकार कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करेगी, मगर यदि डॉक्टर काम पर नहीं लौटे, तो सरकार की किसी कार्रवाई में वह हस्तक्षेप नहीं करेगा। डॉक्टर अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार दोपहर को कोलकाता से सटे साल्टलेक इलाके में एक रैली निकालकर स्वास्थ्य भवन, जो स्वास्थ्य विभाग का मुख्यालय है, का घेराव किया। उनके हाथों में 'वी डिमांड जस्टिस' लिखी तख्तियां और पोस्टर तो थे ही, उनके हाथों में एक खोपड़ी भी थी। आंदोलनकारी डॉक्टरों की दलील थी कि यह खोपड़ी दिमाग का परिचायक है। इसका मकसद सरकार को यह संदेश देना है कि वह डॉक्टरों के इस आंदोलन के बारे में झूठ फैलाने के बजाय दिमाग से काम ले। आंदोलनकारी डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट को यह बात समझनी चाहिए कि यह आम लोगों का आंदोलन है और मांगें पूरी नहीं होने तक इसके खत्म होने की कोई संभावना नहीं है। इस लंबे आंदोलन से राज्य की पहले से ही लचर स्वास्थ्य सेवाएं और बदहाल हो गई हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज का ज्यादातर काम इन जूनियर डॉक्टरों के ही जिम्मे होता है। पश्चिम बंगाल के दूरदराज के जिलों से रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए कोलकाता के सरकारी अस्पतालों में पहुंचते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर जारी गतिरोध के कारण उनको स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। नतीजतन दो-चार दिनों के इंतजार के बाद उनको खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। इन डॉक्टरों की दलील है कि उनका आंदोलन गैर-राजनीतिक है। बीच में भाजपा, सीपीएम और कांग्रेस ने इसमें शामिल होने की कोशिश जरूर की थी, लेकिन इन डॉक्टरों ने उनका समर्थन लेने से साफ इनकार कर दिया। सीबीआई जांच हो रही है, सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा है, इसके बावजूद आखिर जूनियर डॉक्टरों की इस नाराजगी की वजह क्या है? दरअसल, उनकी पांच मांगें अभी तक पूरी नहीं हो सकी हैं। ये लोग उस घटना के दोषियों की शिनाख्त कर उनको कड़ी से कड़ी सजा देने, सुबूत मिटाने की कोशिश करने वालों की पहचान करके उनको सजा देने, कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के इस्तीफे, राज्य के तमाम मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व तमाम मेडिकल कॉलेजों में भयमुक्त लोकतांत्रिक माहौल तैयार करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा निदेशक और स्वास्थ्य निदेशक के इस्तीके की भी मांग उठाई है। इतनी मांगें पूरी होंगी, तभी डॉक्टर काम पर लौटेंगे।

## सुडोकू पहेली

क्रमांक- 5494

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5493

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5494



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1998 को यहां अफ्रिका ने वेस्टइंडीज को हराकर क्रिकेट का मिनी वर्ल्स कप जीता (2)
3. भारत में पहला भाप इंजन पश्चिम बंगाल में स्थित यहां के रेल कारखाने में 1950 को बनाया गया (5)
7. पूंछ, दूम, संपूर्ण जाति का शुद्ध स्वरों का एक राग (2)
8. लुआबा, लासा (2)
9. दो की संख्या, निग्रह, मृत्युदेव (2)
10. नया आया हुआ (4)
12. जल की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. अगर ऐसा न होगा तो (2)
14. पुरूष, मर्द (2)
15. निराश, नाउम्मीद, निरूत्साहित (3)
17. किसी नगर-कस्बे आदि का प्रवेश स्थल (2)
19. जल, बुनियाद, आदि कारण (2)
22. सहयोग, सहायता, इमदाद (3)
24. जो किया जाए, काम, क्रिया (2)
25. अज्ञात, अप्रसिद्ध (4)
26. माता सरस्वती का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ढलानयुक्त, अधोगामी, ढलवां (2)
2. कामचोरी करना (6)
3. दीपक, दीआ (3)
4. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध पार्श्वगायक (7)
5. भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जो लोकनायक नाम से भी जाने गए (सिर्फ आरंभिक नाम)(5)
6. हल्का गीला, आंशिक आर्द्र (2)
11. प्रहार, हमला करने की क्रिया (2)
12. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. नृत्य-गीत का मान, करतल ध्वनि (2)
18. आरजू, तमन्ना, हसरत (3)
20. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
21. गतिहीन, शक्तिहीन, लंगड़ा (2)
23. बल, कश, ताकत (2)
24. हाथ, हस्त, महसूल (2)

### वर्ग पहेली 5493 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लं | द | न | | म | ले | शि | या |
| बो | ल | | अ | जा | न | | दें |
| द | प | ट | ना | | दे | व | |
| र | ति | | मि | ल | न | सा | र |
| | | न | का | ब | | मु | श्क |
| मा | ल | वा | | | मु | क्त | |
| शू | | ग | र्द | | क | | शा |
| क | पू | त | | क | री | ब | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप अपनी कुछ पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शापिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो आपके काम में आने वाला नहीं हो। पैसों की बबार्दी करने से आपको जब उनकी जरूरत होगी तो वे आपके पास नहीं होंगे।

### वृष
आज दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको प्रसन्नता होगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। किसी से वाद विवाद या बहस करने में आपकी जीत होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन किसी बात पर अमल करने से पहले आप हर बात की जांच कर लें।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपकी सभी समस्याओं का समाधान होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे और जो लोग बिजनस करते हैं उनके लिए दिन मुनाफे से भरा होगा। किसी कॉम्पिटिशन में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। परिवार के बाकी लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे।

### सिंह
आज करियर में सफलता का दिन है। आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। आप अपने आपको बिजी रखने में विश्वास रखते हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा और कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके पास कई बेहतरीन अवसर आएंगे और उनको आपको समझने में लाभ होगा। आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे और उनका आप अच्छे से लाभ लेंगे। यह भी सोच लीजिए कि मौके बार बार दरवाजे पर दस्तक नहीं देते।

### कन्या
आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स आने से आप काफी बिजी रहेंगे और आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। कोई पुराना दोस्त अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है।

### तुला
आज लाभ और सफलता का दिन है। कोई आपकी ख्वाहिश पूरी होगी और आपको काफी आत्मसंतोष होगा। किसी दूसरे से आपको अच्छी और काम की सलाह मिलेगी। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी कार्य को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगे और आपके प्रदर्शन की सभी लोग तारीफ करेंगे। आपको किसी समस्या का हल निकालने में सफलता मिलेगी और लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ का दिन है और आपके कुछ पुराने लटके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय के साथ घूमने फिरने का प्लान बनाया जा सकता है। बिजनस में किसी तरह का जोखिम उठाने का काम कर सकते हैं। उसमें आपको लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और किस्मत साथ देगी और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। जरूरी सामान की खरीद में शाम का समय बीतेगा। घर में बड़े बुजुर्गों से बहस करने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा। कोई व्यक्ति आपके वक्त पड़ने पर काम आ सकता है।

### कुंभ
आज लाभ होगा और सफलता आपके कदम चूमेगी। आपका पूरा दिन नई शक्ति और एनर्जी से भरपूर होगा। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ाने की बात चल रही है तो वह आगे बढ़ सकती है और उस पर अधिकारियों की मोहर लग सकती है। आपको अपनी उमंगों पर काबू रखने की जरूरत है। फोकस के साथ मन लगाकर काम करें तो आपको लाभ होगा।

### धनु
आज करियर में लाभ होगा और आपको यदि कहीं से पहले उधार मिला था तो आप उसको चुका पाने में सफल होंगे। या फिर आपको कोई उधार वापस भी मिल सकता है। दिन से पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा। किसी मामल में बड़ों से सलाह लेना आपके लिए अच्छा होगा।

### मीन
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको छुटपुट धन लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। अनुभव के बाद काम करने पर आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी से पैसों का लेनदेन करने से बचें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# कब है अनंत चतुर्दशी? गणेश विसर्जन, तारीख, मुहूर्त और महत्व

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर अनंत सुख देने वाला अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है. मान्यता है सालभर में इस दिन श्रीहरि की पूजा कर ली जाए तो 14 साल तक अनंत फल प्राप्त होता है. पांडवों को भी इस व्रत के प्रताप से खोया राजपाठ मिला था. इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर 2024 को है. जानें अनंत चतुर्दशी क्यों मनाई जाती है.

### अनंत चतुर्दशी गणेश विसर्जन

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 16 सितंबर दिन सोमवार को दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर प्रारंभ होगी. इस तिथि का समापन 17 अगस्त मंगलवार को दिन में 11 बजकर 44 मिनट पर होगा. ऐसे में उदयातिथि के आधार पर अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को मनाई जाएगी. गणेश जी का विसर्जन भी 17 सितंबर को किया जाएगा.

### अनंत चतुर्दशी 2024 मुहूर्त

17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 7 मिनट से 11 बजकर 44 मिनट तक है. उस दिन गणेश पूजा के लिए आपको 5 घंटे 37 मिनट की शुभ समय प्राप्त होगा. उस दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा भी होती है.

रवि योग में है अनंत चतुर्दशी 2024

इस साल अनंत चतुर्दशी के दिन रवि योग बन रहा है. रवि योग सुबह 6 बजकर 7 मिनट से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक रहेगा. रवि योग में ही अनंत चतुर्दशी की पूजा होगी. रवि योग में सभी प्रकार के दोष मिट जात हैं क्योंकि इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है. यह एक शुभ योग है. अनंत चतुर्दशी पर धृति योग प्रात-काल से लेकर सुबह 7 बजकर 48 मिनट तक है. उसके बाद शूल योग प्रारंभ होगा, जो 18 सितंबर को प्रात- 3 बजकर 41 मिनट तक रहेगा. अनंत चतुर्दशी पर शतभिषा नक्षत्र सुबह से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक है, उसके बाद पूर्व भाद्रपद नक्षत्र है.

### अनंत चतुर्दशी का महत्व

अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी के अलावा भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा करते हैं. इस अवसर पर लोग दाएं हाथ में 14 गांठ वाला अनंत धागा या रक्षा सूत्र बांधते हैं.

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अनंत धागे से व्यक्ति सुरक्षित रहता है, उसे किसी चीज का भय नहीं रहता है. श्रीहरि की कृपा से उसे जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है. उसे वैकुंठ में स्थान प्राप्त होता है.



# कैसे करें श्री गणेश को बिदा

**10 दिन श्री गणेश हमारे घर में विराजित रहे और अब उनकी विदाई होगी। 10 दिन तक हमने उन्हें प्रसन्न करने के हर प्रकार के जतन किए। उन्हें हर प्रकार का भोग लगाया। उनकी पूजन-अर्चन की। अब बारी है इस बात की कि हम उन्हें कैसी बिदाई देते हैं। परंपरानुसार कहा जाता है कि श्री गणेश प्रतिमा को उसी तरह बिदा किया जाना चाहिए जैसे हमारे घर का सबसे प्रिय व्यक्ति जब यात्रा पर निकले तब हम उनके साथ व्यवहार करते हैं। आइए जाने कैसे करें श्री गणेश को बिदा-**



- सबसे पहले 10 दिन तक की जाने वाली आरती-पूजन-अर्चन करें।
- विशेष प्रसाद का भोग लगाएं।
- अब श्री गणेश के पवित्र मंत्रों से उनका स्वस्तिवाचन करें।
- एक स्वच्छ पाटा लें। उसे गंगाजल या गौमूत्र से पवित्र करें। घर की स्त्री उस पर स्वास्तिक बनाएं। उस पर अक्षत रखें। इस पर एक पीला, गुलाबी या लाल सुसज्जित वस्त्र बिछाएं।
- इस पर गुलाब की पंखुरियां बिखेरें। साथ में पाटे के चारों कोनों पर चार सुपारी रखें।
- अब श्री गणेश को उनके जयघोष के साथ स्थापना वाले स्थान से उठाएं और इस पाटे पर विराजित करें। पाटे पर विराजित करने के उपरांत उनके साथ फल, फूल, वस्त्र, दक्षिणा, 5 मोदक रखें।
- एक छोटी लकड़ी लें। उस पर चावल, गेहूं और पंच मेवा की पोटली बनाकर बांधें। यथाशक्ति दक्षिणा (सिक्के) रखें। मान्यता है कि मार्ग में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसलिए जैसे पुराने समय में घर से निकलते समय जो भी यात्रा के लिए तैयारी की जाती थी वैसी श्री गणेश के बिदा के समय की जानी चाहिए।
- नदी, तालाब या पोखर के किनारे विसर्जन से पूर्व कपूर की आरती पुन: संपन्न करें। श्री गणेश से खुशी-खुशी बिदाई की कामना करें और उनसे धन, सुख, शांति, समृद्धि के साथ मनचाहे आशीर्वाद मांगें।

10 दिन जाने-अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा प्रार्थना भी करें।

- श्री गणेश प्रतिमा को फेंकें नहीं उन्हें पूरे आदर और सम्मान के साथ वस्त्र और समस्त सामग्री के साथ धीरे-धीरे बहाएं।
- श्री गणेश इको फ्रेंडली हैं तो पुण्य अधिक मिलेगा क्योंकि वे पूरी तरह से पानी में गलकर विलीन हो जाएंगे। आधे अधूरे और टूट-फूट के साथ रूकेगें नहीं।
- अगर घर के गमले में गणेश जी की प्रतिमा विसर्जित करना है तो उन्हें एक स्वच्छ पात्र में रखकर पहले गला लीजिए फिर जब वे शीतल हो जाएं तब यह मिट्टी गमले में सुंदर फूलों के बीज के साथ शिफ्ट कर दीजिए।

## ये मंत्र बोलकर करेंगे श्री गणेश को बिदा

श्री गणेश के विसर्जन की बेला अब करीब आ चुकी है, आइए जानते हैं विसर्जन के 2 शुभ मंत्र, जिन्हें बोलकर बप्पा को बिदा किया जाए तो वे जीवन को खुश रखने के अच्छे-अच्छे आशीर्वाद देते हैं।

**श्री गणेश विसर्जन मंत्र 1**

यान्तु देवगणा: सर्वे पूजामादाय मामकीम।
इष्टकामसमृद्धयर्थं पुनर्अपि पुनरागमनाय च।।

**श्री गणेश विसर्जन मंत्र 2**

गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ स्वस्थाने परमेश्वर।
मम पूजा गृहीत्मेवां पुनरागमनाय च।।

## अनंत चतुर्दशी के दिन कितने दीये जलाने चाहिए?



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है। इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर, दिन मंगलवार की है। अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के अनंत रूपों की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु की इस दिन पूजा करने से अनंत सुखों की प्राप्ति होती है और जीवन से कष्ट-परेशानियां दूर हो जाती हैं। इसके अलावा, अनंत चतुर्दशी के दिन दीया जलाना भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि अनंत चतुर्दशी पर कितने दीये जलाने चाहिए। अनंत चतुर्दशी के दिन कितने दीये जलाने चाहिए?

- अनंत चतुर्दशी के दिन सबसे पहले भगवान विष्णु के सामने घी का दीया जलाएं। इस दिन भगवान विष्णु के समक्ष घी का दीया जलाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन दूसरा दीया घर के मुख्य द्वार पर जलाना चाहिए। यह दीया सरसों के तेल या तिल के तेल से भी जला सकते हैं। घर के मुख्य द्वार पर इस दिन दीया जलाने से घर का वास्तु दोष दूर हो जाता है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन तीसरा दीया घर की रसोई में जलाना चाहिए। घर की रसोई में नव ग्रहों और मां अन्नपूर्णा का वास होता है। ऐसे में इस दिन घर के किचन में दीया जलाने से घर धन-धान्य से भरा रहता है।
- अनंत चतुर्दशी के दिन चौथा दीया तुलसी के पौधे के पास जलाना चाहिए। तुलसी के पौधे के पास इस दिन दीया जलाने से मां लक्ष्मी का भगवान विष्णु के साथ घर में निवास होता है और उनकी कृपा मिलती है।



# ऐसे करें अनंत चतुर्दशी में श्री विष्णु की पूजा

एक वर्ष में 24 चतुर्दशी होती है। मूलत: तीन चतुर्दशियों का महत्व है- अनंत, नरक और वैकुंठ। अनंत चतुर्दशी भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में आती है। डोल ग्यारस के बाद अनंत चतुर्दशी और उसके बाद पूर्णिमा।

## विष्णु की पूजा

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान अनंत (विष्णु) की पूजा का विधान होता है। भगवान विष्णु के सेवक भगवान शेषनाग का नाम अनंत है। अग्नि पुराण में अनंत चतुर्दशी व्रत के महत्व का वर्णन मिलता है।

## पूजन कैसे करें

प्रात:काल स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर पूजा स्थल पर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना करने के पश्चात एक धागे को कुमकुम, केसर और हल्दी से रंगकर अनंत सूत्र तैयार करें, इसमें चौदह गांठें लगी होनी चाहिए। इसे भगवान विष्णु की तस्वीर के सामने रखकर भगवान विष्णु और अनंत सूत्र की षोडशोपचार विधि से पूजा शुरू करें और नीचे दिए गए मंत्र का जाप करें। मिष्ठान आदि का भोग लगाएं एवं अनंत भगवान का ध्यान करते हुए सूत्र धारण करें। यह डोरा भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनंत फल देने वाला माना गया है। इस दिन श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करना बहुत उत्तम माना जाता है। भगवान विष्णु की कृपा के लिए श्री सत्यनारायण की कथा करना बहुत लाभकारी है।

## अनंत सूत्र बांधने का मंत्र

अनंत संसार महासमुद्रेमग्नं
समभ्युद्धर वासुदेव।
अनंतरूपे
विनियोजयस्वह्यनंतसूत्राय नमो
नमस्ते।।

अनंत सूत्र : इस दिन अनंत सूत्र बांधने का विशेष महत्व होता है। इस व्रत में भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा के बाद बाजू पर अनंत सूत्र बांधा जाता है। यह अनंत सूत्र (शुद्ध रेशम या कपास के सूत के धागे) को हल्दी में भिगोकर 14 गांठ लगाकर तैयार किया जाता है। इसे हाथ या गले में ध्यान करते हुए धारण किया जाता है। हर गांठ में श्री नारायण के विभिन्न नामों से पूजा की जाती है। पहले में अनंत, श्री अनंत भगवान का पहले में अनंत, उसके बाद ऋषिकेश, पद्मनाभ, माधव, वैकुंठ, श्रीधर, त्रिविक्रम, मधुसूदन, वामन, केशव, नारायण, दामोदर और गोविन्द की पूजा होती है। मान्यता है कि इस अनंत सूत्र को बांधने से व्यक्ति प्रत्येक कष्ट से दूर रहता है। जो मनुष्य विधिपूर्वक इस दिन श्री हरि की पूजा करता है उसे सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है। धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत किया जाता है। इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करता है, तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है।

## अनंत पुण्य देने वाला उत्तम व्रत

**भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का व्रत किया जाता है। इस दिन अनंत के रूप में हरि की पूजा होती है। पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में अनंत धारण करती हैं। अनंत राखी के समान रूई या रेशम के कुंकू रंग में रंगे धागे होते हैं और उनमें चौदह गांठे होती हैं। इन्हीं धागों से अनंत का निर्माण होता है। यह व्यक्तिगत पूजा है, इसका कोई सामाजिक धार्मिक उत्सव नहीं होता।**

अग्नि पुराण में इसका विवरण है। व्रत करने वाले को धान के एक प्रसर आटे से रोटियां या पूड़ी बनानी होती हैं, जिनकी आधी वह ब्राह्मण को दे देता है और शेष स्वयं प्रयोग में लाता है। इस दिन व्रती को चाहिए कि प्रात:काल स्नानादि नित्यकर्मों से निवृत्त होकर कलश की स्थापना करें। कलश पर अष्टदल कमल के समान बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना की जाती है। इसके आगे कुंकूम, केसर या हल्दी से रंग कर बनाया हुआ कच्चे डोरे का चौदह गांठों वाला 'अनंत' भी रखा जाता है।

### व्रत की महिमा और मंत्र

यूं तो यह व्रत नदी-तट पर किया जाना चाहिए और हरि की लोककथाएं सुननी चाहिए। लेकिन संभव ना होने पर घर में ही स्थापित मंदिर के सामने हरि से इस प्रकार की प्रार्थना की जाती है- 'हे वासुदेव, इस अनंत संसार रूपी महासमुद्र में डूबे हुए लोगों की रक्षा करो तथा उन्हें अनंत के रूप का ध्यान करने में संलग्न करो, अनंत रूप वाले प्रभु तुम्हें नमस्कार है।' इस मंत्र से हरि की पूजा करके तथा अपने हाथ के ऊपरी भाग में या गले में धागा बांध कर या लटका कर (जिस पर मंत्र पढ़ा गया हो) व्रती अनंत व्रत को पूर्ण करता है। यदि हरि अनंत हैं तो 14 गांठें हरि द्वारा उत्पन्न 14 लोकों की प्रतीक हैं। अनंत चतुर्दशी पर कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर से कही गई कौण्डिन्य एवं उसकी स्त्री शीला की गाथा भी सुनाई जाती है।



# कब है भाद्रपद पूर्णिमा? स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व

हिन्दू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 पूर्णिमा तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है भाद्रपद माह की पूर्णिमा। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही, इस दिन चंद्रमा की पूजा भी विशेष लाभदायक सिद्ध होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा कब है?

**भाद्रपद पूर्णिमा आरंभ** - 17 सितंबर, दिन मंगलवार, सुबह 11 बजकर 44 मिनट

**भाद्रपद पूर्णिमा समापन** - 18 सितंबर, दिन बुधवार, सुबह 8 बजकर 4 मिनट उदया तिथि के अनुसार, भाद्रपद पूर्णिमा 18 सितंबर को मान्य होगी।

### भाद्रपद पूर्णिमा शुभ मुहूर्त

**रवि योग** - सुबह 6 बजकर 7 मिनट से दोपहर 1 बजकर 53 मिनट तक

**स्नान-दान का मुहूर्त** - ब्रह्म मुहूर्त से सुबह 6 बजकर 8 मिनट तक

**लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त** - सुबह 6 बजकर 12 मिनट से 7 बजकर 4 मिनट

**चंद्रमा पूजा का मुहूर्त** - शाम 6 बजकर 3 मिनट पर

### भाद्रपद पूर्णिमा महत्व

- भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा का विधान है।
- इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन के मार्ग खुलने लग जाते हैं।
- तो वहीं, चंद्रमा पूजन से मानसिक शांति मिलती है। तनाव दूर होता है।
- इसके अलावा, इस दिन सत्यानारायण की पूजा करना भी शुभ होता है।
- सत्यनारायण की पूजा से घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है।

## भाद्रपद पूर्णिमा के दिन क्या दान करना चाहिए?



भाद्रपद पूर्णिमा इस साल 18 सितंबर, दिन बुधवार की पड़ रही है। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा का विधान है। इस दिन गंगा स्नान और दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है। आइये जानते हैं कि भाद्रपद पूर्णिमा के दिन दान में क्या-क्या देना चाहिए और क्या है उससे मिलने वाले लाभ एवं महत्व।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें अन्न का दान

भाद्रपद पूर्णिमा के दिन अन्न का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि भाद्रपद पूर्णिमा के दिन अन्न का दान करने से व्यक्ति का खुद का घर हमेशा धन-धान्य से भरा रहता है, उसके घर में कभी भी अनाज की कमी नहीं होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें कौड़ियों का दान

कौड़ियां मां लक्ष्मी की प्रिय मानी जाती हैं। ऐसे में अगर भाद्रपद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के निमित्त कौड़ियों का दान किया जाए तो इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और कृपा बरसाती हैं। साथ ही, कौड़ी के दान से घर में धन वृद्धि होती है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें शंख का दान

शंख को नकारात्मक ऊर्जा नष्ट करने वाला माना जाता है। ऐसे में भाद्रपद पूर्णिमा के दिन शंख का दान करने से घर की नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो नाती हैं। घर को लगी बुरी नजर भी उतर जाती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर करें चांदी का दान

भाद्रपद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की पूजा भी होती है। ऐसे में कुंडली में चंद्रमा को मजबूत करने के लिए और चंद्रमा की शुभता पाने के लिए भाद्रपद पूर्णिमा के दिन चांदी का दान करना चाहिए। चांदी का एक सिक्का भी दान में दे सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नारायण सेवा संस्थान का विशाल नि:शुल्क नारायण लिम्ब शिविर

**इंदौर ।** उदयपुर राज. की प्रतिष्ठित संस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर फूटी कोठी, रिंग रोड,इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में आयोजित हुआ। संस्थान ने इस शिविर में एमपी प्रदेश के 766 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और केलिपर्स लगाकर उनकी रुकी जिंदगी को फिर से गति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी , समाजसेवी पारस कटारिया, डॉ. रामचन्द्र माहेश्वरी , डॉ. मनोरमा माहेश्वरी अनिल भण्डारी,अनिल रांका , रमेश श्रीवास्तव, कैलाश गामा, किशोर कस्तूरिया, अमित जोशी एवं दीपक कोठारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का श्रीगणेश किया। सांसद लालवानी ने कहा संस्थान सैकड़ो किलोमीटर चलकर एमपी के दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने की भावना से यहाँ आई है जिसका मैं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने मंच से संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव सेवा यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया। सच में यह शिविर खुशी का ऐसा मौका था जहाँ कई बच्चों को वापिस बचपन मिला तो कुछ भाईयों की जवानी लौटी साथ ही सैकड़ों दिव्यांगों की बची उम्र चिंतामुक्त होकर रोशन हुई। प्रारम्भ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मंचासीन मुख्य अतिथि लालवानी और सम्मानित अतिथियों का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत किया और संस्थान की एक मुट्ठी आटे से अब तक की सेवाओं से रूबरू कराया। संस्थान का 5 वर्षीय विजन भी प्रस्तुत किया गया। शिविर में स्थानीय संगठन श्रीअन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सोशल ग्रुप, स्वर्णिम फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति, सर्व ब्रह्माण समाज, श्वेतांबर जैन महासंघ, अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन, लायंस क्लब, सराफ़ा एसोसिएशन, गुजराती समाज सहित 21 से अधिक समाजसेवी संघ ने सेवाएं दी। जिन्हें संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### इंदौर में पहली बार आयोजित होगा दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड




**इंदौर।** इंदौर में 21 सितंबर 2024 को दादा साहेब फाल्के फैशन आइकॉन लाइफस्टाइल अवॉर्ड एवं द ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीजन 1 का आयोजन केके ब्रदर फिल्म के द्वारा होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो इंदौर के पांच सितारा मैरियट होटल में आयोजित होगा। दादा साहब फालके फैशन आइकॉन × लाइफस्टाइल अवार्ड मैं नाममंकित होने के लिए संपर्क करें 99819 95221 , 95225 - 54040 अंतिम शेष दिन इस इवेंट की खास बात यह है कि इसके पिछले 3 संस्करण सफलता पूर्वक मुंबई के 7 सितारा होटल सहारा में आयोजित किए जा चुके है । इस बार इंदौर में बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा, जिन्हें फिल्म में 'मुन्नी' के किरदार से पहचान मिली, वे मुख्य अतिथि के रूप में इस अवॉर्ड शो में शिरकत करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करना है। हर्षाली मल्होत्रा, कुलदीप खरे , राजा रेंचो एवं कवि पंकज दीक्षित की उपस्थिति न केवल इस इवेंट का आकर्षण बढ़ाएगी, बल्कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देगी। इस अवॉर्ड शो में बॉलीवुड से लेकर फैशन इंडस्ट्री तक के बड़े नाम शामिल होंगे। इवेंट का आयोजन के के ब्रदर्स फिल्म द्वारा किया जा रहा है, जो इंडस्ट्री में अपने सफल आयोजनों के लिए जाने जाते है। दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड 2024 में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कुछ प्रमुख कैटेगरी इस प्रकार हैं- इनके अलावा, सर्वश्रेष्ठ कॉलेज और स्कूल, और बिल्डर्स और डेवलपर्स की श्रेणियों में भी अवॉर्ड दिए जाएंगे। अवॉर्ड्स का मकसद समाज के हर उस व्यक्ति को पहचान और सम्मान देना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है।

# हैदराबाद में दलबदलू विधायक के घर कड़ी सुरक्षा

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं के संभावित आगमन के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रविवार को सेरिलिंगमपल्ली के विधायक और लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अरेकापुडी गांधी के आवास पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। गांधी के आवास के आसपास लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। जिनकी पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति ने विपक्षी बीआरएस और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक तनाव पैदा कर दिया था। बीआरएस नेताओं द्वारा गांधी के आवास पर बैठक करने की योजना बनाने की खबरों के मद्देनजर किसी भी कानून और व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए पुलिस सतर्क रही।

कांग्रेस और बीआरएस के बीच जारी तनाव के बीच पुलिसकर्मियों की तैनाती से विवेकानंद नगर में गांधी के घर के आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा हो रही है। गुरुवार को गांधी के समर्थकों द्वारा बीआरएस विधायक पी. कौशिक रेड्डी के घर पर हमले के जवाब में गांधी के घर पर इकट्ठा होने की उनकी योजना को विफल करने के लिए शुक्रवार को बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया था। कौशिक रेड्डी और गांधी के बीच तीखे वाकयुद्ध ने उस समय भयानक




रूप ले लिया, जब गांधी अपने समर्थकों के साथ कोंडापुर में बीआरएस विधायक के घर पहुंचे और उन्हें बाहर आने की चुनौती दी।

जुलाई में बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हुए गांधी ने यह कार्रवाई तब की, जब कौशिक रेड्डी ने घोषणा की कि वह गांधी के घर जाएंगे, बीआरएस का झंडा फहराएंगे और उन्हें बीआरएस का दुपट्टा भेंट करेंगे। करीमनगर जिले के हुजूराबाद से बीआरएस विधायक कौशिक रेड्डी ने गांधी के इस दावे के बाद चुनौती दी थी कि वह अभी भी बीआरएस के साथ हैं।

दलबदलू विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पीएसी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर बीआरएस की आलोचना का जवाब देने के लिए यह दावा किया। कौशिक रेड्डी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान, गांधी के कुछ समर्थकों ने परिसर में घुसकर खिड़की के शीशे और फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने गांधी और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था। कौशिक रेड्डी की शिकायत पर पुलिस ने गांधी और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। उनके बेटे और मियापुर के पार्षद उप्पलपति श्रीकांत, पार्षद वेंकटेश गौड़ और अन्य को भी आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

कौशिक रेड्डी ने आरोप लगाया कि गांधी और उनके अनुयायियों ने उनके घर के दरवाजे तोड़ दिए और पत्थर, टमाटर, अंडे और अन्य चीजों को फेंक कर तोड़फोड़ की। बीआरएस विधायक ने दावा किया कि भीड़ का इरादा उन्हें मारना था। इससे पहले, गांधी और 14 अन्य के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया था। इसमें उन पर गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। गुरुवार की घटना के बाद, कौशिक रेड्डी ने घोषणा की थी कि जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को गांधी के घर पर बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस ने कौशिक रेड्डी और अन्य बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर उनकी योजना को विफल कर दिया।

## कर्नाटक के बेलगाम में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत

**बेलगाम , एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगाम में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई। मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।



मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है।

जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे। वहीं एक अन्य मामले में तुमकुर जिले के मधुगिरि के बाहरी इलाके जादेगोंडानहल्ली के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौतम (26) और बंदरहल्ली के अनिल (26) के रूप में हुई है। यह मामला जिले के मधुगिरी थाना क्षेत्र का है। मधुगिरी थाने के पीएसआई विजय कुमार ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया।

## नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरुआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। संजय राउत ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए भी इस देश के मूल्यों, लोकतंत्र, न्यायपालिका और स्वतंत्रता से नहीं जुड़ता है, तो यह राष्ट्रीय अपराध है। नितिन गडकरी ने हमेशा इन सबके खिलाफ बोला है, आवाज उठाई है और अपने विचार व्यक्त किए हैं । इसलिए अगर विपक्ष के किसी बड़े नेता ने, जिनका वह बहुत सम्मान करते हैं, उन्हें कुछ सलाह दी है, तो इसमें दुखी होने की जरूरत नहीं है । जगजीवन राम ने इन्हीं मूल्यों के कारण 1977 में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी और इंदिरा गांधी की हार हुई थी। अगर देश में आजादी,





लोकतंत्र और न्यायपालिका को बनाए रखना है, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों की बलि देकर आजादी हासिल करनी होगी । आपको बता दें कि नितिन गडकरी ने यह खुलासा लोकसभा चुनाव संपन्न होने के करीब 3 महीने बाद किया है। उन्होंने यह खुलासा शनिवार को नागपुर में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह के दौरान किया । हालांकि, 21 अगस्त 2023 को शिवसेना (यूबीटी) नेता विनायक राउत का एक बयान सामने आया था।

### सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा: शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, अब तक इसीआइ यानी भारत निर्वाचन आयोग ने अब तक तारीखों का ऐलान नहीं किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संकेत दे दिए हैं कि चुनाव नवंबर में हो सकते हैं। राज्य में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा।

## केरल के मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत

**मलप्पुरम, एजेंसी।** केरल के मलप्पुरम जिले के एक निजी अस्पताल में हाल में 24 वर्षीय व्यक्ति की निपाह वायरस संक्रमण से मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को यह जानकारी दी। जॉर्ज ने कहा कि क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मौत के कारणों की जांच करने पर निपाह संक्रमण का संदेह हुआ।

मंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, उपलब्ध नमूनों को तुरंत परीक्षण के लिए भेजा गया और परिणाम में संक्रमण की पुष्टि हुई। बेंगलुरु से राज्य पहुंचे मलप्पुरम निवासी की नौ सितंबर को मृत्यु हो गई, जिसके बाद उसके उपलब्ध नमूनों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया था। मलप्पुरम के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के नतीजों में संक्रमण पाया गया, जिसके बाद शनिवार रात को ही स्वास्थ्य मंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक की और प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कदम उठाए। इस बीच, रविवार को पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के नतीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई। मंत्री ने कहा कि शनिवार रात को ही 16 समितियां बनाई गईं और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए 151 लोगों की सूची भी बनाई गई।

## हरियाणा में सीएम पद को लेकर भाजपा के भीतर खींचतान, अनिल विज के दावे पर धर्मेंद्र प्रधान का जवाब





**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर दावेदारी बढ़ती जा रही है। सीनियर नेता और पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि चुनाव के बाद अगर पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेंगे। हालांकि, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने साफ कर दिया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि पार्टी उनके नेतृत्व में राज्य में जीत की हैट्रिक बनाएगी।

अनिल विज की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा प्रभारी प्रधान ने करनाल में संवाददाताओं को जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'एक पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते उन्होंने ऐसा कहा होगा, लेकिन नायब सिंह सैनी भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं।' उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में विधानसभा चुनाव राज्य के लोकप्रिय नेता सैनी के नेतृत्व में लड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजयी होकर भाजपा हैट्रिक बनाएगी।

**खट्टर की जगह सैनी बनाए गए थे सीएम :** धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आरक्षण पर हालिया टिप्पणी हरियाणा विधानसभा चुनाव में एक राजनीतिक मुद्दा होगी। उन्होंने दावा किया, कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो वह आरक्षण खत्म कर देगी। यह कोई नई बात नहीं है। उनका बयान कांग्रेस की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। गौरतलब है कि मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह सैनी को सीएम बनाया गया था। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए 5 अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

**आखिर अनिल विज ने क्या कहा :** अनिल विज ने कहा था कि विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेंगे। 6 बार के विधायक विज की इस टिप्पणी से पहले ही भाजपा स्पष्ट कर चुकी थी कि अगर वह सत्ता में लौटती है तो नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री रहेंगे। इसके बावजूद विज ने कहा, 'मैंने आज तक पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा। हरियाणा के लोग मुझसे मिलने आ रहे हैं। यहां तक कि अंबाला में भी लोग मुझसे कहते हैं कि मैं सबसे वरिष्ठ हूं, लेकिन मैं मुख्यमंत्री नहीं बना। लोगों की मांग और वरिष्ठता के आधार पर इस बार मैं मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा।'

## केजरीवाल के इस्तीफे पर अन्ना हजारे बोले- राजनीति में जाने के लिए मैंने मना किया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं के बीच बड़ा ऐलान किया। रविवार को कहा कि वो दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दे देंगे। इस पर सियासी दलों ने तो अपनी राय जाहिर की ही है समाज सेवी अन्ना हजारे ने भी प्रतिक्रिया दी है। सीएम केजरीवाल के इस फैसले को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि, मैंने पहले ही अरविंद केजरीवाल को बताया था कि राजनीति में नहीं जाना, समाज की सेवा करना। इसी से तुम बड़े आदमी बन जाओगे। कई साल हम लोग साथ में रहे, उस वक्त मैं बार-बार कह रहा था कि राजनीति में नहीं जाना। समाज सेवा अपने जीवन में आनंद देती है। मैं आनंद में डूबे रहने वाला व्यक्ति हूं। आज जो होना था वो हो गया। उनके दिल में क्या है, मैं क्या जानता हूं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उदित राज ने सीएम केजरीवाल की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस पर कांग्रेस पार्टी जवाब तो नहीं देगी, उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है कि वो इस्तीफा देंगे कि मुख्यमंत्री बने रहेंगे। मेरा मानना है कि इस कदम के पीछे सहानुभूति के आधार पर वोट लेना है। उनकी अपनी रणनीति है कि वो क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देना था, तो जब जेल जा रहे थे, उसी समय दे देना चाहिए था। अब इस समय इस्तीफे की पेशकश कर रहे हैं तो जरूर कोई बात होगी। दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि, केजरीवाल ने इस्तीफा सुप्रीम कोर्ट के दबाव में देने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने जो शर्त लगाई है, उसने केजरीवाल के हाथ पांव सारे बांध दिए गए हैं।

# देश में जल्द शुरू हो सकती है जनगणना, केंद्र सरकार ने दिए संकेत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में जनगणना जल्द शुरू हो सकती है। केंद्र सरकार ने रविवार को इसके संकेत दे दिए हैं। हालांकि, अब तक तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। कहा जा रहा है कि सरकार जातिगत वाले कॉल पर भी विचार कर सकती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार इस कार्यकाल में एक देश एक चुनाव भी लागू कर सकती है।

पीटीआई भाषा के मुताबिक, सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम' शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है।

इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन



कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा। दशकीय जनगणना में जाति संबंधी कॉलम शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, इस पर निर्णय होना अभी बाकी है।

राजनीतिक दल जाति जनगणना कराने की पुरजोर तरीके से मांग कर रहे हैं। नए आंकड़े नहीं होने के कारण सरकारी एजेंसियां अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बना रही हैं और सब्सिडी आवंटित कर रही हैं।

जनगणना के तहत घरों को सूचीबद्ध करने का चरण और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अपडेट करने का काम 1 अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक पूरे देश में किया जाना था, लेकिन कोविड-19 के कारण इसे टाल दिया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि पूरी जनगणना और एनपीआर प्रक्रिया पर सरकार के 12,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की संभावना है। यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसके जरिए नागरिकों को स्वयं गणना करने का अवसर मिलेगा।

## मॉडल को धमकी और बिना जांच गिरफ्तारी, तीन आईपीएस अधिकारियों पर गिरी गाज, सस्पेंड किए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में मुंबई के एक एक्टर और मॉडल को परेशान करने और बिना पर्याप्त जांच के गिरफ्तार करने के मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों पर गाज गिरी है। आंध्र सरकार ने रविवार को अलग-अलग आदेश जारी कर तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया, जिनमें डीजी रैंक के भी एक अधिकारी शामिल हैं। भारतीय पुलिस सेवा के इन अधिकारियों पर मुंबई की अभिनेत्री को डराने-धमकाने का भी आरोप है। एक सरकारी आदेश के मुताबिक, पूर्व खुफिया प्रमुख पी. सीताराम अंजनेयुलु (महानिदेशक रैंक), विजयवाड़ा के पूर्व पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा (महानिरीक्षक रैंक) और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (विजयवाड़ा) विशाल गुन्नी (पुलिस अधीक्षक रैंक) को अभिनेत्री के कथित उत्पीड़न में उनकी भूमिका का खुलासा होने के बाद निलंबित कर दिया गया।

अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि पिछली सरकार के दौरान पुलिस अधिकारियों ने उन्हें धमकी दी थी कि अगर उन्होंने मुंबई में निगम के एक शीर्ष अधिकारी के खिलाफ दर्ज मामला वापस नहीं लिया तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अभिनेत्री को इस वर्ष की शुरुआत में पिछली वाईएसआर कांग्रेस सरकार के दौरान पार्टी के एक नेता को उस शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper




**मनु भाकर ने नीरज चोपड़ा के लिए किया पोस्ट**

# आशा करती हूं आपको और कामयाबी मिले...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रसेल्स में हुए डायमंड लीग के फाइनल में भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे थे। वह एक सेंटीमीटर से चैंपियन बनने से चूक गए थे। इसके बाद नीरज ने एक पोस्ट के जरिये बताया था कि उनके हाथ में फ्रैक्चर था और इसके बावजूद वह खेलने उतरे और दूसरे स्थान पर रहे।

इस पोस्ट में नीरज ने यह भी बताया था कि उनका यह सीजन खत्म हुआ और अब अगले सीजन में वह मजबूती के साथ वापसी करेंगे। इस पोस्ट पर फैंस की कई प्रतिक्रियाएं आईं और सबने नीरज के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की। अब इस पोस्ट पर पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वालीं शूटर मनु भाकर की प्रतिक्रिया भी आई है। उन्होंने नीरज के ट्वीट को रीशेयर करते हुए उसके कैप्शन में कुछ ऐसा लिखा, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है।

मनु ने नीरज को बधाई दी और चोटों से जल्द उबरने की भी कामना की। उन्होंने एक्स पर नीरज की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 2024 में शानदार सीजन के लिए नीरज को बधाई। आने वाले वर्षों में आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अधिक सफलता की कामना करती हूं। दरअसल, मनु का नाम कुछ समय पहले पेरिस ओलंपिक रजत पदक और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा से जोड़ा जा रहा था। हालांकि, उनके परिवार से इसका खंडन आ चुका है। मनु एक शो के दौरान नीरज को लेकर सवाल पूछे जाने पर नाराज हो गई थीं और इवेंट छोड़कर चली गई थीं।

अपने पोस्ट में नीरज ने लिखा था-जैसे-जैसे 2024 का सीजन समाप्त हो रहा है, मैं उन सब चीजों को याद कर रहा हूं जो मैंने साल भर में सीखा है जिसमें सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ है। सोमवार को अभ्यास के दौरान मुझे चोट लग गई और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। यह एक और दर्दनाक चुनौती थी। यह साल की आखिरी प्रतियोगिता थी और मैं ट्रैक पर अपना सीजन समाप्त करना चाहता था। जबकि मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सीजन था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा।

मैं अब पूरी तरह से फिट होकर वापसी के लिए और खेलने के लिए प्रतिबद्ध हूं। नीरज ने फैंस के लिए लिखा, मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

**संक्षिप्त समाचार**

## मुझे शुरुआत में इससे जूझना पड़ा, शेन वॉर्न से तुलना पर बोले लियोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन ने अपने करियर के दौरान लगातार दिग्गज गेंदबाज शेन वॉर्न से तुलना किए जाने के तथ्य को स्वीकार कर लिया है। 36 वर्षीय लियोन जो कभी तुलना के कारण दबाव महसूस करते थे, अब इससे शांत हो गए हैं।



129 टेस्ट मैचों और 530 विकेटों के अनुभवी लियोन ने खुलासा किया कि वॉर्न के लंबे कद के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित करना मुश्किल हो गया था। सर्वकालिक महान लेग स्पिनर का 2022 में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया, ने 708 टेस्ट विकेटों के विशाल स्कोर के साथ 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हालांकि 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले लियोन को अपने करियर की शुरुआत में वॉर्न की जगह लेने का भारी दबाव महसूस हुआ।

लियोन ने कहा, शायद मुझे शुरुआत में इससे जूझना पड़ा क्योंकि आप हर मैच में अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मीडिया और ऑस्ट्रेलियाई जनता पूछ रही थी, अगला स्पिनर कौन है? हमें एक स्पिनर की जरूरत है जो शेन वॉर्न ने आखिरी दिन जो किया, वह कर सके। और मैं अपने प्रथम श्रेणी करियर में 10 मैच खेल चुका हूं। मैं कभी भी वह नहीं कर पाऊंगा जो वॉर्न ने किया। वॉर्न एक पीढ़ी में एक बार ही आते हैं, मेरी राय में वे खेल खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ी हैं। लियोन ने आगे कहा, मैं अभी भी शेन वॉर्न की छाया महसूस करता हूं और मैंने 129 टेस्ट मैच खेले हैं और 530 विकेट लिए हैं। बात यह है कि मैं इससे खुश हूं और अब मैं इससे सहज हूं। हममें से बहुतों ने शेन वॉर्न की छाया का दबाव महसूस किया... और शायद मुझे यह समझने में पांच, छह, सात साल लग गए कि दबाव एक विशेषाधिकार है। स्पिनर ने कहा, अगर आप पर दबाव है, तो आप ठीक हैं, इसका आनंद लें। लियोन भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में एक्शन में होंगे, जो 22 नवंबर से पर्थ में खेली जाएगी।

## वाइट-बॉल क्रिकेट खेलने पर विचार कर रहा हूं: जेम्स एंडरसन

**लंदन, एजेंसी।** जेम्स एंडरसन ने 10 से 12 जुलाई 2024 को करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेला। उन्होंने कुल 4 विकेट लिए। उनके नाम 704 टेस्ट विकेट हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अमेरिका की मेजर प्रीमियर लीग-2024 में खेल सकते हैं। एंडरसन के वापसी के बयान के बाद अमेरिकी लीग की एक फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ जोड़ने में रुचि रखती है। इतना ही नहीं, फ्रेंचाइजी उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही है और जानना चाहती है कि वे मेजर प्रीमियर लीग खेलना चाहते हैं या नहीं।



**42 साल के इस तेज गेंदबाज ने पिछले हफ्ते कहा था**

टेस्ट में इंग्लैंड के टॉप विकेट टेकर एंडरसन ने 4 महीने पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में संन्यास ले लिया था। उनके नाम 704 टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन इंग्लैंड के बॉलिंग मेंटर बन गए हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि वे अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाजी मेंटर बने रहेंगे।

# सुनील गावस्कर ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर टीम इंडिया को चेताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर चेताया है। 19 सितंबर से शुरू हो रही बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दलीप ट्रॉफी के आयोजन को सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट बोर्डका स्मार्ट मूव बताया है। अगले साढ़े 4 महीने में भारतीय टीम 10 टेस्ट खेलेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर गावस्कर ने कहा है कि भारत को कम से कम 5 मैच जीतने होंगे और यह आसान नहीं होगा।

सुनील गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा है कि भारतीय टीम गेंदबाजों को दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए था, क्योंकि सेकंड स्ट्रिंग गेंदबाजों के खिलाफ यह पता लगाना काफी मुश्किल है कि कौन कितना अच्छा बल्लेबाज है? चयनकर्ताओं को यह पता नहीं चलेगा कि कौन कितना बेहतर बल्लेबाज है। ध्यान रहे कि दलीप ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा नहीं खेले। सिराज और जडेजा को बाद में टीम से रिलीज किया गया। वहीं अश्विन और बुमराह को चुना नहीं गया था। मोहम्मद शमी चोटिल चल रहे हैं।

### दलीप ट्रॉफी का आयोजन बेहतरीन कदम

सुनील गावस्कर ने लिखा, बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से ठीक पहले दलीप ट्रॉफी का आयोजन बीसीसीआई द्वारा उठाया गया सबसे बढ़िया कदम है। बेहतरीन



खिलाड़ियों के लिए भी इंटरनेशनल कंपटीशन में बगैर तैयारी के जाना कभी भी आसान नहीं होता, फिर चाहे विरोधी टीम कैसी भी हो। पाकिस्तान में खेले गए दोनों टेस्ट मैचों में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश की टीम ने दिखा दिया है कि वे क्या कर सकते हैं। कुछ साल पहले भी जब भारत ने बांग्लादेश का दौरा किया था, तो बांग्लादेशियों ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी।

### बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते

सुनील गावस्कर ने लिखा, अब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद वे भारत से भी भिड़ने के लिए तैयार हैं।

उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं और कुछ नए होनहार खिलाड़ी हैं, जो अब विरोधी टीम से पहले जैसा खौफ नहीं खाते,जैसा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शुरुआती दौर में दिखता था। अब उनके खिलाफ खेलने वाली हर टीम जानती है कि वे चीजों के हल्के में नहीं ले सकतीं , नहीं तो पाकिस्तान जैसी हालत हो सकती है। यह निश्चित रूप से एक ऐसी सीरीज होगी जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

### 10 में से 5 टेस्ट जीतना जरूरी

सुनील गावस्कर ने कहा, भारत को अगले साढ़े चार महीनों में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं और उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए कम से कम पांच मैच जीतने होंगे। इनमें से कोई भी टेस्ट आसान नहीं होगा और इसलिए हमें रोमांचक क्रिकेट देखने को मिल सकता है। दलीप ट्रॉफी एक ऐसा टूर्नामेंट था, जो चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों के बारे में बहुत सारी जानकारी देता था और खिलाड़ियों को भी पता था कि अगर वे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो भारत के लिए चुने जाने की उनकी संभावना बढ़ जाएगी।

### जोनल टीमों के बीच मैच भी बहुत कठिन होते थे

सुनील गावस्कर ने कहा, उन दिनों, भारतीय क्रिकेट जोन पर आधारित था और इसलिए पांच टीमें जोनल टीमें थीं और प्रत्येक जोन में अलग-अलग राज्य टीमों के बीच स्वाभाविक प्रतिद्वंद्विता के साथ, जोनल टीमों के बीच मैच भी बहुत कठिन होते थे और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलते थे। इससे चयनकर्ताओं को प्रतिभा के बारे में अच्छा अंदाजा मिलता था।

अब, रणजी ट्रॉफी में एलीट और प्लेट टीमें शामिल हैं, इसलिए दलीप टीमें जोन में प्रदर्शन के आधार पर नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने टीमें चुनी हैं और उन्हें इंडिया ए, बी, सी, डी नाम दिया है और हर टीम में खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से हैं, किसी खास जोन से नहीं।

### भारतीय टीम के गेंदबाजों के नहीं खेलने से नुकसान

सुनील गावस्कर ने कहा, ÷इस बार भारत के सभी गेंदबाजों को आराम दिए जाने से यह देखना आसान नहीं होगा कि कौन सा बल्लेबाज अच्छा है क्योंकि वे मूल रूप से दूसरे दर्जे के गेंदबाजों के खिलाफ खेले। इसलिए, जबकि मैच आने वाले सीजन के लिए अच्छे होंगे, चयनकर्ताओं को यह पता नहीं चल पाएगा कि बल्लेबाज वास्तव में कैसे है।

## अश्विन ने चुना सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर, रोहित-कोहली को किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर का नाम लेते समय स्टार बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को नजरअंदाज किया और तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को यह सम्मान दिया। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से ही बुमराह गेंद से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।



वह 2023 के वनडे विश्व कप में 20 विकेट लेकर चौथे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और फरवरी 2024 में टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर एक रैंक पर भी पहुंचे। बुमराह ने हाल ही में टी20 विश्व कप 2024 में भारत के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें उन्होंने 4.17 की रिकॉर्ड-तोड़ इकॉनमी रेट के साथ 8 मैचों में 15 विकेट लिए थे। उनके प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया।

अश्विन ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा, हम चेन्नई के लोग गेंदबाजों की बहुत सराहना करते हैं। वह 4-5 दिन पहले एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे।

**इंडियन रेसिंग फेस्टिवल**

## मो. रयान की पहली आईआरएल जीत

**चेन्नई, एजेंसी।** रविवार को मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में हुए इंडियन रेसिंग फेस्टिवल के तीसरे दौर में चेन्नई टर्बो राइडर्स के लिए एक रोमांचक दिन था। मोहम्मद रयान ने पोल से शुरू करके इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) में अपनी पहली जीत दर्ज की। 22 साल के रयान की यह जीत उनके साथी जॉन लैंकेस्टर की शनिवार को रेस-1 में हुई जीत के बाद आई।

2019 के रोटैक्स कार्टिंग चैंपियन रेयान ने अपने घरेलू ट्रैक पर तेज शुरुआत की और लगातार बेहतरीन लैप्स पूरे करके आईआरएल में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिससे उनकी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स में जश्न का माहौल बन गया। जीत के बाद खुश रयान ने कहा, ÷मेरी शुरुआत अच्छी रही और मैंने लगातार फोकस बनाए रखा। मुझे खुशी है कि मेरी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स ने इस वीकेंड दोनों आईआरएल रेस जीती और बड़े पॉइंट्स हासिल किए।÷

फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप में तीन रेसों में तीन अलग-अलग विजेता बने। रुहान अल्वा (श्राची रारह बंगाल टाइगर्स), वीर शेठ (अहमदाबाद एपेक्स रेसर्स) और दक्षिण अफ्रीका के अकील अलीभाई (ब्लैक बर्ड्स हैदराबाद) ने जीत दर्ज की।




दिन की पहली रेस में रुहान अल्वा ने पहले ही लैप में बढ़त बना ली और उन्हें रोकना मुश्किल हो गया। 15 मिनट के बाद सेफ्टी कार आई जिससे रेस धीमी पड़ गई। रेस के फिर से शुरू होने पर, अल्वा ने जीत हासिल की और रेस का सबसे तेज लैप भी उनके नाम रहा।

अगली रेस में जेडन परियत ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी, हालांकि अलीभाई से टक्कर के बाद उनका स्थान खिसक गया। परियत को बाद में ÷टक्कर से बचने में नाकाम रहने÷ के लिए 20 सेकंड की पेनल्टी दी गई, जिससे वह आठवें स्थान पर आ गए। इसके बाद वीर शेठ, रुहान अल्वा और अभय मोहन (बेंगलुरु स्पीडस्टर्स) ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# विनेश फोगाट के बाद साक्षी मलिक ने भी शुरू की नई पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद राजनीतिक पारी की शुरुआत कर चुकी हैं। जंतर-मंतर पर धरने पर उनके साथ बैठने वाली ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने भी अब नई पारी शुरू कर दी है। हालांकि वह राजनीति में नहीं बल्कि खेल की दुनिया में ही काम करने वाली हैं।

साक्षी मलिक ने कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट गीता फोगाट और ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अमन सेहरावत के साथ मिलकर रेसलिंग लीग का ऐलान किया है। साक्षी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस लीग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'प्रिय देशवासियों, हमारे गांव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं।

हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं।'



साक्षी ने बताया कि यह एक विश्व स्तर की लीग होगी। साक्षी ने लिखा, 'आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग का गठन किया है। एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा। हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं।'

साक्षी ने पोस्ट में अमन सेहरावत का बयान भी शामिल किया। साक्षी ने अमन के हवाले से लिखा, 'यह लीग एक बहुत प्रशंसनीय पहल है जो भारतीय कुश्ती के लिए बहुत फायदेमंद होगी, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूं और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ।' हम भारतीय कुश्ती के इस चमकते सितारे के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।'

# हैरी ब्रुक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में होंगे इंग्लैंड के कप्तान, लिविंगस्टोन की वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रुक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान जोस बटलर अपने दाहिने पैर की पिंडली की चोट से उबर नहीं पाए हैं। जोस बटलर को यह चोट द हंड्रेड टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान लगी थी, जिससे वह न केवल इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए, बल्कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाए। उनकी जगह फिल साल्ट ने बतौर विकेटकीपर और कप्तान टीम की कमान संभाली है। पहले बटलर को इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनकी रिकवरी उम्मीद से धीमी रही, जिसके कारण अब उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

बटलर ने आखिरी बार इंग्लैंड के लिए टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था, जिसे इंग्लैंड 27 जून को गुयाना में हार गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज हैरी ब्रुक के लिए इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी करने का पहला मौका होगा। 25 वर्षीय ब्रुक ने अब तक 15 वनडे खेले हैं और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह उपकप्तान रह चुके हैं। तब ओली पोप ने चोटिल बेन स्टोक्स की जगह कप्तानी की थी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह भी बताया कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल भी पिंडली की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।

उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू किया था। हल को अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है।

## फॉर्मूला-2 रेस में भारत के रेसर कुश मैनी हुए दुर्घटना का शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसर कुश मैनी की कार रविवार को फॉर्मूला-2 रेस के दौरान बड़ी दुर्घटना से बच गए। 23 साल के खिलाड़ी की कार का इंजन अचानक बंद हो गया था।



ऐसे में साथी रेसर जोसफ मारिया मारती और ओलिवर गोएथे के साथ भिड़ंत की आशंका पैदा हो गई। मैनी का कार का पिछला हिस्सा इस टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि वह कार से सुरक्षित निकल आए।

मैनी के पिता ने बताया कि उनका बेटा ठीक है और उन्हें चोट नहीं आई। प्रोटोकॉल के तहत उनके चिकित्सकीय परीक्षण कराए गए हैं और उनकी सभी रिपोर्ट सामान्य आई हैं।

इनविक्टा रेसिंग की ओर से फॉर्मूला-2 रेस में अपने दूसरे सीजन में भाग ले रहे मैनी 11वें स्थान पर रहे। रेस ट्राइडेंट के रिचर्ड वरशूर ने जीती।

## न्यूज बाइट्स

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, बाईक जब्त

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का.सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना की पुलिस ने कासमा-आमस पथ पर ढोलीखाप गांव के पास 16 लीटर देशी महुआ शराब के साथ कोंच थाना क्षेत्र के सुरेश यादव के पुत्र विकास कुमार को पकड़ा है। साथ ही उसकी बाइक भी जब्त का है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गश्ती के दौरान उक्त युवक आमस तरफ से कासमा की तरफ आ रहा था लेकिन पुलिस की गाड़ी देखते ही बाइक घुमाकर भागने लगा। शक होने पर पीछा कर पकड़ा गया। सर्च करने पर साथ लिए बैग से 6 पॉलीथिन में कुल16 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में बाईक जब्त कर थाना लाया गया। कागजी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में औरंगाबाद भेजा गया है।

### शांतिपूर्ण तरीके से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का.सं.)।** शहर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। पैग़म्बरे ईस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तुफा के पैदाइश के मुबारक मौके पर निकले जुलूस में शहर के रजा नगर, अहमदपुर, राजा बागीचा, इमादपुर, महराजगंज, हाजीपुर गोला, महावीरगंज, बाबूगंज सहित विभिन्न मोहल्लों से हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस इमादपुर मोहल्ला से मुरली चौक, नसरू मियां मोड़, ब्लॉक रोड होते हुए राजा बागीचा पहुंची। वहां से कलाली मोड़, बस स्टैंड, मेन बाजार होकर पुनः मोहल्ला इमादपुर में सभा में बदल गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहल्लो में आकर्षक सजावट किया था। लोगों ने घरों व मस्जिदों को रोशनी से सजाया। जगह-जगह झंडे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम ने देश दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा मिलती है। जुलूस में शामिल सभी लोग मुख्तार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, के नारे बुलंद कर रहे थे। जुलूस में एकता की मिसाल पेश करते हुए सामाजिक सद्भावना के नारे लगाए गए।

# डीएम ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण अस्पताल में कार्यों की देरी पर जताई नाराजगी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।



जिलाधिकारी (डीएम) श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार की दोपहर अचानक सदर अस्पताल का दौरा किया, जिससे स्वास्थ्यकर्मी और निर्माणाधीन भवन कार्य में लगे कर्मचारी सतर्क हो गए। इस औचक निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल की स्थिति और निर्माण कार्य का गहन निरीक्षण किया। डीएम सबसे पहले सदर अस्पताल में निर्माणाधीन नए भवन का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में देरी और लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। निर्माण एजेंसी के प्रबंधक और अभियंता को इस देरी के लिए फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द काम को पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि नए भवन के निर्माण में देरी से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है। निरीक्षण के बाद डीएम ने बताया कि अस्पताल के पुराने भवन की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण कई वार्डों में बारिश का पानी घुसने और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने भवन के कारण मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और नए भवन के पूरा न होने से स्थिति और भी खराब हो रही है।

डीएम ने डेंगू वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, और अन्य महत्वपूर्ण विभागों का भी निरीक्षण किया। इन वार्डों में मरीजों के इलाज की व्यवस्था को देखा और अधिकारियों से रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच इलाज की व्यवस्था को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि किसी भी स्थिति में मरीजों को बेहतर इलाज में कोई कमी न हो।

अस्पताल के मुख्य पथ पर जलजमाव की समस्या डीएम के ध्यान में आई। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत इसका समाधान निकालने का निर्देश दिया ताकि मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। डीएम ने कहा कि बारिश के मौसम में जलजमाव से अस्पताल में आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है।

अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान डीएम ने अन्य कई निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए और मरीजों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके अलावा, अस्पताल में मौजूद चिकित्सा उपकरणों की भी स्थिति की समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी उपकरण कार्यशील रहें। अंत में डीएम ने निर्माण एजेंसी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि काम में और देरी हुई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नए भवन के निर्माण के लिए समयसीमा तय करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया, ताकि औरंगाबाद के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जल्द मिल सकें। इस निरीक्षण के बाद स्वास्थ्यकर्मियों और अधिकारियों में तेजी से काम करने का संदेश गया है, और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही अस्पताल में सुधार देखने को मिलेगा।

# जिला पदाधिकारी ने बाढ़ क्षेत्रों का किया निरीक्षण, समय से पहले तैयारी के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए जिले के कुटुंबा और नवीनगर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों प्रखंडों के विभिन्न जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया और वहां के स्थानीय निवासियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय से पहले सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से इन इलाकों का निरीक्षण करते रहें ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत और बचाव कार्य किया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों को लेकर समय से पहले पूरी तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों की स्थापना, सुरक्षित स्थानों पर लोगों को शिफ्ट करने और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जरूरी इंतजाम किए जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बाढ़ की स्थिति में पीड़ितों को खाद्यान्न, पेयजल और दवाइयों की कमी न हो।

इस मौके पर आपदा प्रबंधन की प्रभारी अधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, आरडब्ल्यूडी (ग्रामीण कार्य विभाग) के कार्यपालक अभियंता और लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान, जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। कई ग्रामीणों ने जलभराव और बाढ़ के कारण होने वाली दिक्कतों को सामने रखा, जिसमें फसल नुकसान, पेयजल की समस्या और आवागमन की कठिनाइयों का उल्लेख किया गया। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार है और आवश्यक राहत सामग्री तथा सेवाएं जल्द से जल्द पहुंचाई जाएंगी।

# आरजेडी नेत्री कमला सिंह ने ग्रहण की बीजेपी की सदस्यता, पूर्व सांसद ने कराया पार्टी में शामिल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के दानी बिगहा स्थित सर्किट हाउस में रविवार की रात भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और सूबे के पूर्व सहकारिता मंत्री रामाधार सिंह की पुत्री कमला सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता दिलाते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि कमला पहले राष्ट्रीय जनता दल की सक्रिय नेत्री थी। आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रही हैं।

सदस्यता ग्रहण के दौरान पूर्व सांसद ने बताया कि ये बीजेपी की विचारधारा और प्रधानमंत्री के करिश्माई नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रही हैं। इनके आने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। ये पार्टी की नीति और सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाएगी। कमला ने कहा कि मेरी कार्यशैली अलग थी। जातिवाद में विश्वास नहीं करती हूं। आज मेरी भाजपा में वापसी हुई है। पिता के विरोध पर उन्होंने कहा कि उनका आशीर्वाद उनके साथ है और उनकी तबीयत खराब रहने की वजह से पिता तुल्य चाचा पूर्व सांसद से सदस्यता ग्रहण कर रही हूं। बता दें कि कमला सिंह का बिहार सरकार के पर्व सहकारिता मंत्री और पिता रामाधार सिंह के साथ कुछ कारणों से बेहतर संबंध नहीं होने के कारण कमला ने राजद का दामन थाम लिया था। जिसकी चर्चा पूरे सूबे में हुई थी।

# अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

जम्होर के नागरिकों ने अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की है। जम्होर विकास मंच के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह, संयोजक सुरेश विद्यार्थी, अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह पीकू, सचिव राणा सुनील सिंह, सदस्य पवन कुमार सिंह, राहुल कुमार, राम पुकार ओझा एवं गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन ए ग्रेड का स्टेशन है। इस स्टेशन पर देश के विभिन्न हिस्सों के लिए लगभग दो दर्जन से अधिक गाड़ियों का ठहराव है।यह सर्वाधिक राजस्व देने वाला औरंगाबाद जिले का महत्वपूर्ण स्टेशन है।विभिन्न पर्यटक स्थलों के सर्किट से भी जुड़ा हुआ है। इस स्टेशन से 2 किलोमीटर की दूरी पर मगध के चार धामों में से एक विष्णु धाम, 30 किलोमीटर की दूरी पर विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर, 50 किलोमीटर की दूरी पर महान तीर्थ देवकुंड धाम, 55 किलोमीटर की दूरी पर गजना धाम, 35 किलोमीटर की दूरी पर ऊमंगेश्वरी धाम,30 किलोमीटर की दूरी पर सतबहिनी माता का मंदिर, 15 किलोमीटर की दूरी पर सत्यचंडी धाम,40 किलोमीटर की दूरी पर कल्पवृक्ष धाम परता, 25 किलोमीटर दूरी पर दाउदनगर का दाऊद खां का किला सहित अन्य पर्यटन स्थल अवस्थित है। एनटीपीसी बिजली घर की दूरी 35 किलोमीटर है।इतना सब होने के बावजूद इस स्टेशन पर इस ट्रेन के नहीं रुकने पर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया। कहा कि इस स्टेशन पर यथाशीघ्र वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए।

# अलग-अलग दो सड़क हादसों में एक की हालत गंभीर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार की दोपहर अलग-अलग 2 सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोर समेत 3 लोग घायल हो गए। पहली घटना औरंगाबाद शहर के रमेश चौक के पास की है। जहां एक बाइक सवार को ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे पिता-बेटे दोनों घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों द्वारा औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनकी प्राथमिकी इलाज की जा रही है। घायल की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के जमुनी गांव निवासी गुड्डू पासवान(40) और भारती के बेटे अविनाश कुमार(13) के रूप में की गई है। घायल गुड्डु पासवान ने बताया कि अपने बेटे अविनाश कुमार का 20 दिन पहले स्कूल से लौटने के क्रम में गिर जाने से हाथ फैक्चर हो गया था। इसका इलाज शहर के रमेश चौक स्थित एक निजी क्लिनिक में करवा रहे थे। आज उसका ड्रेसिंग करवाना था। इसी बीच पीछे से ऑटो ने टक्कर मार दी।

इससे हम दोनों गिरकर घायल हो गए। प्राथमिक इलाज कर रहे डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि घायल गुड्डू पासवान की पैर फ्रैक्चर हो गया है। अंदरूनी चोटे आई है। इसका इलाज डॉक्टर की देख रेख में फिलहाल किया जा रहा है।

# वकली ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- **प्रशांत की आत्महत्या से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी मौत के बाद परिवारवालों ने पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस को शव नहीं सौंपा और बिना पोस्टमॉर्टम के ही घर ले गए।**

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के योद्धा नगर मोहल्ले में एक वकील ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के साहेब बिगहा गांव निवासी प्रशांत पांडेय(30) के रूप में हुई है। हालांकि, घटना के पीछे कारण क्या है? इसकी जानकारी देने से परिजन बचते हुए निकले।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रशांत राजस्थान के जयपुर उच्च न्यायालय में वकालत करता था। उसका पूरा परिवार योद्धा नगर में किराए पर रूम लेकर रहता था। पता चला कि 2 दिन पहले ही प्रशांत जयपुर से घर आया था। जानकारी के अनुसार घर में किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ, तो गुस्से में वकील ने अपने घर में फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। जब घर के परिजनों ने देखा तो आनन-फानन में फंदे से नीचे उतारा और जिंदा समझकर सदर अस्पताल पहुंचाया।

हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही वकील की मौत हो गई थी। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन चीत्कार उठे। अस्पताल कर्मियों द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम के लिए नगर थाना भिजवाया गया। लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही परिजन शव लेकर घर चले गए। वैसे घटना के पीछे का कारण जो भी हो पूरी तरह संदेह के घेरे में है।

नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फांसी लगाकर एक वकील द्वारा आत्महत्या किया गया है। परिजनों में शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया है। मामले में आवेदन भी प्राप्त हुआ है। जिसमें मृतक का किसी लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग का मामला बताया गया है। फिलहाल आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।







बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

संदेश

विश्वकर्मा पूजा के इस पावन अवसर पर राज्य के सभी श्रमिक भाई–बहनों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई। भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें सृष्टि के महान शिल्पकार और निर्माण के देवता के रूप में जाना जाता है, उनकी पूजा हमारे समाज में विकास, नवाचार और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व हमें कड़ी मेहनत, सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता का संदेश देता है।

हमारे श्रमिक सृजनकर्त्ता, निर्माता एवं विश्वकर्मा की संतान हैं। इनका उत्थान राष्ट्र का उत्थान है। श्रमिक भाई–बहनों की सहायता से हमारा राज्य एवं हमारा देश दिन–प्रतिदिन विकास के नये आयामों को छू रहा है। विकसित राज्य के निर्माण में श्रमिक भाई–बंधुओं की सहभागिता अतुलनीय है तथा इनके कठिन परिश्रम एवं अथक प्रयास का सार्थक परिणाम बिहार राज्य के कृषि एवं उद्योग व्यवसाय में प्रतिबिंबित हो रहा है। विश्वकर्मा पूजा का अवसर, सभी श्रमिकों की भूमिका की सराहना करने एवं उनके प्रति आभार प्रकट करने का है।

आज हम जिस बिहार को एक विकसित, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य बनाने का सपना देख रहे है, उसमें हमारे सभी कामगार, कारीगर, श्रमिक और युवा एक मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे हैं। राज्य में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन के साथ–साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। हमें विश्वास है कि सभी श्रमिक भाई–बहन उद्योग, कृषि, निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में अपने कठिन परिश्रम एवं गुणात्मक प्रयास से राज्य के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याणार्थ कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा राज्य के विकास में श्रमिकों के सहयोग को अद्वितीय मानती है।

राज्य सरकार द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुदान की राशि को बढ़ाये जाने का कार्य किया गया है, जो प्रवासी श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। यह अवसर हमें यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपने राज्य के हर कारीगर, श्रमिक और उद्यमी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, ताकि बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके। भगवान विश्वकर्मा की कृपा से हम सभी को शक्ति मिले कि हम एक नए बिहार का निर्माण कर सकें, जहां हर व्यक्ति के पास रोजगार, शिक्षा और सम्मान हो।

श्रमिक भाई–बहनों एवं उनके समस्त परिवार की सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना के साथ सभी को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No - 008298 ( LRD) D. 2024-25



बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राज्य के सभी श्रमिक बंधुओं का हार्दिक अभिनन्दन। यह भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिन है। बिहार आज तरक्की की नित–नयी गाथा लिख रहा है। इसमें हमारे श्रमिक बंधुओं का योगदान अतुलनीय है। हमारे श्रमिक भाई–बहन भगवान विश्वकर्मा के प्रतिरूप के रूप में हमारे बीच उपस्थित हैं।

श्रमिक किसी भी राष्ट्र, राज्य एवं समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। श्रमिकों द्वारा किये जा रहे श्रम के बल पर ही देश और राज्य सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफलता पाने में सफल हो रहा है तथा देश की सफलता में इनका योगदान अनमोल है।

संगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों के लिए बने कानूनों का दृढ़तापूर्वक कार्यान्वयन करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्रमिकों को उनके अधिकार मिलें तथा वे खुशहाल हों, राज्य सरकार इस दिशा में सतत् प्रयत्नशील है। राज्य सरकार द्वारा बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत अनुदान राशि को दुर्घटना मृत्यु में 1 लाख रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रूपये, सामान्य मृत्यु में 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार, पूर्ण स्थायी अपंगता में 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रूपये तथा आंशिक अपंगता में 37,500 से बढ़ाकर 50 हजार रूपये किया गया है जो श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत् श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने हेतु राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है।

राज्य सरकार राज्य में ही श्रमिकों को राजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। राज्य सरकार के इस प्रयास को हमारे श्रमिक भाई–बहनों के सहयोग की आवश्यकता है।

मैं आशा करता हूँ कि सभी श्रमिक बंधु एवं श्रम संगठन राज्य के औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी श्रमिक भाई–बहनों के सहयोग से राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

पुनः सभी श्रमिक भाई–बंधुओं को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 008296 (LRD) D. 2024-25